रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 8 फरवरी 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 167 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही स्थगित

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर मंगलवार को चर्चा की शुरुआत करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चंद्र प्रकाश जोशी के सतीत्व की रक्षा के लिए स्व बलिदान की परंपरा का जिक्र करने से उत्तेजित विपक्ष के हंगामा करने पर सदन की कार्यवाही अपराह्न डेढ़ बजे तक स्थगित कर दी गयी। जोशी धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सती प्रथा का जब जिक्र किया तो द्रमुक की कनिमोझी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की सुप्रिया सुले और विपक्ष के अन्य सदस्यों ने इसे सती प्रथा का समर्थन बताते हुए हंगामा शुरू कर दिया। वे 'सती प्रथा' से संबंधित वाक्यों को सदन की कार्यवाही से हटाने की मांग करते हुए सदन के बीचोबीच आ गये।

### सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट जारी

**मुंबई।** वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर धातु, यूटिलिटीज, दूरसंचार और एफएमसीजी समेत चौदह समूहों में हुई बिकवाली से दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट का सिलसिला आज भी जारी रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 220.86 अंक लुढ़ककर 60286.04 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 43.10 अंक उतरकर 17721.50 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह छोट कंपनियों में गिरावट जबकि मझौली कंपनियों में तेजी दर्ज की गई।

### भारती एयरटेल का मुनाफा 91 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली।** दूरसंचार सेवायें देने वाली प्रमुख कंपनी भारती एयरटेल ने चालू वित्त वर्ष में 31 दिसंबर 2022 को समाप्त तीसरी तिमाही में 1588 करोड़ रुपये का लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 830 करोड़ रुपये की तुलना में 91 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी वित्तीय लेखा जोखा में कहा कि इस तिमाही में उसका राजस्व 35804 करोड़ रुपये रहा है जो दिसंबर 2021 को समाप्त तिमाही के 29867 करोड़ रुपये की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने छत्तीसगढ़ में जल्द बनेगी ग्रामीण उद्योग नीति : मुख्यमंत्री भूपेश

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि गौठानों में बन रहे रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में आय मूलक गतिविधियों का अधिक से अधिक संचालन किया जाएगा। जिससे सभी को रोजगार मिलेगा। इसके लिए राज्य की नई औद्योगिक नीति की तर्ज पर जल्द ही ग्रामीण उद्योग नीति बनाई जाएगी। इससे गांव की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। मुख्यमंत्री रायपुर जिले के आरंग विधानसभा के ग्राम भानसोज में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात के दौरान ग्रामीणों से रू-ब-रू चर्चा करते हुए ऋण माफी, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, गौठानों में संचालित आयमूलक गतिविधियों, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, हाट बाजार क्लीनिक योजना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली की मैदानी स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौठानों में विकसित किए जा रहे रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क में युवाओं को छोटे-छोटे ग्रामोद्योग प्रारंभ करने के लिए जमीन, बिजली, पानी, सड़क जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिससे युवा स्वावलंबन की राह पर आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़िया संस्कृति को आगे बड़ाने और रोजगार के अधिक से अधिक अवसर पैदा करने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है, सभी को रोजगार मिले हमारा यही प्रयास है। सभी जगह किसान बहुत खुश हैं। हम धान से एथेनॉल बनाने की अनुमति मांग रहे हैं, जिसकी अनुमति केंद्र से नहीं मिल रही है। भेंट-मुलाकात में नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया भी उपस्थित थे। भेंट-मुलाकात स्थल पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीपप्रज्वलन कर एवं राज्य गीत 'अरपा पैरी के धार' से भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरूआत कर आमजनों से संवाद शुरू किया। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के बारे में बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 31 मार्च को इस योजना की चौथी किस्त किसानों को मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि 107 लाख मीट्रिक टन धान की रिकार्ड खरीदी की गई है। सभी चीजें सही समय पर उपलब्ध हो गई, बारदाना से लेकर धान का उठाव, टोकन वितरण और किसानों को भुगतान आदि कार्यों का सुचारूपूर्वक संचालन हुआ। भेंट-मुलाकात के दौरान ग्राम संडी निवासी तिलक देवांगन ने मुख्यमंत्री से बात करते हुए बताया कि उनका 3 लाख 50 हजार रुपए का कर्ज माफ हो गया है। बच्चे को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ा रहा हूं।

### कुमारी साहू ने गोबर बेचकर बेटे के लिए खोली किराना दुकान

मुख्यमंत्री बघेल द्वारा पीडीएस के बारे में पूछने पर महिला हितग्राही बिंदु बंजारे ने बताया कि उन्हें राशन दुकान से 35 किलो चावल, शक्क र, नमक मिल रहा है। बिंदु ने कहा कि मिट्टी तेल और सिलेंडर बहुत महंगा है। मुख्यमंत्री से बात करते हुए कुमारी साहू ने बताया की गोधन न्याय योजना में गोबर बेचकर 50 हजार रुपए की आमदनी हुई है। इस पैसे से बेटे के लिए किराना दुकान खोला है, दुकान अच्छी चलती है। कुमारी ने कहा कि गोधन न्याय योजना बहुत अच्छी है। उन्होंने गौठान प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। ग्राम नारा निवासी राजकुमारी साहू ने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना से मिल रहे स्वास्थ्य लाभ की जानकारी दी और कहा कि मैं नियमित रूप से क्लीनिक में जाती हूं, आयरन, कैल्सशियम की गोली भी निःशुल्क मिलती है। डॉक्टर इलाज के पैसे नहीं लेते दवाइयां भी मुफ्त देते हैं। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यमिक स्कूल की कक्षा 11वीं की छात्रा महिमा साहू ने स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं पर बात की और बताया कि इससे पहले जिस स्कूल में जाती थी वहां 25 हजार रुपए लगते थे, अब नहीं लगते। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पूछने पर राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य ने बताया कि प्रदेश में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया था।

# तुर्की भूकंप : मरने वालों की संख्या बढ़कर 3,381 हुई

वार्ता ◀ अंकारा
www.dailypioneer.com



तुर्की में सोमवार को आये विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 3,381 हो गयी है। देश के आपदा एवं आपात प्रबंधन प्राधिकरण (एएफएडी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एएफएडी ने बताया कि विनाशकारी भूकंप के कारण कम से कम 20,426 लोग घायल हो गये और 5,775 इमारतें नष्ट हो गयीं। तुर्की के दक्षिणी प्रांत कहरामनमारस में सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 4:17 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके कुछ मिनट बाद देश के दक्षिणी प्रांत गजियांटेप में 6.4 तीव्रता का भूकंप आया और कहरामनमारस में दोपहर बाद 01:24 बजे 7.6 तीव्रता का भूकंप आया। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने पीड़ितों के लिए सोमवार को सात दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की।

### भारत से एनडीआरएफ के जवान राहत सामग्री के साथ तुर्की पहुंचे



**नयी दिल्ली।** तुर्की और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप से हुए भारी जानमाल के नुकसान के बाद भारत सरकार ने तुर्की की मदद के आगे हाथ बढ़ाए हैं और इसी श्रृंखला में भारत ने स्पेशल विमान सी-17 ग्लोबमास्टर से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के 51 जवान तुर्की पहुंच चुके हैं। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने मंगलवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट किया, भारत का पहला सी-17 विमान एनडीआरएफ के 50 से अधिक जवानों के साथ तुर्की के अडाना एयरपोर्ट पहुंच गया हैं। इस दल में बचावकर्मी, प्रशिक्षित डॉग स्कवॉड, और उनके साथ ड्रिलिंग मशीन, राहत सामग्री, दवाएं और अन्य आवश्यक सुविधाएं हैं। उन्होंने ट्वीट में यह भी लिखा है कि इस चुनौतीपूर्ण वक्त में भारत तुर्की के साथ हैं। तुर्की के लिए भारतीय सेना का 89 सदसीय फ़ील्ड अस्पताल और चिकित्सक दल रवाना हुआ। सेना के इस दल में क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट जिनमें ऑर्थोपैडिक सर्जिकल टीम, जनरल सर्जिकल स्पेशलिस्ट के अलावा अन्य चिकित्सक दल को साथ भेजा गया है। महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरण जिनमें एक्स-रे मशीन, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन जेनेरेशन प्लांट, कार्डियक मॉनिटर और सहित 30 बेड मेडिकल फैसेलिटी तैयार करने की सामग्री शामिल है। डॉ. जयशंकर ने कहा कि वायुसेना का दूसरा विमान राहत सामग्री लेकर रवाना होने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि तुर्की और सीरिया सहित उसके आसपास के देशों में सोमवार सुबह आए विनाशकारी भूकंप में अब तक तीन हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

# कांग्रेस सरकार ने आरक्षण को जानबूझकर लटकाया : अरुण साव

### समाज के हर तबके तक हमारी पहुंच हो- माथुर

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी 7 मोर्चा की संयुक्त प्रदेश कार्यसमिति के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने समस्त मोर्चा कार्यकर्ताओं से जीत के लक्ष्य को प्राप्त करने विजय पथ पर तेज गति से निकल पड़ने का आव्हान किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ की मौजूदा स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि सवा चार साल से छत्तीसगढ़ में हर वर्ग भयभीत है। एक भी वर्ग इस सरकार में सुराक्षित नहीं है। गरीब मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, शोषित है। किसान बेहद परेशान हैं। महिलाओं की अस्मिता खतरे में है। युवा तरुणायी अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। न रोजगार मिल रहा न ही बेरोजगारी भत्ता मिल रहा। निर्धन बुजुर्ग बेसहारा हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस द्वारा की जा रही राजनीति के संदर्भ में कहा कि कांग्रेस सरकार ने आरक्षण को जानबूझ कर लटकाया है। कांग्रेस सरकार ने ऐसे पेंच उलझाए हैं कि आरक्षण व्यवस्था सुनिश्चित न हो, इसमें विलम्ब हो। कांग्रेस ने सभी वर्गों के साथ राजनीतिक छल किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष साव ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि अगर आप मैदान पर आएं तो एक भूपेश तो क्या 10 भूपेश आ जाएं, भाजपा को हरा नहीं सकते। हमारे पास मतदान केंद्र तक कार्यकर्ताओं की मजबूत फौज है। हमारे कार्यकर्ता समर्पित, संघर्षशील और आम जनता से सीधे जुड़े हुए हैं।

### ड्रीम डेकोरेटर के मालिक के फ्लैट में सेंट्रल जीएसटी की दबिश

**रायपुर।** सेंट्रल जीएसटी की टीम ने मंगलवार सुबह डेकोरेटर के निवास में दबिश देकर शादी सीजन में व्यापार जगत हड़कंप मचा दिया है। मामला कर अपवंचन का होना बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक अशोका रत्न बिल्डिंग के (बिल्डिंग-08) फ्लैट नंबर 403 में ड्रीम डेकोरेटर के मालिक रिशु होरा के यहां सुबह 7.00 बजे सेंट्रल जीएसटी की टीम ने दबिश दी है। खबर है कि सेंट्रल GST के 6 से 7 अधिकारी सुबह पहली फुर्सत में आ धमके हैं। फिलहाल जांच पड़ताल जारी है, रेड का खुलासा भी किसी मीडिया घराने में नहीं किया गया है। इसकी जानकारी अशोका रत्न सोसाइटी के जागरूक नागरिकों ने फोन में दी। गौरतलब है कि ड्रीम डेकोरेटर के नाम से संस्था रिशु होरा की है, और माय फेयर लग्जरी होटल में सभी प्रकार के मंडप और डेकोरेशन का काम इसी संस्था के हाथ में है। शहर की सबसे महंगी और बड़ी शादी में डेकोरेशन का काम इसी संस्था द्वारा किया जाता है।






### अभिभाषण के धन्यवाद के प्रस्ताव पर साधा निशाना

# राजनीति-कारोबार के रिश्ते के मामले में मोदी को मिले गोल्ड मेडल : राहुल गांधी

एजेंसी ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर मंगलवार को सीधा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि मोदी सरकार की घरेलू, विदेश एवं सामरिक नीतियां और विकास कार्यक्रम उद्योगपति गौतम अदानी को लाभ पहुंचाने के लिए बनाये जा रहे हैं जिसका वैश्विक शोध होना चाहिए तथा मोदी को राजनीति एवं कारोबार के इस अनोखे रिश्ते के लिए 'गोल्ड मैडेल' दिया जाना चाहिए। गांधी ने लोकसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 31 जनवरी के संसद के संयुक्त सत्र में दिये गये अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए मोदी को सीधे निशाने पर लिया। उन्होंने सवाल किया कि आखिर यह जादू कैसे हुआ कि वर्ष 2014 में सबसे अमीर लोगों की सूची में 609 वें स्थान पर रहने वाले अदाणी 2022 में नंबर दो तक आखिर किस तरीके से पहुंच गये। उनकी वर्ष 2014 में नेटवर्थ आठ अरब डॉलर से बढ़कर 2022 में 140 अरब डॉलर से अधिक कैसे हो गयी। गांधी ने कहा कि उन्होंने बीते चार माह में कन्याकुमारी से कश्मीर तक करीब 3600 किलोमीटर की पैदल यात्रा की। यात्रा में उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला। जनता की आवाज को बहुत गहराई से सुनने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि आजकल राजनीति में पैदल चलने का चलन कम हो गया है। नेता लोग गाड़ियों, हेलीकॉप्टर और हवाई जहाजों से चलने लगे हैं। उन्होंने कहा कि शुरू में यात्रा के दौरान लोग आते थे और अपनी बात कहते थे। बेरोजगारी महंगाई की बात करते थे। करीब 500-600 किलोमीटर बाद जनता की आवाज गहरायी से सुनायी देने लगी और खुद यात्रा भी बात करने लगी। इतने लोगों से बात करके स्वयं मेरी (गांधी की) की आवाज बंद हो गयी। किसान, नौजवान, छात्र, आदिवासी आदि आये। बेरोजगारी की बात की, प्रधानमंत्री बीमा योजना में किश्त भरते हैं लेकिन दावा नहीं मिलता। आदिवासियों की जमीन छीन ली जाती है। उन्हें जो कुछ मिलता था, अब नहीं मिल रहा है। किसानों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य, किसान विधेयक की बात उठायी। अग्निवीर की बात सामने आयी। कांग्रेस नेता ने कहा कि यात्रा के दौरान नौजवानों एवं सेना के पूर्व अधिकारियों ने अग्निवीर के बारे में कहा कि यह योजना सेना की ओर से नहीं आयी है। यह गृह मंत्रालय एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से आयी है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने सेना पर थोपी है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैन्याधिकारियों का कहना है कि इससे देश कमजोर होगा। हम हज़ारों लोगों को हथियारों की ट्रेनिंग दे रहे हैं। कुछ समय बाद ये समाज में लौट जाएंगे। समाज में इतनी बेरोजगारी है। इससे समाज में हिंसा फैलने की आशंका बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में अग्निवीर योजना के बारे में एक वाक्य भर कहा गया है। बेरोज़गारी का एक शब्द भी नहीं है। महंगाई का शब्द ही नहीं है। उन्हें यात्रा के दौरान देशवासियों की तकलीफों के बारे में जो जो सुनने को मिला, वह एक भी बात राष्ट्रपति अभिभाषण में नहीं थी। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान उन्हें केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पंजाब, जम्मू-कश्मीर में एक नाम समान रूप से सुनायी दिया, वह नाम था अदानी। उन्होंने कहा, लोगों ने पूछा कि यह अदानी किसी भी बिजनेस में घुस जाता है ।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं का आम आदमी पार्टी ने किया समर्थन

## आम आदमी पार्टी जिला एमसीबी लिखित में अपना समर्थन पत्र दिया

पायनियर संवाददाता ‹ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



जिला एम. सी. बी. मनेंद्रगढ़ में जिला स्तरीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं का चल रहे अनिश्चित कालीन हड़ताल का आम आदमी पार्टी ने समर्थन पत्र देकर हड़ताल पर बैठे कार्यकर्ताओं,सहायिकाओं का खुलकर समर्थन किया गया। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा ने चल रहे हड़ताली मंच से संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसा कोई सगा नहीं जिसको कांग्रेस की सरकार ने ठगा नहीं। चार वर्ष बीत गया 8 महीने के बाद आम चुनाव होना है सरकार अपने ही द्वारा किए गए घोषणाओं को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है जिसका परिणाम है कि हरेक वर्ग सड़कों पर प्रदर्शन करने पर मजबूर हैं वो चाहे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका हों या शिक्षक हों या संविदा कर्मचारी हों या किसान हों या मजदूर हों या ब्यापारी हों या और अन्य वर्ग सभी के साथ कांग्रेस की सरकार ने धोखा किया है। आम आदमी पार्टी के राजेश मंगतानी ने कहा कि हमारी सरकार छत्तीसगढ़ में बनने पर हमारी सरकार सभी वादों को पूरा करेगी और हम हमारी पार्टी आंगनवाडी कार्यकर्ता/सहायिकाओं के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़ी है और इनके सभी जायज मांगों का पूर्ण समर्थन करती है तथा सभी से आने वाले आम चुनाव में कांग्रेस सरकार को उखाड़कर बाहर फेंकने का आह्वान किया। जिला सचिव विकास पाण्डेय ने कहा कि शायद सरकार को ये नहीं मालूम है कि माताओं बहनों को शक्ति स्वरूपा क्यों कहा गया है और इन सभी माताओं बहनों में क्या ताकत है जो कि सुबह से लेकर शाम तक तमाम कार्यों के साथ हमारे नौनिहालों को एवं हम सभी के घरों की गर्भवती महिलाओं का पूरा ध्यान रखने का कार्य यही आंगनवाड़ी की कार्यकर्त्ता एवं सहायिका ही रखती हैं। किन्तु दुर्भाग्य की बात है कि सरकार के हठधर्मिता के कारण आज हमारी माताएं बहनें सड़क पर बैठने पर मजबूर हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश की सरकार को जल्द से जल्द इनके सभी मांगो को मानकर नारी शक्ति का सम्मान करना चाहिए। इन्हीं माताओं बहनों ने अपने बहुमूल्य वोटों से आपको जीत दिलाकर आप पर विश्वास करते हुए गद्दी सौंपी थी लेकिन अहंकारी सरकार ने विश्वास को तोड़ने का कार्य किया अब आने वाले समय में यही माताएं बहनें आपको गद्दी से उठाकर बाहर फेंकने का कार्य करेंगी। आम आदमी पार्टी जिला एम. सी. बी. लिखित में अपना समर्थन पत्र देकर हड़ताली कार्यकर्त्ता,सहायिकाओं का समर्थन किया। समर्थन पत्र देने के दौरान जिला अध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा, जिला सचिव विकास पाण्डेय के साथ संदीप यादव, अब्दुल खान, वसीम खान, कासिम खान, अकरम, विष्णु आदि उपस्थित रहे।

# दृष्टिहीन छात्र शशि धुर्वे की सपनों को मिली नई उड़ान, कलेक्टर के सहयोग से मिला नया लैपटॉप

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे की संवदेनशीलता से नेत्रहीन छात्र शशि कुमार धुर्वे के जीवन में उजियारा आ गया। कलेक्टर महोबे ने सुदूर वनांचल बोड़ला विकासखंड के ग्राम घोंघा निवासी छात्र शशि कुमार धुर्वे को जनचौपाल में ही लैपटॉप दिया। इससे अब शशि के जीवन में सपनों को नई उड़ान मिली है। लैपटॉप मिल जाने से नेत्रहीन शशि को आगे की पढ़ाई में मदद मिलेगी। साथ ही आसानी से अपनी पढ़ाई पूरा कर पाएगा। कलेक्टर महोबे ने अपने हाथों से शशि को लैपटॉप सौंपते हुए उनके भविष्य की शुभकामना की और अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर एवं जिला कार्यालय के अधिकारियों के सहयोग के लिए शशि के पिता जगदीश, उनकी मां जगबाई ने कलेक्टर महोबे एवं अधिकारियों की संवदेनशीलता और मदद के लिए आभार जताया। कलेक्टर महोबे ने शशि के उज्जवल भविष्य के लिए कामना करते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों के साथ दिल्ली में उच्च शिक्षा की पढ़ाई करना चुनौतीपूर्ण है। इस परिस्थितियों का सामना करते हुए पढ़ाई लगातार जारी है और एक दिन सफ्लता जरूर मिलेगी। यह अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा दायक है। आगे इसी तरह लगन के साथ मेहनत करें। कलेक्टर महोबे ने बताया कि छात्र शशि तीन भाई है और तीनो दृष्टिहीन है। वर्तमान में तीनों भाई दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्यनरत है। उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए लैपटॉप की आवश्यकता थी और इसके लिए जनचौपाल में आवेदन दिया था। जिला कार्यालय के अधिकारियों के सहयोग से आज शशि को लैपटॉप उपलब्ध कराया गया। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगों के लिए अनेक योजनाएं संचालित जा रही है। उन्होंने समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि ऐसे दृष्टिहीन बच्चे जो सुविधाएं चाहते हैं, उन्हें योजना का लाभ दिलाएं।


**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक
AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK
रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**सिक्योरिटाइजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है। ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/ सह–ऋणीयों/ गारण्टर/ बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनो के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तों प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा।जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है। अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें।इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विकय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी भी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे।ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम3(5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चों प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋणी/ सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर का नाम / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060116689242, अनन्त पुरी गोस्वामी (ऋणी), श्रीमती सुनीता गोस्वामी (सहऋणी) | 07-जनवरी-23 ₹ 36,57,821/- छततीस लाख सत्तावन हजार आठ सौ इक्कीस रूपये मात्र 05-जनवरी-23 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 1311/11, ग्राम बमेतरा, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 166.66 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001061124266175, अशोक महतो (ऋणी) | 07-जनवरी-23 ₹ 5,67,876/- पांच लाख सडसठ हजार आठ सौ छिहत्तर रूपये मात्र 05-जनवरी-23 तक | संपत्ति स्थित जिला मुंगेली, छत्तीसगढ 495334, क्षेत्रफल 151.5 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060117497377, उत्तम राज शिक्षण समिति (ऋणी), सौरभ तिवारी (सहऋणी), श्रीमती सुधा तिवारी (सहऋणी), सुरेश चन्द्र तिवारी (सहऋणी) | 07-जनवरी-23 ₹ 16,14,143/- सोलह लाख चौदह हजार एक सौ तेतालीस रूपये मात्र 5-जनवरी-23 तक | संपत्ति स्थित तालुका नगर निगम सीमा में खसरा नं. 143/3 वार्ड नं. 30, मीडियम कोरबा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 290.66 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001061124590712, कल्पेश पटेल (ऋणी), शान्ती लाल पटेल (सहऋणी) | 07-जनवरी-23 ₹ 2,16,562/- दो लाख सोलह हजार पांच सौ बासठ रूपये मात्र 05-जनवरी-23 तक | संपत्ति स्थित गुरूद्वारा, तहसील रोड बरपाली चौक, जांजगीर, चम्पा छत्तीसगढ 495671, क्षेत्रफल 84.6 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001061122060103, कल्पेश पटेल (ऋणी), शान्ती लाल पटेल (सहऋणी) | 07-जनवरी-23 ₹ 2,61,620/- दो लाख इकसठ हजार छः सौ बीस रूपये मात्र 05-जनवरी-23 तक | संपत्ति स्थित तालुका नगर निगम सीमा में अर्द्ध शहरी एवं ग्रामीण, पीएच नं. 02, खसरा नं. 20, 10, वार्ड नं. 20, जिला जांजगीर चम्पा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 84.76 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060718202388, कल्पेश पटेल (ऋणी), शान्ती लाल पटेल (सहऋणी) | 07-जनवरी-23 ₹ 27,73,542/- सत्ताईस लाख तिहत्तर हजार पांच सौ बयालीस रूपये मात्र 05-जनवरी-23 तक | संपत्ति स्थित तालुका नगर निगम सीमा में अर्द्ध शहरी एवं ग्रामीण, पीएच नं. 02, खसरा नं. 20, 10, वार्ड नं. 20, जिला जांजगीर चम्पा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 84.6 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060118987039, गोस्वामी फोटो स्टेट एण्ड टाइपिंग सेन्टर जरिये प्रोपराइटर अनन्तपुरी गोस्वमी, शान्तनु पुरी गोस्वामी (सहऋणी), अनन्त पुरी गोस्वामी (सहऋणी), श्रीमती सुनीता गोस्वामी (सहऋणी) | 07-जनवरी-23 ₹ 21,29,572/- इक्कीस लाख उनतीस हजार पांच सौ बहत्तर रूपये मात्र 05-जनवरी-23 तक | संपत्ति स्थित पीएच नं. 27, खसरा नं. 1311/11 का भाग, ब्लॉक एवं जिला बेमतरा, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 1987 वर्ग फीट |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060714555312, मोहन लाल जिवानी (ऋणी), श्रीमती कविता (सहऋणी), शंकर लाल जिनवानी (सहऋणी) | 12-जनवरी-23 ₹ 40,45,452/- चालीस लाख पैंतालीस हजार चार सौ बावन रूपये मात्र 10-जनवरी-23 तक | संपत्ति स्थित मकान नं. 157, खसरा नं. 757 का भाग, पीएच नं. 161, वार्ड नं. 08, ग्राम नवापारा, तहसील आभानपुर, जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 688 वर्ग फीट |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060717952681, यश पौल्ट्री एण्ड यश चिकन (ऋणी), संतोष यादव (सहऋणी), श्रीमती निर्मला यादव (सहऋणी) | 12-जनवरी-23 ₹ 26,32,196/- छब्बीस लाख बत्तीस हजार एक सौ छियानवे रूपये मात्र 10-जनवरी-23 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम खसरा नं. 434/4 का भाग, पुनः क्रमांकित 434/11, फिंगेश्वर रोड, ग्राम राजिम, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 2152 वर्ग फीट |
| (ऋण खाता संख्या) L9001061121110347, यश पौल्ट्री एण्ड यश चिकन (ऋणी), संतोष यादव (सहऋणी), श्रीमती निर्मला यादव (सहऋणी) | 12-जनवरी-23 ₹ 4,34,017/- चार लाख चौंतीस हजार सत्रह रूपये मात्र 10-जनवरी-23 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम खसरा नं. 434/4 राजिम रायपुर, राजिम, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 244.44 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060119175215, निर्मल कुमार साहू (ऋणी), श्रीमती नन्दिनी बाई (सहऋणी) | 12-जनवरी-23 ₹ 11,85,989/- ग्यारह लाख पिच्यासी हजार नौ सौ नवासी रूपये मात्र 10-जनवरी-23 तक | संपत्ति स्थित पीएच नं. 30, खसरा नं. 632, मिडिल राजनंदनगांव बलोद, तहसील दोदीलोहारा, जिला दुर्ग छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.04 हैक्टेयर |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060119551231, वाली ट्रेडर्स (ऋणी), अजीज हुसैन अजीज (सहऋणी), श्रीमती अनीस फातिमा (सहऋणी) | 12-जनवरी-23 ₹ 23,34,407/- तेइस लाख चौंतीस हजार चार सौ सात रूपये मात्र 10-जनवरी-23 तक | संपत्ति स्थित विकास प्राधिकरण (औद्योगिक) सी 401 जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1060 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001061124515381, वाली ट्रेडर्स (ऋणी), श्रीमती अनीस फातिमा (सहऋणी), अजीज हुसैन अजीज (सहऋणी), | 12-जनवरी-23 ₹ 4,12,231/- चार लाख बारह हजार दो सौ इकत्तीस रूपये मात्र 10-जनवरी-23 तक | संपत्ति स्थित खोजा मस्जिद के सामने सुमीत बाजार के बाजू बैजनाथपाडा, जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1060 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060120309127, एसआरएस एन्टरप्राइजेज जरिये प्रोपराइटर दिव्य प्रकाश पांडे, दिव्य प्रकाश पांडे (सहऋणी), राम समुझ (सहऋणी) | 12-जनवरी-23 ₹ 12,08,866/- बारह लाख आठ हजार आठ सौ छियासठ रूपये मात्र 10-जनवरी-23 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 1951/1, 1956/2, ग्राम सोहागपुर, तहसील सोहागपुर, जिला शाहदुल, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1500 वर्ग फीट |
| (ऋण खाता संख्या) L9001061124691118, एसआरएस एन्टरप्राइजेज जरिये प्रोपराइटर दिव्य प्रकाश पांडे, दिव्य प्रकाश पांडे (सहऋणी), राम समुझ (सहऋणी) | 12-जनवरी-23 ₹ 4,24,203/- चार लाख चौबीस हजार दो सौ तीन रूपये मात्र 10-जनवरी-23 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 1951/1, 1956/2, ग्राम सोहागपुर, तहसील सोहागपुर, जिला शाहदुल, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 166.53 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060122844456, सिंह चैम्बर जरिये प्रोपराइटर लक्ष्य ठाकुर, लक्ष्य ठाकुर (सहऋणी), बलराम सिंह ठाकुर (सहऋणी) | 12-जनवरी-23 ₹ 16,75,171/- सोलह लाख पिचहत्तर हजार एक सौ इकहत्तर रूपये मात्र 10-जनवरी-23 तक | संपत्ति स्थित पीएच नं. 114, वार्ड नं. 46, खसरा नं. 424/3-5-8, जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 534 वर्ग फीट |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060726307402, आर्यन फाइल एण्ड पेपर उद्योग (ऋणी), कुलेश्वरी गिरही (सहऋणी), भूपेन्द्र कुमार धीरही (सहऋणी) | 12-जनवरी-23 ₹ 18,61,280/- अठाह लाख इकसठ हजार दो सौ अस्सी रूपये मात्र 10-जनवरी-23 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम वार्ड नं. 02, दभारा नेशनल स्कूल दभारा के सामने, जांजगीर चम्पा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1650 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060126343939, साहू पोल्ट्री फार्म (ऋणी), श्रीमती गीतांजलि साहू (सहऋणी), सुरेश कुमार साहू (सहऋणी) | 12-जनवरी-23 ₹ 10,42,491/- दस लाख बयालीस हजार चार सौ इक्यानवे रूपये मात्र 10-जनवरी-23 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत ग्राम रसेडा हवा के बगल में अर्जुनी रोड, अकलतारा, जांजगीर चम्पा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1060 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001070127005442, खुशबू कश्यप (मृतक) (ऋणी), छगनलाल कश्यप (सहऋणी), दिलीप कुमार रचधानी (गारंटर) | 12-जनवरी-23 ₹ 25,10,005/- पच्चीस लाख दस हजार पांच रूपये मात्र 10-जनवरी-23 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम ब्लॉक सी, फ्लैट नं. 104, खसरा नं. 191/6 वेक मौजा अमलीदिह, डॉ राजेन्द्र प्रसाद तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 655 वर्ग फीट |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060128195870, चन्द कुमार साहू (ऋणी), राम कुमार साहू (सहऋणी) | 12-जनवरी-23 ₹ 10,50,464/- दस लाख पचास हजार चार सौ चौंसठ रूपये मात्र 10-जनवरी-23 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम गली नं. 03, सुभाष वार्ड बडा बाजार, शिशु मंदिर के पास, मुंगेली, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 657 वर्ग फीट |

दिनांकः 07-02-2023
स्थानः छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
ए.यू.स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड


# भारत माता की सेवा कर लौटे दावेंद्र नायक का हुआ स्वागत



पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ब्लाक पाटन के उपाध्यक्ष सोहन लाल साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि पाटन विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम डिड़गा रानीतराई के दावेन्द्र कुमार नायक के देश सेवा अवधि पूर्ण कर स्वग्राम लौटने पर डिड़गा ग्राम के ग्रामीणों व अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। दावेन्द्र कुमार नायक विगत 19 वर्षो से देश सेवा कर रहे थे। उपाध्यक्ष सोहन लाल साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय सेना के सबसे पुरानी कोर पायनियर में पदस्थ थे, इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों में अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए पूरे जोश व लगन से नायक ने देश सेवा की। अपना कार्यकाल समाप्त कर अपने गांव लौटने पर उनके स्वागत सम्मान के इस अवसर पर भूपेंद्र साहू, दरबारी ठाकुर, ईश्वरी वर्मा, यादवेन्द्र बंछोर, सोहन अशोगा व मातृशक्ति की ओर से गंगोत्री साहू, प्रमिला साहू, संध्या तथा ग्राम के ग्रामीणजन शामिल हुए। इस अवसर पर नायक ने जय जवान जय किसान का उद्घोष करते हुए कहा कि, देश सेवा के पश्चात अब गांव में रहकर अपनी मातृभूमि की सेवा में स्वयं को समर्पित करूंगा।

# युवा प्रगतिशील किसान संघ ने की दो दिवसीय किसान मेला और कृषक संगोष्ठी आयोजित

पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com





प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय विशाल किसान मेला और कृषक संगोष्ठी रविवार को मुख्य प्रायोजक इंडस बेस्ट मेगा फूड के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य ही नहीं अपितु सम्पूर्ण देश से लगभग 120 विभिन्न कृषि उत्पादों, मशीनों, बीजों संबंधी कृषि व्यवसायियों, कंपनियों द्वारा स्टॉल लगाया गया। दो दिवसीय इस आयोजन में लगभग 20,000 किसानों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस संगोष्ठी में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में फसल परिवर्तन कार्यक्रम पर विशेष जोर दिया गया जिसमें छत्तीसगढ़ के जलवायु, मौसम के अनुकूल नारियल की खेती और कटहल की खेती विषय पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। युवा कृषकों की कृषि क्षेत्र से संबंधित चाही गई जानकारी एवं जिज्ञासा का विशेषज्ञों द्वारा सरल सहज ढंग से समाधान किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह लोहान, उपाध्यक्ष दीप चौहान, प्रदेश सचिव भूपेंद्र दुबे, सह सचिव दिलीप राठौर, कोषाध्यक्ष संजय गोहिल एवं हर्षित पडियार के साथ-साथ कार्यकारिणी के सभी सदस्यों और छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले के अध्यक्षों का विशेष योगदान रहा। छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ द्वारा प्रतिवर्ष किये जाने वाले इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य किसानों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने के साथ-साथ किसानों को तकनीकी क्षेत्र में उन्नत बनाना भी है। ग्राम खपरी-कुम्हारी में संघ का स्वयं का भवन है जिसमें समय -समय पर किसानों को प्रशिक्षण दिया जाता है। संघ के प्रदेशसचिव ने बताया कि संघ द्वारा निर्मित भवन वर्तमान में किसानों के प्रशिक्षण के लिए बहुत छोटा है। अतः शासन द्वारा यदि शासकीय भूमि आवंटित की जाती है तो किसानों को सरलता पूर्वक प्रायोगिक रूप में प्रशिक्षित किया जा सकता है इस हेतु संघ द्वारा रामपुर (चोरहा)नाला के पास की भूमि को आवंटित करने की मांग की गई है, इसके साथ ही कुम्हारी नगर में नई सब्जी मंडी निर्माण किये जाने की मांग माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया है। समयाभाव के कारण मुख्यमंत्री का आगमन संघ द्वारा आयोजित मंच के कार्यक्रम में नहीं हो सका। किसान संघ उक्त मांगों को माननीय मुख्यमंत्री तक पहुंचाएगा किसान मेला में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित हुए जिनमें मुख्य रूप से अहिवारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हीरा वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी ओनी महिलांग, मनीष बंजारे, स्वप्निल उपाध्याय, अजय मढ़रिया, वीरेंद्र पटेल। कैलाश नाहटा एवं राजू यादव सहित अन्य वरिष्ठ जन सम्मिलित हुए।

# व्यापारियों की समस्याओं को लेकर चेंबर पदाधिकारी बैंकों के बाद पहुंचे विद्युत विभाग में

पायनियर संवाददाता ‹ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



काफी समय से क्षेत्र के उद्योगपतियों और व्यापारियों को विद्युत विभाग से काफी समस्याएं आ रही थी इसकी शिकायत बार-बार चेंबर पदाधिकारियों को व्यापारियों द्वारा की जा रही थी उसी तारतम्य में चेंबर टीम द्वारा 1 दिन पूर्व सूचना देकर शिकायतों को संकलित किया गया, तत्पश्चात आज विद्युत विभाग के डीई और जेई साहब के साथ लगभग ढाई घंटे की लंबी बैठक कर सभी शिकायतों पर एक-एक करके चर्चा की! चेंबर टीम ने कड़ा रुख अपनाते हुए विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए व्यापारियों की समस्याओं पर भविष्य में विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने पर उग्र कार्रवाई के लिए तैयार रहने की बात की! चेंबर पदाधिकारियों ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को भी फोन पर उक्त खराब कार्य प्रणाली की सूचना दी! सभी शिकायतों पर अति शीघ्र समाधान करने की विभागीय अधिकारियों ने बात की! प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जैन, प्रदेश मंत्री संजीव ताम्रकार,पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश अग्रवाल, डी आर यू सी सी सदस्य मनीष अग्रवाल और वरिष्ठ कौशल अरोड़ा, पवन पोद्दार एवं विनय अग्रवाल, बृजेश अग्रवाल आदि सदस्य शामिल हुए!

# सरकार ने फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं को कोई महत्व नहीं दियाः आप

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच छत्तीसगढ़ के 6 सूत्रीय मांगो को लेकर कर रहे आंदोलन, राजधानी से लेकर छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में फैल गया है। इसी क्रम में कबीरधाम जिले में आंदोलन कर रहे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच को आम आदमी पार्टी जिला कबीरधाम के द्वारा समर्थन दिया गया।आम आदमी पार्टी ने प्रदेश सरकार पर आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। आप का कहना है कि सरकार इन फ्रंटलाइन कर्मचारियों को कोई महत्व नहीं दे रही है, जबकि सच्चाई रही है कि ये आंगनबाड़ी सेविकाएं अपना कर्तव्य निष्ठा से निभा रहे हैं। आम आदमी पार्टी जिला कबीरधाम के कार्यकर्ताओं के द्वारा कर रहे आंदोलन सभा के दौरान नारी शक्ति का सम्मान करते हुए हड़ताली आंगनबाड़ी महिलाओं के मंच पर जाकर खुला समर्थन व्यक्त किया है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता ने बताया है कि वर्ष 2018 के चुनावी जनघोषणा पत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका को नियमितीकरण करने, शासकीय सेवक घोषित कर कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान करने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पदों पर आंगनबाड़ी सहायिका को शतप्रतिशत पदोन्नति देने तथा महिला बाल विकास में रिक्त महिला पर्यवेक्षक के पदों पर शत-प्रतिशत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके अनुभव का लाभ देते हुए पदोन्नति देने का आश्वासन दिया गया था।

## महापौर ढेबर ने प्रेस कांफेंस में भाजपा के दोहरे चरित्र पर उठाया सवाल

# महाशिवरात्रि पर होगा मौली माता मंदिर का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com




तेलीबांधा तालाब के पास दो सौ साल पुराने मौली माता मंदिर का पुनर्निर्माण का भूमिपूजन महाशिवरात्रि के अवसर पर 16 फरवरी को भूमिपूजन होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से इस मंदिर के निर्माण और इसके इतिहास के बारे में बताने पर उन्होंने तुरंत ही मंजूरी दी और कलेक्टर से मंदिर के लिए भूमि के नापजोख के आदेश देकर हजारों भक्तों के आस्था का सम्मान किया जिसके लिए सीएम भूपेश को जनता की ओर से साधुवाद। महापौर ने एजाज डेबर ने कहा कि इस मंदिर को भाजपा शासनकाल में दुर्भावनावश तोड़ा गया था, सड़क चौड़ीकरण के भी कुछ नियम कायदे होते है। यदि मंदिर में सड़क में बाधक बन रही है तो उसे उचित व्यवस्थापन करना था। मंदिर को स्थापित कर उसे तोड़ना था, पुजारी को नोटिस तक नहीं दिया गया न नागरिकों से सुझाव मांगे गए, न ही मंदिर से जुड़े लोगों से कई चर्चा की गई। तानाशाही तरीके से मंदिर को तोड़ दिया गया। पुजारी ने अपने घर में सभी मूर्तियों को स्थापित कर सेवा कर रहा है। मंदिर तोड़ने से पहले पुजारी के बात को अनसुनी कर दी गई। हजारों लोगों की आस्था से जुड़े मौली माता मंदिर के बारे में कहा जाता है कि यह निःसंतान दंपत्ति संतान की कामना से माता टेकने आते थे और मन्नत पूरी होने पर माता का अभिषेक कर धन्यवाद ज्ञापित करते थे। इस मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में महापौर एजाज ढेबर,उत्तर विधायक कुलदीप जुनेजा,जोन अध्यक्ष आकाश तिवारी, ज्ञानेश तिवारी, सुंदर जोगी,अजीत कुकरेजा, समीर अख्तर, श्रीकुमार मेमन, राधेश्याम विभार, जितेंद्र अग्रवाल ने मंदिर पर भाजपा के दोहरे चरित्र पर जनकर निशाना साधा। महापौर ने कहा कि मौली माता पुजारी परिवार से से चर्चा कर लोगों की आस्था और विश्वास की बात रखी गई तो पुजारी मंदिर में माता की मूर्ति की स्थापना के लिए खुशी खुशी राजी हो गए है। विधायक जुनेजा ने कहा कि मंदिर के पुराने स्वरूप के को पुनः स्थापित करने हजारों भक्तों की आस्था को सम्मान देते हुए पूर्व में विराजित सभी देवी-देवताओं की भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। आकाश तिवारी जो नगर निगम के संस्कृति विभाग के अध्यक्ष ने कहा कि राजधानी के सभी 70 वार्डों में नगर निगम पुराने मंदिरों और कुओं का जीर्णोद्धार करने जा रही है। यह इसी प्रयास की सबसे बड़ी उपलब्धि है मौली माता मंदिर का पुनर्निर्माण।

# आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर कापसी में हुआ विशाल कांग्रेस की कार्यकर्ता सम्मेलन

## सैकड़ों की संख्या में एकजुट हुए कांगेसी, आगामी विधानसभा चुनाव का रखा लक्ष्य

पायनियर संवाददाता ॥ पखांजूर
www.dailypioneer.com

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज साहा के अगुवाई में कापसी रेस्ट हाउस में आयोजित हुए विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन में बड़ी संख्याओं में कांग्रेसी बैठक में उपस्थित होकर आगामी विधानसभा चुनाव का बिगुल फूक दिया है।

कापसी वन विभाग के रेस्ट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विशाल बैठक की गई हैं बैठक में जहां पार्टी को मजबूत बनाने के लिए चर्चा की गई वही कार्यकर्ताओं से प्रदेश में आने वाले विधानसभा चुनावों के लिए भी तैयारियों में जुट जाने के लिए कहा गया है साथ ही अंतागढ़ विधानसभा के वर्तमान विधायक अनुप नाग के कार्य से खुश कार्यकर्ताओ ने अनूप नाग को दोबारा बहुमत से विजय दिलवाने का शपथ लिया हैं, दरअसल अंतागढ़



विधायक अनूप नाग जमीनी स्तर से जुड़े हुए है,साथ ही विधायक द्वारा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य पर जोर देकर क्षेत्र में विकास की गंगा बहाया है ,ऐसे में अंतागढ़ के लिए अनूप नाग से बेहतर दूसरा कोई बिकल्प नहीं है, विधायक अनुप नाग के कार्यशैली से कांग्रेस कार्यकताओ से लेकर आम जनता तक में बेहद खुशी है। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेसी नेताओ ने कहा कि प्रदेश में भूपेश सरकार तथा अंतागढ़ विधायक अनुप नाग किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है, ऐसे में सरकार अगले कुछ महीनों के भीतर ही प्रदेश में चुनाव कराने का कभी भी ऐलान कर सकती है। इसके लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आज से ही तैयारियों में जुट जाना चाहिए और पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाना चाहिए ताकि आने वाले चुनावों के दौरान पार्टी शानदार प्रदर्शन कर सकें। इस बैठक को आयोजित करने का एक ही मकसद है कि जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओ को बूस्ट किया जाए क्योंकि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते हैं। कार्यकर्ताओं के बिना पार्टी मजबूत नहीं बन सकती। ताकि आगामी विधानसभा में दुबारा अनूप नाग को अंतागढ़ का विधायक बनाया जा सके।

### इनकी रही मौजूदगी

रमेन मंडल, मनोज सरकार, मोतीलाल शील, संजय कीर्तनिया, संजय विस्वास, स्वपन बैनर्जी, परशुराम नरेटी, शंकर दुग्गा, निमाई, किशोर नाग, सुनील हालदार, पाठक, द्विवेदी समेत सैकड़ों कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पेशा नियम के संबंध में पुलिस अधिकारियों की कार्यशाला

**कांकेर।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा की उपस्थिति में पुलिस अधिकारियों के लिए पेशा नियम की कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें उन्हें पेशा नियम के विभिन्न प्रावधानों से अवगत कराया गया तथा उनके सुझाव भी मांगे गये। गांव में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को पेशा नियम के तहत शांति एवं सुरक्षा तथा विवाद समाधान के लिए गठित किये जाने वाले शांति एवं न्याय समिति, ग्रामसभा के अधिकार एवं दायित्व इत्यादि के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया। रायपुर से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये मंजीत कौर द्वारा तथा कार्यशाला में उपस्थित अश्वनी कांगे द्वारा पेशा नियम के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। शांति एवं सुरक्षा तथा विवाद समाधान में ग्रामसभा की भूमिका, ग्रामसभा द्वारा सुने जाने वाले विवाद, विवाद समाधान की प्रक्रिया, ग्राम सभा द्वारा दंड, पुलिस द्वारा गिरफ्तारी की कार्यवाही, पटवारी, तहसीलदार तथा एसडीएम, माइनिंग विभाग, बीट गार्ड, डिप्टी रेंजर एवं रेंजर, आबकारी विभाग और श्रम विभाग से संबंधित पेशा नियम की विस्तार से जानकारी दी गई।

# बैलाडीला कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन ने किया मिलन समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ॥ किरंदुल
www.dailypioneer.com




लौहनगरी किरंदुल में बैलाडीला कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा रविवार रात स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि एनएमडीसी मुख्य महाप्रबंधक विनय कुमार,एसडीएम अरुण कुमार सोम, एडिशनल एसपी आर के बर्मन, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी, महाप्रबंधक आर्सेलर मित्तल राघवेलू ,वन परीक्षेत्र अधिकारी आशुतोष मांडवा, एनएमडीसी महाप्रबंधक उत्पादन एस बी सिंह,विभागाध्यक्ष उप महाप्रबंधक सिविल लखबीर सिंह एनएमडीसी उप महाप्रबंधक सिविल हेड श्रीनिवास रामनाथ, महाप्रबंधक एस पी श्री भान सिंह यादव ,इंटक सचिव ए के सिंह, एस के एम एस सचिव राजेश सिंधु उपस्थित हुए सभी अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।तत्पश्चात कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अतुल सिंह द्वारा स्वागत भाषण दिया गया मंच का संचालन बैलाडीला कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव विप्लव मल्लिक ने किया। मिलन समारोह में पवन एंड ग्रुप द्वारा म्यूजिकल नाइट संगीत में संध्या ऑर्केस्ट्रा प्रारंभ कर सभी अतिथियों का मन मोह लिया गया। पवन एंड ग्रुप के कलाकारों ने मनमोहक गीत गाकर सभी अतिथियों का मनोरंजन कराया सभी अतिथियों ने भोजन करते हुए भी कार्यक्रम का पूरा लुफ्त उठाया। बैलाडीला कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा प्रथम बार भव्य स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया था।सभी अतिथियों ने इस कार्यक्रम की भरपूर सराहना की इस कार्यक्रम में कांट्रेक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष अतुल सिंह, सचिव विप्लव मल्लिक, उपाध्यक्ष हरिशंकर मुखर्जी, शशि भूषण तिवारी, कोषाध्यक्ष बाबूराव ,सह सचिव अमन, विजय सोढी, ऑफिस सेक्रेटरी माधवराव, अमरीक सिंह, सुरेंद्र नायर एवम अनेक कॉन्ट्रेक्टर उपस्थित थे।

# नगर के सुख शांति समृद्धि के लिए अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों ने किया मेडाराम शक्तिपीठ के दर्शन



पायनियर संवाददाता ॥ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय की अगुवाई में सोमवार को तेलंगाना के मेडाराम शक्तिपीठ में स्थित माता शमक्का देवी की दर्शन कर नगरवासियों की सुख,शांति एवम समृद्धि हेतु प्रार्थना की। मौके पर सांसद प्रतिनिधि राजू रेड्डी,कांग्रेस जिला महामंत्री तपन कोड़ेनार सरपंच मीना मंडावी पार्षद राजेन्द्र मृणाल राय,गायत्री साहू,रतनी मण्डावी,कीर्ति राणा दिनेश प्रसाद सुरेश पात्रे अशोक कश्यप एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## दंतेवाड़ा जिले को शत प्रतिशत जैविक जिला बनाने विशेष कार्यशाला का आयोजन

**दंतेवाड़।** उप संचालक कृषि कार्यालय के सभागार में कलेक्टर विनीत नंदनवार की अध्यक्षता विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में दंतेवाड़ा जिला को शत् प्रतिशत जैविक जिला बनाने के लिए जैविक कृषि से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों के बारे में बताया गया। इस विशेष कार्यशाला में जिले के ऐसे किसान जो अपने खेतों में रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों का उपयोग करते है का चयन किया गया। कार्यशाला में कलेक्टर नंदनवार के द्वारा किसानों को समझाइश देते हुए रासायनिक खेती से होने वाले दुष्परिणाम एवं रासायनिक उत्पाद के उपयोग से होने वाले बीमारियों एवं अन्य समस्याओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा कर मार्गदर्शन किया गया।

# रामकृष्ण मिशन फुटबॉल एकेडमी नारायणपुर बना छत्तीसगढ़ चैंपियन




पायनियर संवाददाता ॥ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में बिलासपुर में चल रही सब जूनियर-15 फुटबॉल टूर्नामेंट में रामकृष्ण मिशन फुटबॉल अकादेमी नारायणपुर ने 7 फरवरी दिन मंगलवार को फाइनल मैच में सरगुजा को 5-1 से हराकर छत्तीसगढ़ चैंपियन बना हैं। फाइनल मुकाबले में आर.के.एम. ओर से उमेश और केंवट ने 2-2 गोल किया। वही शेखर पोटाई ने 1 गोल किया। प्रतियोगिता में कुल सात टीमें भाग लिया था - नारायणपुर, सरगुजा, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर और कोरिया। जिसमे सभी टीम अपने अपने जिले का प्रतिनिधित्व किया।

इस मुकाबले में 3 फरवरी को क्वार्टर फाइनल में आर.के.एम. नारायणपुर ने कोरिया को 15 गोल से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। और सेमीफाइनल में दुर्ग को 8-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले के बाद सभी टीम से उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन कर एक छत्तीसगढ़ का टीम बनाया जायेगा जो अप्रैल महीने में राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट खेलने जाएंगे। नारायणपुर जिले एवं अबूझमाड़ का नाम रौशन करने पर नारायणपुर वासियों ने सभी खिलाड़ियों को, कोच लोचन सिंह बघेल और मैनेजर बज्जू राम दुग्गा को बधाई दी। आश्रम के सचिव एवं अन्य साधुवृन्द ने भी बधाई और शुभकामनाएं दिए।

# तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ॥ केशकाल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ जिला इकाई कोंडागांव के अध्यक्ष आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में जिले के तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों ने मंगलवार को कलेक्टर दीपक सोनी के माध्यम से राजस्व मंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर वेतन विसंगति एवं कार्यालय में संसाधनों की कमी को पूरा करने की मांग की है। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के जिलाध्यक्ष व केशकाल तहसीलदार आशुतोष शर्मा ने बताया कि तहसील कार्यालयों में बढ़ते काम की तुलना में उपलब्ध संसाधनों, कम्प्यूटर, फर्नीचर, भवन, प्रशिक्षित स्टाफ नोटिस तामीली हेतु स्टाफकी कमी है। चूंकि तहसीलदारों को कानून व्यवस्था, प्रोटोकॉल, मृतक पंचनामा जैसे महत्वपूर्ण कार्य करने होते हैं। परंतु सभी को वाहन की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। तहसीलदार के विकासखंड का प्रमुख अधिकारी होने के बावजूद उनका वेतन अन्य विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की तुलना में कम है। राजस्व मंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में हमने इन समस्त मांगों को पूरा करने का आग्रह किया है। इस दौरान आशुतोष शर्मा, विजय मिश्र, उईस्यानी के मानकर, वीरेंद्र श्याम, सुशील भोई, अरुण सिंह, शांतनु तारम, दयाराम साहू, विजय प्रताप सिंह, राजकुमार आवडे, स्वाति नेताम व दिनेश ठाकुर मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने कार्यालय में लगाई चौपाल, सुनी नागरिकों की समस्याएं



पायनियर संवाददाता ॥ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

ज़िला कलेक्टर कार्यालय में सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को जनदर्शन लगता है। इसी तारतम्य में कलेक्टर अजीत वसन्त ने अपने कलेक्ट्रेट कार्यालय के कक्ष में जनदर्शन के माध्यम से आम जनता की समस्यायें सुनी। जिले के ग्रामीणजन एवं आम नागरिकों द्वारा जनदर्शन में छोटी बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा गया। प्राप्त आवेदनों में बोर खनन, काबिज जमीन से नहीं हटाने, टेंकर की राशि प्रदाय करने, सीसी रोड, लंबित देयकों के भुगतान, मुख्यमंत्री प्रवास के दौरान छोटेडोंगर में की गई घोषणाओं की कार्यवाही करने, बंद प्राथमिक शाला भवन को प्रारंभ करने, ग्राम पंचायत सोनपुर में विभिन्न शासकीय निर्माण कार्यो के बकाया राशि को संबंधित सचिवो से भुगतान करवाने और वन भूमि पट्टा देने संबंधी आवेदन दिये गये। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर अजीत वसन्त द्वारा सभी आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक मांगों और आवेदनों को शीघ्र कार्यवाही करने के लिए ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया।

# भारत रत्न लता मंगेशकर की प्रथम पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ॥ किरंदुल
www.dailypioneer.com



स्वर कोकिला भारत रत्न लता मंगेशकर के प्रथम पुण्यतिथि पर किरंदुल के बैलाडीला संगीत समिति द्वारा नगर के इंद्रजीत सिंह भवन के सभागार में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें सर्वप्रथम लता मंगेशकर के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की तत्पश्चात कार्यक्रम में उनके गीतों को बैलाडीला संगीत समिति के कलाकारों ने प्रस्तुत कर उन्हें याद किया जिसमें मधुकर सीताप राव ने अजीब दास्तां है ये कहां शुरू कहां ख़तम, दुश्मन ना करे दोस्त ने वो काम किया है, कोरा कागज था यह मन मेरा, एसकेएमएस अध्यक्ष के साजी ने झिलमिल सितारों का आंगन होगा रिमझिम बरसता सावन होगा,रीना साहू ने रहे ना रहे हम, गुरदीप सिंह ने यह मुलाकात एक बहाना है प्यार का सिलसिला पुराना है,वाई अनिल ने लग जा गले कि फिर यह हंसी रात हो ना हो,संगीत समिति के वरिष्ठ गायक सतीश नखाते ने महबूब मेरे तू है तो दुनिया कितनी हसी है जो तू नहीं तो कुछ भी नहीं है जैसे गीतों को गाकर लता जी की यादों को ताजा कर दिया। कार्यक्रम के दौरान चर्चा करते हुए मधुकर सीताप राव ने कहा स्वर कोकिला लता मंगेशकर जी आज हमारे बीच नहीं रहे परंतु उनकी आवाज की जादू आज देश के हर दिल में बसती है उनके गाए नगमे जब भी कोई गुनगुनाता है दिल को छू लेता है कैसे सुर की देवी आज हमारे बीच ना होते हुए भी सभी के दिलों में राज कर रही है।

# आजादी के अमृत महोत्सव पर कार्यक्रम

## प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राओं को कलेक्टर ने किया पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता ॥ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

75वीं आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय कार्यक्रम भाषण, निबंध, एवं चित्रकला का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। उक्त कार्यक्रम में शासकीय शालाओं के छात्र छात्राओं ने भाग लिया।




कार्यक्रम में विधानुसार प्राप्त प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कुल 9 प्रतिभागियों को 7 फरवरी 2023 को कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में कलेक्टर अजीत वसन्त की अध्यक्षता में प्रशस्ति पत्र एवं चेक के माध्यम से राशि प्रदाय किया गया। कार्यक्रम में राजेन्द्र झा, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा, नीति आयोग के टीम एवं संबंधित संस्था के प्राचार्य तथा छात्र छात्राए उपस्थित थे। निबंध में प्रथम कुमारी तृप्ति साहू, द्वितीय कुमारी दामिनी देहारी, तृतीय शानू कर्मा, तत्कालिक भाषण प्रतियोगिता में प्रथम कुमारी प्रियंका उसेण्डी, द्वितीय कुमारी खिलेश्वरी मरकाम, तृतीय कुमारी वंदना सिन्हा और चित्रकला प्रतियोगिता मे प्रथम सुनील कर्मा, द्वितीय पूनम गोटा और तृतीय कुमारी दयावती उईके ने प्राप्त किया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
सिगनलिंग कार्य हेतु निविदा सूचना
(1) निविदा सूचना संख्याः डीवाय.सीएसटीई-जीएसयू-आर-टी-02-एसएनटी-जीएसयू-टेंडर-2023, दिनांक: 04.02.2023.
कार्य का नामः आर.वी.एच.–आर.एस.डी. लाईन के कैपेसिटी ऑग्मेन्टेशन के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य। निविदा मूल्यः ₹ 2,55,27,081.32. बयाना राशिः ₹ 2,77,600/-. निविदा जमा करने की तिथिः 01.03.2023 के 15.00 बजे तक। निविदा खुलने की तिथिः 01.03.2023 को 15.00 बजे।
विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु, उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/गतिशक्ति/रायपुर के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उससे डाउनलोड कर/देख सकते है।
उप मु.संकेत एवं दूरसंचार अभि./गतिशक्ति
पीआर/आर/जीएसयू/एफएल/218 / रायपुर
South East Central Railway @secrail

## राजस्व पखवाड़ा में शत-प्रतिशत राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें : कलेक्टर सोनी

# मनरेगा के कार्यों को नियत समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश

### कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

पायनियर संवाददाता ॥ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक के दौरान जिले में आगामी सप्ताह से राजस्व पखवाड़ा का आयोजन कर शत-प्रतिशत राजस्व प्रकरणों का निराकरण किये जाने कहा। उन्होने इस दिशा में अभियान चलाकर राजस्व पखवाड़ा में बी-वन का वाचन करने सहित फौती-नामांतण, बंटवारा प्रकरणों सहित सीमांकन प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निराकृत किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर श्री सोनी ने जिले में मनरेगा के रोजगारमूलक कार्यों को नियमित रूप से संचालित कर अधिकाधिक पंजीकृत जॉब कार्डधारी परिवारों को रोजगार सुलभ कराये जाने कहा। वहीं मनरेगा के कार्यों को नियत समयावधि में पूर्ण कर पूर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने के निर्देश क्रियान्वयन एजेंसीज के अधिकारियों को दिये। कलेक्टर दीपक सोनी ने बैठक में मुख्यमंत्री जी के घोषणाओं के क्रियान्वयन सहित मुख्यमंत्री जन चौपाल के आवेदन पत्रों का निराकरण, ई-समाधान, मावा कोण्डानार एप्प तथा संपर्क केन्द्र में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण स्थिति की विस्तृत समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री जी के घोषणाओं के क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर सुनिश्चित करने कहा। वहीं आवेदन पत्रों के निराकरण हेतु समयबद्ध पहल किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने जिले के नगरीय क्षेत्रों में वनाधिकार मान्यता पत्र प्रदाय हेतु पात्र हितग्राहियों के प्रकरणों का परीक्षण करने सहित अन्य प्रक्रिया पूर्ण कर अतिशीघ्र जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। वहीं राजीव गांधी आश्रय योजनान्तर्गत आवासीय पट्टे प्रदाय सहित व्यवस्थापन के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किये जाने कहा। कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने जिले में सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत विभिन्न पेंशन योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने हेतु आयोजित पेंशन शिविरों में प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण कर स्वीकृति कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने कहा। इसके साथ ही संबन्धित पात्र हितग्राहियों को डीबीटी के माध्यम से पेंशन भुगतान करने के लिए प्रक्रिया पूर्ण किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होने गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए गौठानों में नियमित रूप से गोबर की खरीदी करने सहित वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादन पर ध्यान केन्द्रीत किये जाने कहा। इसके साथ ही सम्बन्धित महिला स्व-सहायता समूहों को भुगतान सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सोनी ने जिले के गौठानों में पशु चारे की समुचित व्यवस्था हेतु क्षेत्र के किसानों को पैरादान करने प्रोत्साहित किये जाने कहा। इसके साथ ही संग्रहित पैरा को सुरक्षित रखे जाने के निर्देश दिये। उन्होने कोण्डागांव के गोबर पेंट इकाई से उत्पादित ईमल्शन एवं डिस्टेंपर का उपयोग शासकीय भवनों एवं कार्यालयों के रंग-रोगन हेतु किये जाने कहा। इस दिशा में निर्माण एजेंसिंयों को आवश्यकतानुसार मांग कर उठाव सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों, आंगनबाड़ी भवन एवं उचित मूल्य दुकान सह गोदाम निर्माण, आवर्ती-चराई केन्द्रों पर वर्मी कम्पोस्ट पिट निर्माण ईत्यादि की विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, डीएफ्ओ कोण्डागांव श्री आरके जांगड़े सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी तथा जिले में पदस्थ एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत और नगरीय निकायों के सीएमओ मौजूद थे।

## प्राकृतिक आपदा के प्रकरणों में आर्थिक सहायता स्वीकृत

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर विनीत नंदनवार ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के प्रकरणों में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में दिए गए संशोधन प्रावधानों के तहत मृतकों के निकटतम वारिसों के लिए चार लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की हैं। जिसके तहत गीदम तहसील अंतर्गत ग्राम कुण्डेनार स्कूल पारा निवासी सुकी की पानी से डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम वारिस श्याम लाल, हीरानार कड़तीपारा निवासी आशु पवार की सर्पदंश से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम वारिस बिन्दा पवार को चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, भाटापारा
(छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कम्पनी)
// बिजली बंद की सूचना //
एतद् द्वारा निम्नदाब एवं उच्चदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 132/33 केव्ही उपकेन्द्र में अतिआवश्यक निर्माण कार्य कराये जाने की सक्षम स्वीकृति दिनांक 09.02.2023 समय सुबह 10:00 से दोपहर 02:00 बजे के प्राप्त होने के फलस्वरूप 132/33 केव्ही उपकेन्द्र से लाभांवित निम्नांकित निम्नदाब एवं उच्चदाब उपभोक्ताओं की विद्युत सप्लाई बंद रहेंगी।
सो सूचना जानें।

| क्र. | दिनांक व समय | 132/33/11 के.व्ही उपकेंद्र / फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 09.02.2023 सुबह 10:00 बजे से दोपहर 02:30 बजे तक | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र | 132/33 केव्ही उपकेन्द्र से निकलने वाली सभी 11 केव्ही फिडर, 33/11 केव्ही उपकेन्द्र दामाखेड़ा, ढेकुना, रोहरा, मनोहरा, झिरिया, IPDS से लाभांवित सभी उपभोक्ता एवं APL Apollo, नीरज पॉवर, अर्थ स्थल, श्रीकर इन्नोवेटिव, श्याम स्पंज, RHIL उच्च दाब उपभोक्ता। |

1. ''स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें''
2. ''समयावधि में देयक का भुगतान करें, लाईन विच्छेदन से बचें''

(जी.पी.अनंत)
कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमिटेड भाटापारा
कर्मचारी क्रमांक 05331110

# सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक क्षेत्र में अनादिकाल से यादव समाज का वर्चस्व कायम : द्वारिकाधीश

पायनियर संवाददाता ◀ बागबाहरा
www.dailypioneer.com



कौड़िया देवरी परीक्षेत्र ठेठवार यादव समाज का वार्षिक अधिवेशन छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में ग्राम ढांक में संपन्न हुआ। जैसे ही संसदीय सचिव यादव व अतिथियों का काफिला ग्राम ढांक की सीमा में पहुंचा ठेठवार यादव समाज के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे हुए पदाधिकारी गण व सदस्यों के द्वारा यादव सहित अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात रावत नाचा नर्तक दल के साथ अतिथियों की अगुवाई करते हुए उन्हें कार्यक्रम स्थल पर लाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत यादव समाज के आराध्य देव भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना से हुई।

तत्पश्चात अतिथि स्वागत का दौर प्रारंभ हुआ जिसमें चैट वार यादव समाज के पदाधिकारियों ने यादव व अतिथियों का स्वागत गज माला से किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संसदीय सचिव यादव ने गेटवार यादव समाज के गौरवशाली इतिहास पर सारगर्भित उद्बोधन देते हुए बताया कि भगवान श्री कृष्ण के वंशज ठेठवार यादव समाज आदि काल से लेकर आज पर्यंत तक समूचे भारतवर्ष सहित पूरे विश्व में माता कामधेनु के स्वरूप गौमाता का पालन पोषण व संवर्धन करते आ रहे हैं। इसी का परिणाम है कि प्रत्येक क्षेत्र में चाहे वह राजनीति हो सामाजिक हो आर्थिक हो समस्त दृष्टिकोण से यादव समाज का वर्चस्व आदि काल से आज पर्यंत तक बना हुआ है। शास्त्रों का कहना है कि गौमाता में 33 कोटि देवी देवता विराजमान है और वह गौमाता यादव समाज के आंगन पर आदि काल से निवास करती आ रही है। जिसके कारण यादव समाज अपनी पारंपरिक धरोहर को समेटे हुए हैं और उत्तरोत्तर तरक्की के पथ पर आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संरक्षक व प्रदेश उपाध्यक्ष राजिम महासभा के हरीश यादव, तुलाराम यादव विजय यादव माधवराम यादव निरंजन यादव रिखी राम यादव घनश्याम यादव सोमनाथ यादव दुलार यादव टिकेश्वर यादव महेश राम यादव जीत राम यादव डीगेश यादव लक्ष्मण यादव चिंताराम यादव मायाराम यादव श्याम सुंदर यादव अक्षय यादव कुंद राम यादव केशव यादव कुलेश्वर यादव चिंताराम यादव, शालिग्राम यादव, ओम प्रकाश यादव, खिलावन यादव, गुडाराज के अध्यक्ष शंकर लाल अहीर मुन्ना राम अहीर भोजराम अहीर सीताराम अहीर ईश्वर अहीर बालकुमार अहीर सुखराम अहीर मंगल अहीर के साथ साथ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गणेश शर्मा राजू चंद्राकर तथा मेघनाथ यादव व बड़ी संख्या में ठेठवार यादव समाज के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे हुए पदाधिकारी गण, तथा बड़ी संख्या में माताएं बहने उपस्थित रहे।

# सिरपुर मेला दर्शन कर कार्यकर्ताओं से मिले अग्नि



**महासमुंद।** केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष अग्नि चंद्राकर ने सिरपुर मेला दर्शन कर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। सोमवार देर शाम निगम अध्यक्ष चंद्राकर ने पुरातात्विक और सांस्कृतिक महत्व की नगरी सिरपुर में महानदी के तट पर स्थित गंधेश्वर नाथ महादेव के दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट कमेटी की ओर से अध्यक्ष दाऊलाल चंद्राकर व अन्य सदस्यों ने चंद्राकर का पारंपरिक स्वागत किया। मंदिर और मेला दर्शन के बाद चंद्राकर ने रेस्ट हाउस में सिरपुर क्षेत्र के किसानों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। कार्यकर्ताओं से प्रदेश शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए आम जनता को अधिक से अधिक लाभान्वित करने की बात कही। साथ ही जनसमस्याओं से भी अवगत हुए तथा उनके निराकरण का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर निगम अध्यक्ष के प्रतिनिधि नारायण नामदेव, सहकारी समिति सिरपुर के अध्यक्ष तथा पूर्व सरपंच थनवार यादव, जिला पंचायत सभापति अमर अरुण चंद्रकार, गजाधर धीवर, पूर्व पार्षद तुलसी साहू, राजू साहू, रवि साहू, मनोज भारती आदि उपस्थित थे।

# महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समा बांधा

पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद
www.dailypioneer.com



तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव में दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समा बांधा लोकरंग अर्जुंदा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकरंग अर्जुंदा दुर्ग ने दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरी। उन्होंने गणेश वंदना के साथ अपने लोकरंग कार्यक्रम का आगाज किया। राजगीत पर उनके मंडली की प्रस्तुति देखते बनी लोगों के मुंह से वाह-वाह निकला। लोक कला के साथ -साथ देश भक्ति गीतों से आत्मविभोर कर दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम को देखा।

ज़िला स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। पहले स्थान पर रसनी बालिका मानस मंडली बिरकोनी महासमुंद, दूसरे स्थान पर ज्ञान भक्ति मोगरापाली बागबाहरा और तीसरा स्थान माया के दुलार मानस मंडली भवरपुर बसना ने प्राप्त किया।अपर कलेक्टर दुर्गेश कुमार वर्मा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इसके बाद स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा शानदार एवं रंगारंग प्रस्तुति दी गयी। सिरपुर महोत्सव के दूसरे दिन शाम से सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुए जो देर रात्रि तक चले। पहले शाम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोंहदा विकासखंड सरायपाली द्वारा कर्मा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। यह नृत्य छत्तीसगढ़ की लोक-संस्कृति का पर्याय है। छत्तीसगढ़ के आदिवासी, ग़ैर-आदिवासी सभी का यह लोक मांगलिक नृत्य है। उसके बाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली विकासखंड बसना द्वारा डंडा नृत्य का प्रदर्शन हुआ।मालूम हों कि डंडा नृत्य छत्तीसगढ़ का लोक नृत्य है। इस नृत्य को सैला नृत्य भी कहा जाता है। यह पुरुषों का सर्वाधिक कलात्मक और समूह वाला नृत्य है। डंडा नृत्य में ताल का विशेष महत्व होता है। डंडों की मार से ताल उत्पन्न होता है। यही कारण है कि इस नृत्य को मैदानी भाग में डंडा नृत्य और पर्वती भाग में सैला नृत्य कहा जाता है। सैला शैल का बदला हुआ रूप है, जिसका अर्थ पर्वतीय प्रदेश से किया जाता है। कक्षा 6वीं की छात्रा कुमारी आस्था पटनायक ने मोहक एकल ओडिसी नृत्य प्रस्तुत किया जिसे दर्शकों ने सराहा। सिरपुर महोत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा विकास पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गयी है। जहॉ विकास की झलक देखने मिल रही है। इसके अलावा अन्य संस्थानों द्वारा भी अपने उत्पादों की बिक्री या प्रदर्शन के लिए स्टॉल लगाये गए है। छत्तीसगढ़ खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने विगत 5 फ़रवरी को महोत्सव का शुभारंभ किया था।

# महत्तम महोत्सव के अन्तर्गत हुआ मेला स्थल में अन्नदानम का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◀ नगरी
www.dailypioneer.com

आचार्य रामेश सुवर्ण दीक्षा महा महोत्सव के अंतर्गत सामाजिक गतिविधियों में अन्नदानम का आयोजन हुआ महत्तम महोत्सव के अंतर्गत 9 आयामों मैं पूरा संघ बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहा हैं। ज्ञानार्जन, व्रत विवेक, ध्यान साधना, तप त्याग प्रतिभा निखार ,गुदड़ी के लाल ,जन जन में राम सामाजिक आदि आयामों में अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ द्वारा आचार्य रामलाल महाराज साहब के 50 वें दीक्षा महा महोत्सव पर आगामी 2 वर्षों तक 2023 से 25 तक के अनेक आयोजनों में अन्न दानम के कार्यक्रम का संचालन किया। साधुमार्गी जैन संघ नगरी में संघ के सभी सदस्यों द्वारा साधुमार्गी जैन संघ, समता महिला मंडल ,समता युवा संघ, समता बहू मंडल के सभी सदस्यों ने सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम का सफल आयोजन किया कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर पूर्णिमा स्नान हेतु पधारे सभी श्रद्धालुओं धर्म भावना की अनुमोदना कि गई व सभी के लिए नाश्ते की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर कर्णेश्वर मेला समिति द्वारा विशेष सहयोग प्राप्त हुआ जिसमें सभी ने उत्साह पूर्वक योगदान प्रदान कर इस कार्य को गति प्रदान की। सफल आयोजन संचालन के लिए साधुमार्गी संघ अध्यक्ष खेमचंद चोपड़ा, युवा संघ अध्यक्ष विजय नाहटा ,महिला मंडल अध्यक्ष किरण नाहटा, समता मंडल के अध्यक्ष प्रियंका गोलछा द्वारा सभी लोगो का आभार व्यक्त किया।

# चारभाठा में आयोजित अमात्य गोंड के वार्षिक अधिवेशन में संसदीय सचिव ने की शिरकत

पायनियर संवाददाता ◀ बागबाहरा
www.dailypioneer.com



खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चारभाठा में आयोजित अमात्य गोंड समाज के वार्षिक अधिवेशन छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष मनोहर ठाकुर ने की।

वही विशेष अतिथि की आसंदी पर सूअरमार राज के अध्यक्ष खेदु राम ठाकुर महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष व जनपद सदस्य डुमरौतीन ठाकुर विराजमान रही। कार्यक्रम की शुरुआत आदिवासी समाज के आराध्य देव महादेव की पूजा-अर्चना से प्रारंभ हुई। तत्पश्चात अतिथि स्वागत का दौर प्रारंभ हुआ जिसमें संसदीय सचिव यादव सहित उपस्थित अन्य अतिथियों का गोंड समाज के पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथि उद्बोधन का दौर प्रारंभ हुआ जिसमें संसदीय सचिव श्री यादव ने गोंड समाज के गौरवशाली इतिहास पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। साथ ही राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।इस दौरान खेल एवं युवा कल्याण विभाग के खेल गढ़िया योजना के तहत कबड्डी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कोषाध्यक्ष हेम सिंह ठाकुर सचिव कंवल सिंह ठाकुर संरक्षक कंवल सिंह भारती, जगदेव सिंह ठाकुर राजू ठाकुर विक्रम ठाकुर ईश्वर ठाकुर रजेलाल ठाकुर रूप नारायण ठाकुर भोग सिंह ठाकुर परस ठाकुर पुरानी ठाकुर जगदीश ठाकुर जीवराखन ठाकुर गणपत ठाकुर विजय सिंह ठाकुर सावित्री ठाकुर यशोदा ठाकुर रामवती ठाकुर मनोहर सिंह ठाकुर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गणेश शर्मा ,राजू चंद्राकर, खेदु ठाकुर इंदु चक्रधारी के साथ-साथ बड़ी संख्या में अमात गोंड समाज के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे हुए पदाधिकारी गण कार्यकर्ता गण तथा बड़ी संख्या में माताएं बहने उपस्थित रहे।

# गौतम अडानी के मामले को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




गौतम अडानी के मामले को लेकर कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को घेरने की तैयारी कर ली है. सड़क से लेकर संसद तक विपक्षी दल और उनके कार्यकर्ता भी हल्लाबोल रहे हैं। गरियाबंद मे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भावसिंग साहू के नेतत्व मे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। केंद्र की मोदी सरकार की नीतियो से पुरा देश खासकार माध्यम वर्ग बेहद चिंतीत है मोदी सरकर द्वारा अडानी समूह में एसबीआई और एलआईसी जैसी सरकारी संस्थानों के बेहद जोखिम भरे लेनदेन और निवेश ने भारत के निवेशकों, एलआईसी के 29 करोड़ पालिसी धारकों और एसबीआई के 45 करोड़ खाता धारको पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है अगर इसको रोका नहीं गया तो गरीबों का पैसा डूब जाएगा इस बात को लेकर कांग्रेस पार्टी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। मो. हाफिज खान ब्लाक अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे पर क्यों चर्चा नहीं करना चाहते हैं हर चीज का धीरे-धीरे निजीकरण किया जा रहा है उन्हें ढाल बनाया जा रहा है आप देख सकते हैं कि देश किस तरफ जा रहा है हम विरोध कर रहे हैं हमें जवाब चाहिए अडानी को क्यों ढाला जा रहा है इस प्रदर्शन में भावसिंग साहू जिला कांग्रेस अध्यक्ष, मो हाफिज खान ब्लाक अध्यक्ष, प्रेम सोनवानी शहर अध्यक्ष, ओम राठौर मण्डी अध्यक्ष, रमेश मेश्राम, अमित मीरी, अमृत पटेल, मनीष ध्रुव , सविता गिरी महिला शहर अध्यक्ष, अवधराम यादव, गणेशिया ठाकुर, सुमन देवागन, नैन बाई, दिव्या कश्यप, कुलदीप, घनश्याम ओगारे आदि मौजूद थे।

# रचनात्मक गतिविधियों से जीवन जीने की कला का लक्ष्य पूरा होता है : गौरीशंकर

पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com



पढ़ाई के साथ रचनात्मक कार्य करके हम बहुमुखी प्रतिभा के धनी हो जाते हैं। शिक्षा केवल तथ्यों का संकलन या बड़ी डिग्री प्राप्त करना नहीं है वरन शिक्षा संस्कार है, देश धर्म है, सच्ची नागरिकता है, स्वावलंबन है, मानवता की सेवा एवं चरित्र ज्ञान है। उक्त आशय का विचार ग्राम ओड़ान में आयोजित सांई इंग्लिश मीडियम स्कूल ओड़ान एवं सांई ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल भवानीपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक समारोह में मुख्य अतिथि के आसंदी पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कही। स्कूल की संचालिका, महिला मोर्चा संडी मंडल अध्यक्ष एवं रजक समाज महिला प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव श्रीमती निर्मला रजक, डॉ पोषण रजक के संयोजकत्व में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। संचालन युवा मोर्चा अध्यक्ष उमेश यदु ने एवं आभार प्रदर्शन महिला मोर्चा अध्यक्ष निर्मला रजक ने किया। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्गा महेश्वर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा, मंडल अध्यक्ष महेंद्र साहू, डॉ पोषण रजक, महिला मोर्चा जिला मंत्री सुरजा चेलक, भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी धीरज मिश्रा, युवा मोर्चा अध्यक्ष उमेश यदु, मंडल उपाध्यक्ष राजू बंजारे, महामंत्री शिव यदु, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष जनक राम वर्मा, सालिकराम साहू, पीलाराम साहू, शक्तिकेंद्र संयोजक देवव्रत वर्मा, सरपंच राजकुमारी कमल, पूर्व जनपद सदस्य खिनिया बाई वर्मा, प्राचार्य एस के डड़सेना, राजू वर्मा, झालूराम साहू, प्रमोद वर्मा, मनीष दीवान, चंपादेवी वर्मा, प्रतिभा वर्मा, सवरिन वर्मा, राघव रजक, सनत कुमार सहित भारी संख्या में स्कूल के छात्र छात्राएं, शिक्षकगण, पालकगण उपस्थित थे।

# परिश्रम के देवता का साक्षात स्वरूप मरार पटेल समाज : द्वारिकाधीश यादव

पायनियर संवाददाता ◀ बागबाहरा
www.dailypioneer.com



वर्तमान के परिदृश्य में संपूर्ण विश्व में यदि परिश्रम के देवता का साक्षात स्वरूप आपको देखना है तो आप मरार पटेल समाज के मेहनतकश लोगों को देख सकते हैं. उक्त उद्गार छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व खल्लारी विधानसभा के विधायक द्वारिकाधीश यादव ने बागबाहरा के दैहानी भांटा में आयोजित मरार पटेल समाज के वार्षिक अधिवेशन के दौरान मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। इस वार्षिक अधिवेशन की अध्यक्षता मरार पटेल समाज के जिलाध्यक्ष पवन पटेल ने की वहीं विशेष अतिथि की आसंदी पर शोभाराम पटेल बलराम पटेल व नरेंद्र पटेल विराजमान रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पटेल समाज की आराध्य देवी मां शाकंभरी की पूजा अर्चना से प्रारंभ हुई। तत्पश्चात अतिथि स्वागत का दौर प्रारंभ हुआ जिसमें मरार पटेल समाज के सामाजिक पदाधिकारियों ने संसदीय सचिव श्री यादव सहित उपस्थित अतिथियों का भव्य स्वागत किया।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि परिश्रम के देवता का यदि आपको साक्षात स्वरूप देखना है तो आप मरार पटेल समाज के लोगों को देख सकते हैं आपको साक्षात परिश्रम के देव नजर आएंगे क्योंकि समाज के लोग अपने अथक परिश्रम के चलते पत्थर से भी पानी निकाल सकते हैं। यादव ने कहा कि मरार पटेल समाज कर्मयोगी समाज है। मेहनत के बूते समाज ने अपनी पहचान बनाई है। शाकाहार को प्रेरित व प्रोत्साहित करने में मरार समाज का उल्लेखनीय योगदान है। उन्होंने कहा कि शाकंभरी महोत्सव के इस भव्य व गरिमामयी आयोजन में शिरकत कर उन्हें सुखद अनुभूति हो रही है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामशरण पटेल गेंद राम पटेल तुकाराम पटेल बलराम पटेल दिनेश पटेल पुरुषोत्तम पटेल ललित पटेल बैजनाथ पटेल राजू चंद्राकर मेघनाथ यादव दुर्गेश यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गणेश शर्मा, उपासना पटेल किरण पटेल,काशीराम पटेल उपाध्यक्ष मरार समाज, ऋषि राम पटेल भुनेश्वर पटेल जितेंद्र पटेल के साथ-साथ बड़ी संख्या में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे हुए मरार पटेल समाज के पदाधिकारी गण, सदस्य गण व बड़ी संख्या में माताएं बहने उपस्थित रहे।

## पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए लिया गया निर्णय

# राजधानी में जल्द दौड़ेंगी 50 इलेक्ट्रिक बसें, होगा टेंडर, पांच चार्जिंग प्वाइंट भी

- रायपुर में जल्द दौड़ेंगी 50 इलेक्ट्रिक बसें, नगर निगम जल्द ही जारी करेगा टेंडर, पांच जगह बनेंगे चार्जिंग प्वाइंट

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




निगम के अधिकारियों की मानें तो 50 इलेक्ट्रिक बसें चलाने के लिए दो-तीन दिनों में टेंडर जारी हो जाएगा। टेंडर के बाद बसों का मार्ग तय किया जाएगा। बसों का संचालन पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप माडल के तहत होगा। इसकी जिम्मेदारी संबंधित कंपनियों की रहेगी। मार्ग के साथ दूरी के हिसाब से दर का निर्धारण भी किया जाएगा। गौरतलब है कि इलेक्ट्रिक बसों को चलाने के लिए निगम की ओर से काफी समय से प्रयास किया जा रहा है। राजधानी की सड़कों पर जल्द ही इलेक्ट्रिक बसें दौड़नी शुरू हो जाएंगी। लोगों की सुविधाओं में बढ़ोतरी करने और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। नगर निगम ने इसके लिए पूरी रूपरेखा तैयार कर ली है। जल्द ही टेंडर जारी किया जाएगा। शहर के पांच स्थानों पर चार्जिंग प्वाइंट बनाने की भी तैयारी है। इसके लिए टेंडर जारी किया जा चुका है, जिसके लिए तीन कंपनियों ने रुचि दिखाई है। चार्जिंग प्वाइंट बनाने के लिए भी जगह चिन्हांकित कर ली गई है।

### यहां बनेगा चार्जिंग प्वाइंट

निगम ने चार्जिंग प्वाइंट बनाने के लिए पांच जगह चिन्हित कर लिया गया है। कलेक्ट्रेट और जयस्तंभ चौक स्थित मल्टीलेबल पार्किंग, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और एक अन्य जगह पर चार्जिंग प्वाइंट बनाया जाएगा। यह निजी कंपनियों की ओर से ही संचालित किया जाएगा।

### 40 जगह का दावा

स्मार्ट सिटी की ओर से शुरुआत में 40 जगहों पर चार्जिंग प्वाइंट बनाने का दावा किया गया था लेकिन एक से दो वर्ष बाद ही इनकी संख्या घटाकर 25 कर दी गई। कुछ दिनों बाद यह संख्या छह में सिमट गई। राजधानी में जिस रफ्तार से इलेक्ट्रानिक व्हीकल्स की संख्या बढ़ रही है, उसी रफ्तार से चार्जिंग प्वाइंट्स की संख्या भी बढ़नी चाहिए थी लेकिन समय के साथ ही इनकी संख्या कम होती जा रही है। तीन वर्षों बाद भी अब तक एक भी चार्जिंग प्वाइंट नहीं बन पाया है।

नगर निगम के अपर आयुक्त सुनील चंद्रवंशी ने कहा, 50 इलेक्ट्रिक बसों के लिए जल्द ही टेंडर जारी किया जाएगा। बसें पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप माडल के तहत खरीदी जाएगी। चार्जिंग प्वाइंट के लिए भी जगह चिन्हित कर ली गई है। तीन कंपनियों ने रुचि भी दिखाई है, जिनके दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

# झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस से टेसूलाल धुरंधर ने की सौजन्य भेंट



पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राज्यपाल रमेश बैस के रायपुर आगमन पर उनके रायपुर स्थित आवास में जाकर शिक्षक संघ के पूर्व प्रांतीय संगठन मंत्री, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तथा विधानसभा बलौदा बाजार से भाजपा के विधायक प्रत्याशी रहे टेसूलाल धुरंधर के नेतृत्व में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संस्थापक प्रांताध्यक्ष, अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के पूर्व महामंत्री तथा छ ग शिक्षा आयोग के प्रथम अध्यक्ष ब्रह्मलीन चंद्रभूषण शर्मा जी के जीवन प्रसंगों पर आधारित पुस्तकों भूतो ना भविष्यति तथा कालजयी पुरोधा पुस्तकों को झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस को सप्रेम भेंट किया गया। इस अवसर पर लेखक व संपादक दानीराम वर्मा तथा दिलीप केसरवानी व बलौदा बाजार से पुरषोत्तम सोनी सोहन लाल जी साहू उपस्थित थे।

# जनदर्शन में शिकायत: पालिसी के लिए एजेंट ने 70 हजार रुपए लिये पैसे भी वापस नहीं कर रहा

## जनदर्शन में शक्ति नगर की महिला ने दिया आवेदन

पायनियर संवाददाता ⟨ दुर्ग
www.dailypioneer.com



शक्ति नगर, पद्मनाभपुर की एक महिला ने जनदर्शन में एजेंट की शिकायत की। उसने बताया कि तीन साल पहले एक एजेंट ने एलआईसी में लगाने के लिए 70 हजार रुपए लिये। बाद में पता करने पर यह मालूम हुआ कि इस एजेंट ने पैसे एलआईसी में लगाये ही नहीं हैं। इसके बाद बार-बार बोलने पर 20 हजार रुपए वापस किये, शेष पैसे अभी भी अप्राप्त हैं। महिला ने कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा से प्रकरण के संबंध में उचित कार्रवाई के लिए आग्रह किया। नागरची से जाति गाड़ा कर दी, जमीन बेचने के लिए ऐसा स्वजनों ने कर दिया- ग्राम चंदखुरी की एक महिला ने बताया कि वो आदिवासी हैं और उनकी जाति नागरची है। उनके ससुर की जाति भी नागरची थी। चूंकि आदिवासी जमीन में क्रय-विक्रय के लिए कलेक्टर की अनुमति आवश्यक है अतएव आनन-फानन में जमीन का विक्रय करने उसके स्वजनों ने जाति नागरची से गाड़ा कर दी। महिला ने अपने आवेदन में कहा कि पूरे प्रकरण की जांच की जाए। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम दुर्ग से इस संबंध में जांच के निर्देश दिये। सड़क में रूई धुनाई से हो रहा प्रदूषण- जवाहर चैक दुर्ग में एक दुकानदार द्वारा रूई की धुनाई सड़क में किये जाने संबंधित आवेदन भी जनदर्शन में आया। आवेदक का कहना था कि सड़क में रूई धुनाई से काफी प्रदूषण हो रहा है जिससे आसपास के लोगों को सांस संबंधी बीमारी हो रही है। इसके अलावा सड़क में रूई धुनाई से सड़क भी जाम होती है। कलेक्टर ने इस संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिये। बिटिया को लिखने में तकलीफ एक्जाम में चाहिए राइटर-सिंधी कालोनी, दुर्ग की एक महिला ने अपना आवेदन कलेक्टर जनदर्शन में रखा। महिला का कहना था कि उसकी बिटिया को लिखने में परेशानी है और इसका मेडिकल सर्टिफिक्रेट भी उन्होंने रखा। महिला ने बताया कि अभी बिटिया की बोर्ड परीक्षा है। बोर्ड परीक्षा में उसे एक राइटर मिल जाए तो उसकी दिक्कत दूर हो जाएगी। कलेक्टर ने इस संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये। पट्टा वितरण के समय महाराष्ट्र चली गई थी, मुझे पट्टा दिला दीजिए- लक्ष्मीनगर, खुर्सीपार की एक महिला ने कहा कि वो पट्टा वितरण के समय अपने गाँव महाराष्ट्र चली गई थी। जब आई तब तक पट्टा वितरण कार्यक्रम हो चुका था, इस वजह से उसे पट्टा नहीं मिल पाया। कलेक्टर ने इस संबंध में अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिये। रूआबांधा से वृंदा नगर तक चैड़ीकरण में प्रभावित लोगों को मुआवजा जल्द मिले- बीज निगम रूआबांधा से वृन्दा नगर दुर्ग तक सड़क चैड़ीकरण में प्रभावित एक परिवार ने अपना आवेदन जनदर्शन में रखा। परिवार के सदस्य ने अपने आवेदन में कहा कि मुआवजा जल्द मिल जाए तो हम लोगों को काफी राहत होगी। जनदर्शन में एक आवेदन खोपली से आया। यहां ग्रामीणों ने पीएचई के टंकी निर्माण का लोकेशन बदलने माँग की।

# वेंडिंग जोन बनाने के लिए प्रक्रिया प्रारंभ आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने किए स्थल निरीक्षण

- गांधी प्रतिमा से लेकर उताई चौक गौरव पथ के फुटकर फल विक्रेता के साथ अन्य दुकानों को जल्द किया जाएगा मानस भवन के पास वैंडिंग जोन में शिफ्ट

पायनियर संवाददाता ⟨ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर निगम शहर वेंडिंग जोन तैयार कर रहा है। शहर का पहला वेंडिंग जोन मानस भवन के करीब में बनाया जा रहा है दूसरा पटेल काम्प्लेक्स के सामने में बनाया जाएगा। शहर क्षेत्र के 13 खाली जमीन का चयन किया गया है। वेंडिंग जोन के लिए स्थल को स्वच्छ करके प्लेटफॉर्म तैयार किया जा रहा है।निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने वेंडिंग जोन बनाने के लिए सोमवार को क्षेत्र का निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता एसडी शर्मा,जितेंद्र समैया, जावेद अली,केवलानी, मुक्तेश कान्हा सहित अन्य मौजूद रहें। आयुक्त ने अधिकारियों की प्लानिंग और व्यवस्था का जायजा लिया। सिविल लाइन उतई चौक गौरव पथ पर सड़क किनारे फूटकर व्यापारी बड़ी संख्या में अव्यवस्थित तरीके से ठेले, दुकान आदि लगाते हैं। इससे सड़क किनारे आने-जाने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसे व्यवस्थित तरीके से दुकान लगाने के लिए वेंडिंग जोन यहां पर तैयार करने की प्लानिंग की जा रही है।

उन स्थानीय दुकान मालिकों को मौका दिया जाएगा, जो पहले से ही इस स्थान पर व्यवसाय संचालित करते आ रहे हैं। एक स्थल पर समरूपता देते हुए प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा। इससे ठेले और दुकानें व्यवस्थित होंगे। मानस भवन के पास आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारियों को साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था सहित जगह को बेहतरीन तरीके से सुंदर व्यवस्थित करने को कहा।-मानस भवन के करीब में बनेगा शहर का पहला वेंडिंग जोन जल्द कार्य शुरू किया जाएगा। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बताया कि दुर्ग नगर निगम की सीमा मानस भवन के पास पहला वेंडिंग जो जल्द तैयार हो जाएगा।इसके बाद से पटेल काम्प्लेक्स के अलावा वेंडिंग जोन इन जगहों को चिन्हित किया गया -हास्पिटल के सामने, वाटर ट्रीटमेंन्ट प्लान्ट,मानस भवन के पास, नाना-नानी पार्क, रायपुर नाका, हाट बाजार बोरसी चौपाटी, अग्रसेन चौकशनिचरी बाजार, बघेरा, महिला समृद्धि बाजार, बाईपास के पास धमधानाका के अलावा कातुलबोड बाईपास के पास के समीप वेंडिंग जोन बनाने की तैयारी की जा रही है।

# भिलाई निगम में आज होगा 308 हितग्राहियों को लाटरी पद्धति से आवास आबंटन

पायनियर संवाददाता ⟨ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर मकान मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत 308 हितग्राहियों को आवास आबंटन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। इसके लिए लॉटरी सिस्टम के माध्यम से हितग्राहियों को आवास आबंटित किया जाएगा। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में प्रातः 10 बजे से लॉटरी की प्रक्रिया शुरू होगी। इस प्रक्रिया में महापौर नीरज पाल, निगम आयुक्त रोहित व्यास, नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना एवं सम्मानित पार्षद गणों की उपस्थिति में लॉटरी की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। हितग्राही स्वयं आकर के बारी-बारी से अपने पर्ची को निकालेंगे, इस प्रकार से आवास आबंटन की प्रक्रिया की जाएगी। शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार दिव्यांग जनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को भूतल पर लॉटरी द्वारा मकान आबंटन हेतु प्राथमिकता दी जाएगी। इस हेतु नगर निगम भिलाई के योजना विभाग में पूरी तैयारी की जा रही है। योजना विभाग के प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन ने बताया कि हितग्राहियों के बैठने की व्यवस्था निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में की गई है। 308 चयनित हितग्राही वह है जो केनाल रोड एवं अन्य विकास योजनाओं से प्रभावित हुए हैं, उन्हें प्राथमिकता के साथ आवास आबंटन किया जाएगा। इन हितग्राहियों द्वारा समानुपातिक अंशदान की राशि जमा किया गया है। जिन स्थानों पर मुख्य रूप से आवास आबंटन होगा। उनमें से आम्रपाली हाउसिंग बोर्ड, सूर्या विहार के पीछे, माइलस्टोन, कृष्णा इंजीनियरिंग के पास ग्रीन वैली अविनाश मेट्रो, इत्यादि जगह पर बने हुए मोर मकान मोर चिन्हारी घटक के अंतर्गत आवास शामिल है। निगम की अपील है कि हितग्राही निर्धारित समय पर आकर नगर निगम द्वारा चयनित स्थल पर बैठ जाएं। योजना के तहत बारी-बारी से नाम के अनुसार संबंधित हितग्राहियों को बुलाकर लॉटरी निकली जाएगी और आवास आबंटित किया जाएगा।

# 288 पदों के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन आज

## विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय के सूचना पटल पर देख सकते हैं

पायनियर संवाददाता ⟨ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में समय 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में निम्न नियोजक जिसमें भारती प्लेसमेंट द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के लिए 48, मार्केटिंग के लिए 8, मैंनपावर ऑफिसर के लिए 4 एवं कम्पनी सुपरवाइजर के लिए 2 पद रिक्त हैं। फाईड दक्ष द्वारा वेल्डर फिटर के लिए 30, फिटर के लिए 15, जीईटी (मैक) के लिए 5, जीईटी (इले.) के लिए 5, आईटीआई के लिए 5, सिक्योरिटी गार्ड के लिए 30, मैकेनिकल हेल्पर के लिए 10, एजुकेशन प्रोमोटर के लिए 5, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव के लिए 15, सेल्स एक्जीक्यूटिव के 15, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव के लिए 10, क्वालिटी इंस्पेक्टर के 5, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 2 एवं सूपरवाईजर के 2 पद रिक्त हैं। वन स्टॉफिंग एंड साल्यूसन द्वारा कन्टेंट राईटर के 1, रिलेशनशिप मैनेजर के 6, कस्टमर एक्जीक्यूटिव ऑफिसर के 3, डाटा प्रोसेसिंग ऑपरेटर के 5, सीनियर अकाउंटेंट के 1, मैनेजर के 1, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 1, आटोकार्ड के 2, ग्रॉफिक डिजाईनर सीनियर 1, बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के 1, सोशल मिडीया मैनेजर 1, सेल्स मैनेजर के 1, सेल्स एक्जीक्यूटिव के 3, कम्प्यूटर टीचर के 1, टेलीकॉलर के 1, ब्रांच मैनेजर के 1, एएस. ब्रांच मैनेजर के 1, रिलेशनसिप मैनेजर बीडीएम, बीडीई, बीडीए के लिए 6, बीडीएम, बीडीई, बीडीए के लिए 3, चार्टेड अकाउंटेंट के 1, सीएमए इंटर्न के 1, म्यूचुअल फंड के 3, फिल्ड मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव के 5, वेब डेवलपर के 5, सीनियर वेब डेवलपर के 2, प्रोजेक्ट मैनेजर के 1, एसआर. प्रोजेक्ट मैनेजर के 1, एसिस्टेंट ब्रांच मैनेजर 1, डेवलपमेंट मैनेजर (बीडीएम, बीडीई) के 6 एवं रिसेप्शनिस्ट के 6 पद रिक्त हैं। कुल 288 पदों के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक आवेदक 8 फरवरी को समय प्रातः 10.30 बजे अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड उक्त समस्त दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं 2 नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफके साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग मालवीय नगर चौक में उपस्थित हो सकते है। रिक्तियों से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय के सूचना पटल अथवा सोशल मीडिया पर देख सकते हैं।

# एलुमनी एसोसिएशन की बैठक

पायनियर संवाददाता ⟨ बागबाहरा
www.dailypioneer.com



समर्पण एलुमनी एसोसिएशन शासकीय खे.ल. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा की वार्षिक बैठक संपन्न हुई. इस बैठक में आगामी दो वर्षो के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया जो इस प्रकार है-अध्यक्ष पुष्पेन्द्र चंद्राकर, उपाध्यक्ष देवेश साहू, दुर्गा सागर सचिव भाविक सार्वा, सहसचिव सूरज सेन, चन्द्रकला आडिल, कोषाध्यक्ष कमलेश चिन्दा, कार्यकारिणी सदस्य- खोमन लाल साहु राहूल सलूजा, तरूण व्यवहार देवेंन्द्र कुमार साहू, गणेश चन्द्राकर, विजय व्यवहार, अंकित बागबाहरा, भोजनाथ देवांगन, सूमंत डड़सेना, तेजस पुरोहित, चुन्नी साहू, महेश हरपाल, सतीश शुक्ला, टेसराम पटेल, शैलेश शुक्ला, चुम्मन सोनवानी। इस वार्षिक आमसभा में निम्नलिखित विषय पर चर्चा हुई एवं प्रस्ताव पास किए गए। अगामी दो वर्षो के लिए पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें पुष्पेन्द्र चन्द्राकर को पुनः अध्यक्ष बनाया गया। पिछले वर्षो के आय व्यय खातों का संधारण कर पंजीयक फर्म एवं सोसायटी से आडिट कराने की सहमती हुई। एसोसिएशन की आय बढ़ाने के लिए महाविद्यालय के कम्प्यूटर आपरेटर थानुराम साहू को जिम्मेदारी दी गई। एसोसिएशन की सदस्यता बढ़ाने हेतु नये सदस्यों को जोड़ने के लिए दुर्गा सागर एवं सूरज सेन को जिम्मेदारी दी गई। एसोसिएशन के बैंकिग संबंधी कार्य के लिए गजानंद बुड़ेक सहायक प्राध्यापक वाणिज्य को अधिकृत किया गया। महाविद्यालय के विकास में दानदाता सदस्य संतोष अग्रवाल एवं रूपेश गोयल के सम्मान करने का निर्णय लिया गया। महाविद्यालय के विकास हेतु सभागार एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव संसदीय सचिव छ.ग.शासन से मिलकर मांग करने का निर्णय लिया गया।

# युवक -युवती परिचय सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोहे आयोजित



पायनियर संवाददाता ⟨ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

मां भद्रकाली के पावन भूमि बेमेतरा के टाउन हाल में उपस्थित समस्त केंद्रीय कार्यकारिणी, सामाजिक बंधु, क्षत्राणियो, एवं समस्त माताओं - बुजुर्गों को आप सभी कि सभा में सहभागिता के लिए धन्यवाद कि आप सभी ने कल के इस सामाजिक महाकुंभ में आकर इसे सफल बनाया जिसमे हमारे समाज के समस्त युवक युवति परिचय सम्मेलन के साथ सम्मान समारोह में उपस्थित समाज के उच्च पद पर आसीन कर्मचारी, राजनीति से संबंधित बंधु, खेल एवं क्रीड़ा, साहित्य से संबंधित समस्त माताओं बंधुओ कि उपस्थिति सराहनीय रही कल का यह कार्यक्रम आप सभी के सहभागिता के कारण ही सफल हुआ है जिसमे कल कि लोगो की कुल उपस्थिति 700 से अधिक आंकी गई, जो की हमारे समाज के एकजुटता और आगे आने के लिए आप सभी का बहुत ही सराहनीय क्रम है, और यह बहुत ही गर्व कि बात है कि कल कि सभा में हमने समाज के पूर्व अध्यक्षों का अनुभव पाया और समाज को नव दिशा के लिए नवीन ऊर्जा प्रदान कि साथ ही साथ कल बच्चो बड़ो सहित सभी युवक युवती में समाज के प्रति उत्सुकता और लगाव को देखकर बड़ी खुशी हुई, मानो कल का यह सामाजिक महाकुंभ स्वयं भगवान जगन्नाथ के रथ के समान प्रतीत हो रहा था, जिसे खींचने समाज का हर वर्ग और परिवार सम्मिलित हुआ जो कि समाज के विकास के लिए बहुत आवश्यक है।

# निगम के सभी जोन क्षेत्र में आयोजित होगें जनसमस्या निवारण शिविर, शेड्यूल जारी

पायनियर संवाददाता ⟨ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com





महापौर नीरज पाल एवं भिलाई निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर भिलाई निगम के सभी जोन क्षेत्रों में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जन समस्या निवारण शिविर फरवरी माह तक आयोजित होगा। जोन आयुक्त व निगम अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित शिविर स्थल पर प्राप्त हो रहे आवेदन के निराकरण को लेकर शिविर स्थल में उपस्थित हो रहे है। शिविर को लेकर शिविर का शेड्यूल भिलाई निगम ने जारी कर दिया है।

## इन स्थानों पर लगेंगे जनसमस्या निवारण शिविर

**-दिनांक 08.02.2023**-वार्ड क्रं 07 राधिक नगर सियान सदन, वार्ड क्रं 36 श्याम नगर संत रविदास भवन चटाई क्वाटर, वार्ड क्रं 50 शास्त्री नगर गणेश मैदान, वार्ड क्रं 64 सिविक सेंटर सेक्टर 10 सड़क 11 व 12 के बीच।

**दिनांक 09.02.2023**-वार्ड क्रं 08 कृष्णा नगर पुराना वार्ड कार्यालय, वार्ड क्रं 37 संत रविदास भवन चटाई क्वाटर, वार्ड क्रं 51 वीर शिवाजी नगर जोन-04 कार्यालय, वार्ड क्रं 65 सेक्टर 10 गुंडिचा मंच।

**दिनांक 10.02.2023**-वार्ड क्रं 09 राजीव नगर सांस्कृतिक मंच सुपेला, वार्ड क्रं 52 शिव मंदिर सेक्टर 03, वार्ड क्रं 66 सेक्टर 07 पार्षद कार्यालय के पास।

**दिनांक 13.02.2023**-वार्ड क्रं 10 लक्ष्मी नगर भीम नगर पुराना वार्ड कार्यालय, वार्ड क्रं 53 सेक्टर 01 मानव आश्रम, वार्ड क्रं 67 सेक्टर 07 रेल्वे स्टेशन बस्ती।

**दिनांक 14.02.2023**-वार्ड क्रं 11 फरीद नगर टाटा नगर सियान सदन, वार्ड क्रं 54 सेक्टर 01 मानव आश्रम, वार्ड क्रं 68 सेक्टर 08 शिवं मंदिर सड़क 12।

**दिनांक 15.02.2023**-वार्ड क्रं 12 अवंती बाई कोहका बजरंग चैंक कर्मा भवन के पास, वार्ड क्रं 55 व 56 सेक्टर 02 सड़क 06 डोम सेट, वार्ड क्रं 69 सेक्टर 09 हास्पिटल सेक्टर वरिष्ठ नागरिक मंच।

**दिनांक 16.02.2023**-वार्ड क्रं 13 पुरानी बस्ती कोहका मंगल बाजार सामुदायिक भवन, वार्ड क्रं 70 शहीद कौशल यादव वार्ड सियान सदन हुड़को।

**दिनांक 17.02.2023**-वार्ड क्रं 17 नेहरू भवन

**दिनांक 20.02.2023**-वार्ड क्रं 18 आमोद भवन कान्ट्रेक्टर कालोनी।

# कामधेनु विवि में डेयरी फार्मिंग एवं वर्मी कंपोस्ट निर्माण विषय पर 10 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ⟨ दुर्ग
www.dailypioneer.com



दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एन.पी.दक्षिणकर के मार्गदर्शन एवं निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ.संजय शाक्य के नेतृत्व में लाइवलीहुड बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर अंजोरा, दुर्ग में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवं जनजाति हब, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम, सूक्ष्म, लघु और मध्यम मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं जनजाति हेतु क्षमता विकास कार्यक्रम में डेयरी फार्मिंग एवं वर्मी कंपोस्ट निर्माण विषय पर 10 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 02 फरवरी से कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा, दुर्ग के प्रशिक्षण कक्ष में प्रारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दुर्ग एवं राजनांदगांव जिले से अनुसूचित जाति एवं जनजाति के 30 प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे हैं। लाइवलीहुड बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर के मुख्य अन्वेषक डॉ. सुभाष कुमार वर्मा, प्रशिक्षण समन्वयक डॉ.क्रांति शर्मा, प्रशिक्षण संयोजक डॉ.राकेश मिश्रा, प्रशिक्षण सह-संयोजक डॉ.यशवंत अटभैया, डॉ. दीप्ति किरण बरवा, डॉ.अमित गुप्ता, डॉ.निशा शर्मा एवं विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ.दिलीप चौधरी हैं। निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. संजय शाक्य ने बताया कि इस प्रशिक्षण से प्रशिक्षणार्थी भविष्य में अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सकते हैं। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न विधाओं में विषय विशेषज्ञों/वैज्ञानिकों के द्वारा उद्यमिता, डेयरी फार्मिंग में स्वरोजगार एवं प्रबंधन, पशुपोषण, चारा उत्पादन, दुग्ध व्यवसाय, ऑर्गेनिक फार्मिंग का महत्व एवं उसकी संभावनाएं, गोमूत्र का उपयोग, प्रभावी संचार कौशल, वर्मी कंपोस्ट की पैकेजिंग, बैंकिंग, बीमा आदि विषयों पर सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक जानकारी दी जावेगी।

## आदिवासी एवं ईसाई आदिवासियों के मध्य विभाजन की सांप्रदायिक मुहिम पर जताई चिंता

# नारायणपुर की घटना को लेकर माकपा ने गृहमंत्री साहू को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ⟨ कांकेर
www.dailypioneer.com



मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के एक प्रनिधिमंडल ने प्रदेश के गृह, जेल,लोक निर्माण, धार्मिक न्यास एवं पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू से मुलाकात कर माकपा के पोलित ब्यूरो सदस्य कामरेड वृंदा करात के नेतृत्व में कांकेर, कोंडागांव एवं नारायणपुर क्षेत्र में आदिवासियों एवं ईसाई आदिवासियों के मध्य सांप्रदायिक विभाजन की कोशिशों का जायजा लेने किए गए दौरे में प्राप्त जानकारी से अवगत कराते हुए इस पर अपनी चिंताओं से उन्हे अवगत कराया। इस मसले पर राज्य सरकार के एक दल को इलाकों मे भेजने का आग्रह करते हुए माकपा ने प्रभावित ईसाई आदिवासियों को उनके नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजे तथा उन्हें पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने एवं ऐसी कोशिश करने वाले ताकतों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में माकपा के कार्यकारी राज्य सचिव धर्मराज महापात्र, राज्य समिति सदस्य एस सी भट्टाचार्य, गजेंद्र पटेल तथा दलित शोषण मुक्ति मंच के अखिलेश एडगर शामिल थे। साहू ने प्रतिनिधि मंडल की बातों को ध्यान पूर्वक सुना तथा पुलिस महानिदेशक को इसे प्रेषित करने व उचित कदम हेतु आश्वस्त किया।

**माकपा ने अपने ज्ञापन में उनसे कहा कि**-यह ज्ञापन कांकेर, कोडागांव और नारायणपुर के उत्तरी बस्तर जिलों में कुछ जरूरी मुद्दों पर आपका ध्यान आकर्षित करने के लिए है, जहां ईसाई समुदाय के सदस्यों पर हमले हुए हैं। उल्लेखनीय है कि कामरेड वृंदा करात (पोलिट ब्यूरो सदस्य, माकपा) धर्मराज महापात्र (कार्यवाहक सचिव, माकपा, छत्तीसगढ़), बाल सिंह, (राज्य सचिव आदिवासी एकता महासभा) नजीब कुरैशी और वासुदेव दास ने 20 जनवरी से 22 जनवरी तक इन क्षेत्रों का दौरा किया था। प्रतिनिधिमंडल का उद्देश्य हिंसा के पीड़ितों के साथ एकजुटता व्यक्त करना था और यह भी समझना था कि आदिवासी समुदायों के बीच ऐसे तीखे विभाजन कैसे हो सकते हैं जो हिंसा की ओर ले जाते हैं जबकि यह समुदाय अब तक शांति और सद्भाव से रहते थे। प्रतिनिधिमंडल ने 100 से अधिक लोगों से मुलाकात की, जिनमें हिंसा के पीड़ित, पादरी, पुजारी, आदिवासी, आदिवासी संगठनों के सदस्य, स्थानीय निकायों के कुछ निर्वाचित सदस्य, कार्यकर्ता, छत्तीसगढ़ प्रोग्रेसिव क्रिश्चियन एलायंस के नेता शामिल थे। हमने कांकेर जिले के एसपी, नारायणपुर के कलेक्टर, कोडागांव के एसडीएम और कुछ अन्य अधिकारियों से मुलाकात की. 1 हमें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि कोई भी मंत्री या सरकार द्वारा प्रतिनियुक्त कोई वरिष्ठ नेता पीड़ितों और प्रभावित लोगों से मिलने के लिए अब तक क्षेत्र का दौरा नहीं किया है।



# वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**भंवरपुर।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पुरुषोत्तमपुर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि पदुमलाल पटेल कार्यक्रम की अध्यक्षता आनंद चौहान कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि निरंजन साहू पूर्व पंच, सपना साहू सक्रिय महिला कार्यकर्ता, प्रेम निषाद युवा मितान क्लब अध्यक्ष, तपी बाई पंच, निलकुमारी चौहान,मनोज भोई, परदेशी के अलावा शाला प्रमुख गंगाधर प्रसाद द्विवेदी प्रधान पाठक, रूपलता कुर्रे प्राथमिक प्रधान पाठक, मनोज नायक एवं संकुल समन्वयक डिजेन्द्र कुर्रे उपस्थित थे।

**कार्यालय, कलेक्टर (जिला निर्माण समिति), जिला उत्तर बस्तर-कांकेर**

**// अल्प कालिन निविदा //**

एन.आई.टी. क्रमांक/31 से 33/जि.नि.स./2022-23 कांकेर, दिनांक 27/01/2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों के लिए निम्नानुसार मैनुअल निविदा चतुर्थ एवं छटवां बार आमंत्रित की जाती हैः-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि (रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से) - 10/02/2023 (सायं 5:00 बजे तक)
2. आवेदन परीक्षण पश्चात् मनी रसीद कटाने की अंतिम तिथि - 13/02/2023 (सायं 5:00 बजे तक)
3. निविदा प्रपत्र वितरण की तिथि - 15/02/2023 (प्रातः 11:00 बजे से)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि - 20/02/2023 (सायं 05:00 बजे तक)
5. निविदा खोले जाने की तिथि - 21/02/2023 (सायं 03:30 बजे से)

इस कार्य की विस्तृत निविदा कार्यालयीन अवधि अंतर्गत कार्यालय में देख सकते हैं।

| क्र. | NIT No. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | धरोहर राशि | टीप |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 31 | ग्राम हामतवाही, वि.ख.दुर्गूकोंदल में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य। | 29.98 | 22,500/- | 4th Call |
| 2 | 32 | ग्राम-गोंडाहूर, वि.ख.-कोयलीबेड़ा के प्राथमिक स्वा. केन्द्र में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | 8.42 | 7000/- | 6th Call |
| 3 | 33 | ग्राम-केसेकोडी, वि.ख.-कोयलीबेड़ा के उप स्वा. केन्द्र में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | 8.42 | 7000/- | 6th Call |

कलेक्टर
जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

G-98249/4

## चीनी गुब्बारा जासूसी का संदेह

**अमेरिका** ने वह चीनी गुब्बारा मार गिराया है जिस पर जासूसी का संदेह था। क्या यह जासूसी विमान था? अभी यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है, पर अमेरिका ने आखिरकार चीनी गुब्बारा मार गिराया। लगभग तीन बसों के आकार वाले इस गुब्बारे ने अमेरिकी हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया था और अमेरिकी सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इसमें जासूसी निगरानी की क्षमतायें थीं। इसकी उपस्थिति के चलते 'राष्ट्रीय सुरक्षा प्रयास' के अंतर्गत तीन हवाईअड्डे बंद किए गए थे। हालांकि, बीजिंग ने गुब्बारे का स्वामित्व स्वीकार किया था, पर उसका दावा था कि यह सिविल मौसम विज्ञान संबंधी व अन्य वैज्ञानिक शोध का काम करता था। उसने इस बात पर दुःख भी जताया था कि गुब्बारा भटक कर अमेरिकी हवाई क्षेत्र में चला गया था। हो सकता है कि चीन ठीक कह रहा हो, पर इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि चीन झगड़ालू प्रकृति का है। खासकर शी जिनपिंग के नेतृत्व में चीन में खतरनाक बदलाव आया है और साम्यवाद तथा आक्रामक विदेश नीति जैसी हिंसक विचारधाराओं का मेल हो गया है। इसके परिणामस्वरूप पैदा राजनीतिक सिद्धान्त की मारक क्षमता अपनी जनक विचारधाराओं से बहुत अधिक है। चीन हर चीज को 'हथियार' में बदल देता है, फिर चाहे वे बिजनेस हों अथवा सारी दुनिया में बेचे जाने वाले एप व गैजेट। बौद्धिक संपदा की चोरी के साथ ही वह इनसे सीधी कार्रवाई भी करता है। कुछ महीने पहले एक चीनी उपग्रह सहायक जहाज युवान वांग 5 श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पहुंचा था। भारत ने इस जहाज के वहां जाने पर आपत्ति की थी, पर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी या कोलंबो ने हमारे सरोकारों पर ध्यान नहीं दिया। यह इस तथ्य के बावजूद था कि भारत ने हाल में श्रीलंका को उसके सबसे बड़े आर्थिक संकट के समय बचाया था। इससे चीन के श्रीलंका तथा अनेक अन्य छोटे देशों पर प्रभाव का पता चलता है। सैनिक विशेषज्ञों का मानना था कि हिंद महासागर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हंबनटोटा बंदरगाह पर युवान वांग 5 के आने से हमारे मिसाइल व उपग्रह कार्यक्रमों पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। आखिरकार युवान वांग 5 भारत को घेरने की चीनी परियोजना का हिस्सा है।

लेकिन अमेरिका शी के चीन का मुख्य विरोधी है जो वैश्विक वर्चस्व का सपना देख रहा है। यह गुब्बारा भी उसके अनेक जासूसी प्रयासों का एक हिस्सा हो सकता है। चीन अमेरिका द्वारा लगातार ताइवान का समर्थन करने से नाराज है। कुछ समय पहले अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पैलोसी ने ताइवान की यात्रा भी की थी जिसे चीन अपना प्रांत मानता है। अमेरिकी विदेश सचिव एंटोनी ब्लिंकेन ने इस सप्ताहांत बीजिंग की अपनी प्रस्तावित यात्रा भी टाल दी थी जिसका उद्देश्य दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच संबंध सुधारना था। इससे चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीसीपी के नेता और नाराज हो गए होंगे। ढाई साल पहले से चीन पूरब में जापान को आंखें दिखा रहा है, हिंद-प्रशांत में आस्ट्रेलिया को धमका रहा है तथा हिमालय में भारत के खिलाफ उसके आक्रामक तेवर हैं। चीन अपने अन्य पड़ोसियों के मन में भी आशंका पैदा कर रहा है, 'फाइव आइज़ एलायंस' का विरोध कर रहा है तथा अमेरिका से व्यापार युद्ध में उलझा है। यहां तक कि द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होने के समय हिटलर भी दो मोर्चों पर युद्ध से डर रहा था, पर शी जिनपिंग को ऐसी कोई चिन्ता नहीं है। लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से बहुत समय बीत गया है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से चीन के 'असीम' सहयोगी रूस को यूक्रेन युद्ध में भारी धक्का लगा है। ऐसा लगता है कि भले ही वे गुब्बारे उड़ाएं, पर तानाशाहों के नियंत्रण वाली बड़ी शक्तियों को अन्य देशों की जवाबी आक्रामकता का सामना करना पड़ सकता है।

# मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की खोखली दलीलें

### पढ़े लिखे और तार्किक मुस्लिम भी मानते हैं कि जब तक समान नागरिक संहिता नहीं लागू होगी तब तक मुस्लिम महिलाओं को उनके सामान्य मानवीय व सामाजिक अधिकार नहीं मिल सकते।



**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी, लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)




रविवार को लखनऊ में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना राबे हसनी नदवी की अगुवाई में हुई बैठक में बोर्ड ने एक बार फिर अपने दोहरे, विरोधाभासी ,अदूरदर्शी व राष्ट्र की एकजुटता में बाधा डालने वाले रवैये को ही प्रदर्शित किया। बोर्ड का कहना है कि समान नागरिक संहिता संविधान के विरुद्ध है और यही इसके विरोध का सबसे बड़ा कारण व आधार है। बोर्ड की यह दलील अपने आप में खोखली व भ्रमित करने वाली है। जिन्होंने संविधान पढ़ा है या जिन्हें संविधान का ज्ञान है वे अच्छी तरह जानते हैं कि यह सफेद झूठ के सिवा कुछ नहीं है।

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने फिर एक बार बेहद आक्रामक अंदाज में समान नागरिक संहिता को लागू किए जाने का विरोध करते हुए इसके खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया है। ऐसा तब है जब भारत सरकार ने यूसीसी लागू करने के बारे में कोई संकेत तक नहीं दिया है और सभी जानते हैं कि यह कोई रात के अंधेरे में किसी प्रशासनिक आदेश के जरिए लागू किया जाने वाला विषय नहीं है। इसके बावजूद अपने खोखले व अधकचरे तर्कों के द्वारा बोर्ड ने न केवल समान नागरिक संहिता बल्कि अन्य कई विषयों पर अपने धमकी भरे विरोध को जाहिर कर दिया है।

जस्टिस संजय किशन कौल व जस्टिस एमएम सुंदरम ने भी आठ जनवरी,2022 को समान नागरिक संहिता पर केंद्र सरकार को अपना पक्ष रखने को कहा। बीती दस जनवरी को भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ व जस्टिस पीएस नरसिम्हा ने उत्तराखंड सरकार द्वारा अपने राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने के सम्बंध में संस्तुति देने के लिए कमेटी के गठन को सही ठहराते हुए इसे चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। इसके तीन दिन बाद ही सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि अदालत इस बारे में विचार करेगी कि क्या वह संसद को समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए निर्देश दे सकती है। संविधान की बात तो यह हुई और अब संविधान के कस्टोडियन यानि सुप्रीम कोर्ट की राय व रुख पर भी एक नजर डालते हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस दीपक गुप्ता व अनिरुद्ध बोस की बेंच ने 13 सितंबर 2019 को देश में देश में समान नागरिक संहिता की जरूरत पर जोर दिया और इस सम्बंध में गोवा का उदाहरण भी दिया। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर अप्रसन्नता भी जाहिर राज्य के नीति निर्देशक तत्व के तहत संविधान के अनुच्छेद 44 में उल्लेख किए जाने के बावजूद सरकार इस दिशा में अब तक कुछ नहीं कर सकी।

संविधान का अनुच्छेद 44 समान नागरिक संहिता पर बिल्कुल स्पष्ट है। यह कहता है- राज्य अपने नागरिकों के लिए पूरे भारत गणराज्य में समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करेगा। संविधान की ड्राफ्ट कमेटी में भी इस मुद्दे पर खासी चर्चा हुई और उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर बुद्धिजीवियों के वर्ग का अभिमत है कि स्वयं बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर समान नागरिक संहिता के पक्ष में थे लेकिन कांग्रेसी विचारधारा वालों की बहुलता के कारण मामला आगे न बढ़ सका। गौरतलब है कि उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने 27 मई 2022 को विधान सभा चुनाव में समान नागरिक संहिता लागू करने के अपने चुनावी वादे को पूरा करने के लिए इस सम्बंध में संस्तुति देने के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रंजना देसाई की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की थी जिसमें दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस प्रमोद कोहली के अलावा शत्रुघ्न सिंह,मनु गौड़ व सुरेखा डंगवार(तीनो उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव) शामिल हैं। पुष्कर सिंह धामी ने संकेत दिया था कि उत्तराखंड में गोवा की तर्ज पर समान नागरिक संहिता लागू करने का विचार है। उल्लेखनीय है कि गोवा भारत का इकलौता ऐसा राज्य है जहां पूर्णतः न सही किंतु काफी हद तक समान नागरिक संहिता लागू है जो दरअसल पुर्तगाली सिविल कोड 1867 है। पुर्तगाल से आजादी मिलने के साथ ही पुर्तगाल का यह कोड गोवा में लागू हो गया था। हिन्दू मैरिज एक्ट 1955,हिंदू सक्सेसन एक्ट 1956,इंडियन सक्सेसन एक्ट 1925 व शरिया( एप्लीकेशन) एक्ट 1937 गोवा में प्रभावी नहीं हैं। अगर किसी मुस्लिम की शादी गोवा में रजिस्टर्ड है तो वह बहुविवाह नहीं कर सकता। ऐसी ही कई पाबंदियां अन्य धर्मावलंबियों के लिए भी हैं। गोवा में समान नागरिक संहिता की क्या स्थिति है? यह कितना सफल है कितना असफल? इसे भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शरद अरविंद बोबडे के कथन से समझा जा सकता है। जस्टिस बोबडे ने मार्च 2021 में एक कार्यक्रम में कहा था कि गोवा ने भारत के संविधान निर्माताओं की समान नागरिक संहिता की अवधारणा को साकार कर दिखाया है। जस्टिस बोबडे ने कहा कि उन्हें इस बात का सौभाग्य प्राप्त है कि उन्होंने इस व्यवस्था के तहत न्याय प्रदान करने का दायित्व निभाया। संविधान में उल्लेख होने के अलावा सुप्रीम कोर्ट की समय समय की गई टिप्पणियों के आधार पर यह साफ देखा व समझा जा सकता है कि समान नागरिक संहिता में कुछ भी गैर संवैधानिक नहीं है। यह केवल एक प्रपोगंडा है जो अपेक्षाकृत कम शिक्षित मुस्लिमों को भड़काने के लिए चलाया जा रहा है। पढ़े लिखे और तार्किक मुस्लिम भी मानते हैं कि जब तक समान नागरिक संहिता नहीं लागू होगी तब तक मुस्लिम महिलाओं को उनके सामान्य मानवीय व सामाजिक अधिकार नहीं मिल सकते। समान नागरिक संहिता से मुस्लिम ही नहीं बल्कि सभी धर्मों के मानने वालों के बीच व्याप्त कई हानिकारक प्रवृत्तियों से छुटकारा मिल सकेगा। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने केवल समान नागरिक संहिता को लेकर ही बरगलाने की कोशिश नहीं की है। रविवार को लखनऊ में हुई बैठक में इसने कुछ ऐसा ही हास्यास्पद रुख उपासना स्थल विधेयक 1991 को लेकर भी अपनाया। बोर्ड का मानना है कि इस विधेयक को समाप्त नहीं किया जाना चाहिए। बोर्ड के अनुसार चूंकि यह विधेयक संसद द्वारा पारित है इसलिए सरकार को इसे बनाए रखना चाहिए।

यहां फिर से मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का दोहरा रवैया उजागर होता है। जाहिर है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड पूरी निर्लज्जता के साथ दोहरा मापदंड अपनाते हुए सहूलियत की भाषा बोलता है। दकियानूसी विचारों से ओतप्रोत यह संस्था जैसी अतार्किक व कट्टर कल थी वैसी ही आज है और कल इसमें कोई तब्दीली होगी इसकी उम्मीद करना बेमानी गया। देश को प्रगतिवादी मार्ग पर चलना चाहिए और ऐसे में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की बेतुकी दलीलों को दरकिनार कर सरकार को देश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए निर्णायक पहल करनी चाहिए।

अगर उपासना स्थल विधेयक को इसलिए न समाप्त किया जाए क्योंकि इसे संसद ने पारित किया है तो फिर मुस्लिम समाज नागरिकता संशोधन कानून को समाप्त करने की मांग क्यो करता है? इसे भी तो उसी संसद ने उसी प्रक्रिया से पारित किया है जिससे उपासना स्थल विधेयक पारित हुआ था। फिर क्यों देश भर में शाहीन बाग जैसे जनजीवन को ठप करने वाले विरोध प्रदर्शन हुए? खासकर यह देखते हुए नागरिकता संशोधन कानून का तो भारत के मुसलमानों से कोई लेना देना ही नहीं था।

# सीतारमण का सराहनीय बजट



**सुमित भसीन**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

आज दुनिया भारत को ज्यादा गौर से देख रही है। भारत जल्द ही 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था की सीमा पार करने के रास्ते पर है। 2035 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर प्रगति कर रहा है। भारत को जल्द ही इस श्रेणी में पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित करना होगा। अगले 25 साल में भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष अनेक अवसर हैं। इस दृष्टिकोण से वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट मील का एक पत्थर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी राजनय से 'भारत प्रथम' की अटूट प्रतिबद्धता प्रकट की है और इस बारे में अब किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिए। देश को पहले स्थान पर रखना सरकार की सर्वोच्च प्रतिबद्धता है। मोदी सरकार की विचार पद्धति भारत को आगे ले जाने के लिए है। उनके सामने किसी प्रकार का दबाव नहीं है। भारत को अवश्य आगे बढ़ना चाहिए। अर्थव्यवस्था के मूलाधार इसके लिए जीवन्त बने रहने चाहिए। अगली पीढ़ी के हितों को ध्यान में रखते हुए अर्थव्यवस्था के मूल तत्वों को कोई नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। 2008 में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में केन्द्र द्वारा पेश बजट ने यह सुनिश्चित किया था कि कांग्रेस की 2009 के लोकसभा चुनाव में अच्छी स्थिति हो। इसके लिए संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-संप्रग सरकार ने 2008 के बजट में किसानों की कर्ज माफी का प्राविधान रखा।

लेकिन इससे सरकारी खजाने पर 63,000 करोड़ अतिरिक्त खर्च का बोझ पड़ा। हालांकि, कांग्रेस नीत संप्रग सरकार सत्ता में लौटने में सफल रही और अगले पांच साल उसने सरकार चलाई। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक-सीएजी ने विस्तृत रिपोर्ट तैयार की थी कि कर्ज माफी योजना का किस प्रकार क्रियान्वयन हुआ। यह रिपोर्ट एक केस स्टडी की तरह है कि सत्तारूढ़ पार्टी ने चुनाव जीतने के शार्टकट में देश की वित्तीय परिसंपत्तियों के साथ आंखें बंद कर व्यवहार किया। इससे सरकारी बैंकों पर भारी बोझ पड़ा। इसका लाभ अवांछित लोगों ने उठाया जिन्होंने कभी खेती नहीं की थी, पर उन्होंने राष्ट्रीय खजाने का पैसा अपनी जेबों में डाल लिया। संप्रग सरकार के दूसरे कार्यकाल में वोट खरीदने वाले 2008 बजट के उपाय प्रशासन के लिए सामान्य बन गए। मनमोहन सरकार में 'दरबारी पूंजीवाद' नीति मंत्र बन गया। बैंकों ने सतही आंकलनों और मूल्य निर्धारणों पर निजी कंपनियों को कर्ज दिए।

जब संप्रग सरकार ने सत्ता छोड़ी तब तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक नष्ट हो गए थे जिनको आईसीयू में डालना पड़ा। इन विपरीत परिस्थितियों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश का नीतिगत दायित्व संभाला। उन्होंने महत्वपूर्ण बैंकिंग क्षेत्र को आईसीयू से निकाल कर उसे पुनर्जीवित किया ताकि अर्थव्यवस्था के इंजन अपनी अधिकतम क्षमता से काम कर सकें।

2023 में वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश केन्द्रीय बजट में कोई 'खैरातें' नहीं दी गई हैं। एक भी प्रस्ताव ऐसा नहीं है जिसे खैरात कहा जा सके। उन्होंने केन्द्रीय बजट के लिए 'सप्तर्षि' या सात निर्देशक सिद्धान्त रेखांकित किए हैं। प्रत्येक सिद्धान्त भारतीय अर्थव्यवस्था का एक चक्र है जो वैश्विक सप्लाई श्रृंखला में भारत की स्थिति मजबूत करने के लिए है। संप्रग सरकार के कार्यकाल में अखबार किसानों की आत्महत्याओं की खबरों से भरे रहते थे। किसानों की कर्ज माफी योजना किसानों की आत्महत्याओं को रोकने में विफल रही थी। यहां तक कि समृद्ध समझे जाने वाले गन्ना किसान भी बकाये का शिकार थे। गन्ना मिलें किसानों को बकाया नहीं दे रही थीं। मोदी सरकार ने अपने बजटीय प्रस्तावों से भारतीय कृषि को अनेक बीमारियों से मुक्ति दिलाने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना ने उन किसानों का सशक्तीकरण किया जिनके पास सूदखोरों के पास जाने के सिवा कोई और रास्ता नहीं था। पिछले नौ बजटों में अनेक योजनाओं की सतर्कतापूर्ण डिजाइन के माध्यम से मोदी सरकार ने कल्याणकारी हस्तक्षेप को संतृप्ति के स्तर तक पहुंचा दिया है। अनेक देशों और अर्थशास्त्रियों ने तर्क दिया था कि भारत को मुद्रा छापनी चाहिए ताकि कोविड-19 वैश्विक महामारी के समय लोगों की सहायता की जा सके। लेकिन मोदी सरकार ने स्पष्ट दिशा के साथ संकटग्रस्त समूहों की रक्षा की। यह काम प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से हुआ। सरकार ने यह योजना 80 करोड़ लोगों के लिए चलाई। जब यह पूरी तरह स्पष्ट हो गया कि योजना ने अपना लक्ष्य पूरा कर लिया है तो इसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में मिला दिया गया। जनता मांग करने लगी थी कि उद्देश्य पूरा होने के बाद योजना पर पुनः विचार किया जाए। इस प्रकार वित्त मंत्री सीतारमण बजट प्रस्तावों में खाद्य सब्सिडी पर खर्च घटाने में सफल हुईं। इसके साथ ही केन्द्रीय बजट में ऐसे उपाय किए गए हैं जो उर्वरक सब्सिडी का तार्किकीकरण करते हैं। यह स्थिति अतीत में उर्वरक व खाद्य सब्सिडी की लगातार बेलगाम चोरी के एकदम उलट है।

सार्वजनिक खर्च के माध्यम से ढांचागत संरचनाओं के बजटीय आबंटन में 33 प्रतिशत वृद्धि की गई है और अब यह 10,00,000 करोड़ पहुंच गया है। इससे वित्त मंत्री सीतारमण ने मोदी सरकार की 'भारत प्रथम' प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। इस नीति का उद्देश्य देश भर में अगली पीढ़ी की ढांचागत संरचना तैयार करना है। नए हवाईअड्डे दूसरी श्रेणी वाले शहरों को दुनिया से जोड़ेंगे। इसके साथ ही तीसरी श्रेणी के शहर भी देश की अर्थव्यवस्था के इंजन की तरह काम करेंगे। इससे एक सुगठित भारत उभरेगा जहां लोगों को अपने घर के निकट रोजगार मिलेगा। इसका लक्ष्य यह भी है कि लोगों को बड़े शहरों में पलायन न करना पड़े। महानगर पहले ही अपनी भार सहनीय क्षमता से आगे निकल गए हैं। सालों से तर्क दिया जा रहा है कि आर्थिक गतिविधियों का प्रसार पूरे देश में होना चाहिए। मोदी सरकार ने राज्य सरकारों को प्रेरित किया है कि वे 'एक जिला एक उत्पाद' कार्यक्रम पर जोर दें क्योंकि इससे देश में तेज ढांचागत विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। विश्वसनीय ढांचागत परियोजनाओं तक पहुंच से निवेश भी आकर्षित होगा। इससे देश के अनेक ऐसे राज्यों को लाभ होगा जो विकास में अब तक पीछे छूट गए थे। इसके अतिरिक्त वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'प्रधानमंत्री कौशल योजना-4' के लिए भी प्रतिबद्धता प्रकट की है। उभरते उद्योगों की जरूरतों के अनुसार नौजवानों का कौशल विकास होना चाहिए।

इस योजना को सरकार की ओर से वित्तीय समर्थन के साथ ही अच्छे फंड वाले प्रोत्साहन दिए जाएंगे ताकि देश में कुशल श्रमशक्ति तैयार हो सके। इसकी बहुत आवश्यकता है। भारत ने उनके बाजारों में कुशल भारतीय श्रमशक्ति पहुंचाने के लिए जर्मनी, आस्ट्रेलिया और यूएई से समझौतों के प्रयास किए हैं। ऐसे समय जब दुनिया प्रशिक्षित श्रमशक्ति की कमी का अनुभव कर रही है, तब बजट ने देश में तेजी से कुशल श्रमशक्ति तैयार करने पर प्रतिबद्धता प्रकट की है।

## फरमाया



**अगले** पांच-छः महीने में हजारों ऐसे पति गिरफ्तार किए जाएंगे जिन्होंने 14 से कम आयु वाली लड़कियों से यौन संबंध बनाए हैं, भले ही उनसे विवाह किया हो।

**– हिमंता बिस्वा सर्मा**
असम के मुख्यमंत्री



**पुरुषों** को गिरफ्तार करने के बाद उनकी विवाहित लड़कियों की देखभाल कौन करेगा? क्या मुख्यमंत्री उनकी देखभाल करेंगे?

**– असदुद्दीन ओवैसी**
एआईएमआईएम प्रमुख



**विकास** पर मुख्य ध्यान है। हम विकास बहाल करना और उसे टिकाऊ बनाए रखना चाहते हैं।

**– निर्मला सीतारमण**
वित्त मंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## यूक्रेन का भविष्य

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोडोमिर ज़ेलेन्स्की एक गहरे संकट का शिकार हैं। एक तरफ रूसियों का आक्रमण को झेल रहे हैं दूसरी तरफ अपने देश के ही अनेक मंत्रियों एवं प्रशासकों में लगातार बढ़ रहे भ्रष्टाचार के मामलों से उनकी रातों की नींद हराम हो रही है। उन्हें सबसे विश्वासपात्र रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेज़निकोव कोए हटाने का आदेश देना पड़ा। इस विषम परिस्थिति में भी रक्षा विभाग भ्रष्ट आचरण में व्यस्त था। पिछले एक महीने के दौरान कई प्रांतों के उप मंत्रियों एवं प्रसाशनिक अधिकारियों को उन्होंने बर्खास्त किया है। मतलब कल्पना से परे उच्च पदों पर बैठे लोगों को इस समय उस रणनीति पर काम करना चाहिए था कि कैसे घुसपैठियों के आतंक को रोका जाय। मगर उनमें से कुछ अधिकारी आपदा में भी अवसर तलाशने में लगे हैं। ऐसी घटनाओं को देशद्रोह की श्रेणी में रखा जाना चाहिए। अकेले ज़ेलेन्स्की किन-किन क्षेत्रों में लड़ेंगे? दुश्मन का सामना करेंगे या घरेलु दुश्मनों को सम्हालेंगे? अच्छा होता जब रूस ने पिछले साल 24 फरवरी को आक्रमण शुरू किया था तो अमेरिकी सरकार ने ज़ेलेन्स्की को सपरिवार अमेरिका आकर बसने का ऑफ़र दिया था जिसे उन्होंने ठुकरा दिया था। अब सवाल जेलेन्स्की के साथ यूक्रेन के भविष्य पर है।

**–जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

## हानिकारक एप

**सरकार** ने 232 अनर्गल और अनधिकृत चीनी एप्स पर प्रतिबन्ध लगा कर राष्ट्रहित में सराहनीय कार्य किया है। देश में बहुत सी अनर्गल, अनाधिकृत तथा असली कंपनियों-संस्थानों के नाम वाली नकली एवं धोखाधड़ी की एप्स की तादाद भी बढ़ती जा रही है। इसके जाल में फंसकर भोलेभाले लोग रोजाना आर्थिक और मानसिक परेशानी उठा रहे हैं। सोशल मीडिया भी अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग कर रहा है जिससे अनावश्यक अफ़वाहों को हवा मिलने से लोगों की भावनाओं को ठेस पहुँच जाती है। अतः सरकार को आधुनिक तकनीक के बढ़ने से लोगों के साथ ही राष्ट्र को होने वाली दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए अपने तकनीकी संसाधनों को चुस्त-दुरुस्त करने की ओर भी ध्यान देने की जरुरत है ताकि देश में कोई उसका बेजा फ़ायदा ना उठा सके। इंटरनेट प्रयोगकर्ताओं, खासकर छात्रों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस सलाह पर भी गौर करना चाहिए कि वे सप्ताह में कम से कम एक दिन डिजिटल मुक्त दुनिया में रहें। हमें इंटरनेट व सोशल दुनिया की मायावी दुनिया से निकल कर अपने निकटस्थ मित्रों, रिश्तेदारों, आदि से सीधे संपर्क भी करना चाहिए।

**–शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

## मोटे अनाजों का महत्व

**यह** जानकर सुखद आश्चर्य हुआ कि भारत में मोटे अनाज का उत्पादन विश्व के कुल उत्पादन का 41 प्रतिशत है। भारत मोटे अनाज का सबसे बड़ा उत्पादक देश ही नहीं बल्कि सबसे बड़ा निर्यातक भी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों के कारण ही संयुक्त राष्ट्रसंघ ने वर्ष 2023 को विश्व मिलट्स ईयर घोषित किया है ताकि मोटे अनाज के महत्व और गुणवत्ता को विश्व के समक्ष रखा जा सके। प्रधानमंत्री ने दिसंबर में सभी सांसदों के साथ मोटे अनाज के साथ भोजन किया ताकि सांसदों में भी इसके प्रति आकर्षण बढ़े। विदेश मंत्री ने भी संयुक्त राष्ट्रसंघ के प्रधान महासचिव को मोटे अनाज की दावत दी है। जी20 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भी मोटे अनाज से बने व्यंजनों को परोसा जाएगा। राजस्थान में बाजरे की खेती होती है और बाजरे के व्यंजन सर्वाधिक प्रयोग होते हैं। मोटा अनाज स्वास्थ्यवर्धक पौष्टिक आहार भी है। भारत सरकार, प्रदेश सरकारों तथा अनेकानेक संस्थानों व आम जनता द्वारा मोटे अनाजों के प्रोत्साहन से किसानों को भी लाभ होगा तथा जल संरक्षण भी होगा।

**–वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

# लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने अधिकारियों को दिए निर्देश

**कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक,**

**शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का प्राथमिकता से करें क्रियान्वयन**

## समय पर पशुओं का टीकाकरण करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने मंगलवार को कलेक्टरेट के दृष्टि-सभाकक्ष में जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय अधिकारी व अधीनस्थ कर्मचारियों के मध्य संवाद व समन्वय बनाये रखने और विभागवार लंबित प्रकरणों के समीक्षा कर निबटारा हेतु समय-सीमा बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में विकास और निर्माण कार्यों की प्रगति के साथ ही राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधीश ने राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों को देखते हुए उसकी प्रतिदिन समीक्षा कर शीघ्रता से निराकरण करने एवं विवादित नामांतरण का निपटारा जल्द से करने के निर्देश राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए। जिला खाद्य अधिकारी से उपार्जन केन्द्रों में धान के उठाव की जानकारी ली। जिले में चिटफंड के कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा की। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत लाभान्वित हितग्राहियो की जानकारी ली। चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित आयुष्मान भारत की समीक्षा की। जिसमें आयुष्मान योजना के तहत अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में कोरोना, कैंसर, गुर्दा रोग, हृदय रोग, डेंगू, चिकुनगुनिया, मलेरिया डायलिसिस, घुटना व कूल्हा प्रत्यारोपण, निःसंतानता, मोतियाबिंद और अन्य चिह्नित गंभीर बीमारियों का निःशुल्क उपचार में लाभान्वित हुए हितग्राहियों की जानकारी ली।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के सीएससी और पीएससी केंद्र में दवाई की उपलब्धता के संबंध में पूछा। इस दौरान मरीजों के लिए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता और ऑक्सीजन सप्लाई की भी जानकारी ली साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वाथ्य अधिकारी को चिकित्सालय व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी से कहा कि वार्ड में पहुंचकर मरीजों के उपचार एवं आवष्यक व्यवस्था कराना सुनिष्चित करें। कलेक्टर ने छ.ग. राज्य विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता को निर्देश दिए कि जहां-जहां ग्रामीण औद्योगिक पार्क कार्यक्रम चल रहे हैं वहा पर बिजली की आपूर्ति पूर्ण रुप से हो। पशुधन विकास विभाग से पशुओं के टीकाकरण के प्रगति की समीक्षा की और कहा कि समय पर मवेशियों का टीकाकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जल संसाधन विभाग को जिले में हो रहे नल जल योजना के तहत सम्पूर्ण ग्राम व शहरी क्षेत्रों में पानी की सप्लाई को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करने को कहा। और कहा कि जिले के प्रत्येक चिन्हित शहरी क्षेत्र से लेकर प्रत्येक ग्राम व ग्राम पंचायत में पानी की कमी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग से समेकित बाल विकास सेवा योजना के अंतर्गत शून्य से छः वर्ष आयु तक के बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य स्थिति में सुधार लाने, शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर में कमी लाने, कुपोषण को दूर करने, गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने एवं पूरक पोषण आहार रेडी-टू-ईट की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में स्कूली बच्चों का जाति, निवास प्रमाण-पत्र जारी करने, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत खाद्यान्न का वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि का भुगतान समय पर करने के निर्देश दिए। जिलाधीश ने राजस्व पुस्तक परिपत्र (आर.बी.सी.) 6-4 के तहत लंबित मुआवजा राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा सुरुचि सिंह, बेरला युगल किशोर उर्वशा, नवागढ़ उमाशंकर बंदे, डिप्टी कलेक्टर प्रवीण तिवारी, धनराज मरकाम, भूपेन्द्र जोशी, हीरा गवर्ना सहित जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस सरकार पीएम आवास रोक कर गरीबों के साथ कर रही अन्याय: ओमप्रकाश जोशी

## भाजपा करेगी नगरी निकाय के कार्यालयों का घेराव

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर भाजपा जिला बेमेतरा की मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, पार्षद एवं पार्षद प्रत्याशियों की बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार द्वारा ग्रामीण अंचल में गरीबों के पीएम आवास पर रोक लगाए जाने के खिलाफ आंदोलन की रणनीति पर चर्चा हुई। इस आंदोलन के पहले चरण में नगर पालिका व पंचायत कार्यालय का घेराव और फिर जिला अंतर्गत विधायको के कार्यालयो का घेराव किया जाना है। प्रत्येक पंचायत में प्रधानमंत्री आवास के लिए फार्म भराने एंव चौपाल लगा कर सरकार के खिलाफ माहौल बनाने को मंडल अध्यक्षों को कहा गया। पार्षद एंव पार्षद प्रत्याशी को अपने वार्ड में गरीब व्यक्ति जिनके पास मकान नहीं है उनके फार्म भराने को कहा गया है। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने 60 त्न अपना अंशदान दे दिया है पैसा भी राज्य सरकार के पास आ गया है लेकिन राज्य की कांग्रेस सरकार अपना अंशदान नहीं दे कर गरीबों के साथ अन्याय कर रही है। 2023 तक सभी गरीबों के पास मकान हो जाए ऐसा प्रधानमंत्री ने योजना बनाई थी लेकिन राज्य की कांग्रेस सरकार के सहयोग नहीं देने कारण गरीबों को आवास नहीं मिल रहा है। बैठक में पूर्व विधायक लाभचद बाफना ,पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पूर्व प्रदेश मंत्री संध्या परगनिहा ,जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा व विकास धर दीवान, जिला उपाध्यक्ष राजा पांडेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी, भाजपा नेता डॉ. जगजीवन खरे,बलराम पटेल, राजेन्द्र ठाकुर, अजय साहू, मोंटी साहू, यशवांत वर्मा, बल्लू साहू, रोहित ठाकुर, डोमेन्द्र राजपूत, मोनू पाल, रोहित साहू, राजा गौकरण साहू, पोषण वर्मा, बिसरू साहू, राजेश ठाकुर, पूनम ठाकुर, सतीश जैन रिंकू साहू,संतोष वर्मा,डेरहा देवांगन, प्रबल ठाकुर मानक चतुर्वेदी, शिवझड़ी सिन्हा सहित देवकर ,मारो , बेरला ,नवागढ़ ,थानखम्हरिया, परपोड़ी, साजा व बेमेतरा के पार्षद एंव पार्षद प्रत्याशी उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट एवं असाधारण कार्य करने वाले को कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया

**दल्लीराजहरा।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा कर्मचारियों को उनके कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं असाधारण कार्य करने पर पुरस्कृत करने प्रति माह कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसी कड़ी में लौह अयस्क समूह दल्ली राजहरा में 7 फरवरी को दल्ली यंत्रीकृत खदान के सीतल मनमोडे वरिष्ठ. ओपरेटर (टी एंड डी) एवं सुरेश कुमार बिलसे मास्टर आपरेटर राजहरा यंत्रीकृत खदान को जनवरी माह का कर्म शिरोमणि पुरस्कार से अलंकृत किया। यह कार्यक्रम समीर स्वरूप मुख्य महाप्रबंधक (खदान एवं रावघाट) के मुख्य आथित्य में संपन्न हुआ। इस कायक्रम में आर. सी. बेहरा मुख्य महाप्रबंधक (लौह अयस्क समूह) आर. के. गर्ग सहामहाप्रबंधक (राजहरा यंत्रीकृत खदान) प्रवीण रामटेके वरिष्ठ .प्रबंधक (टी एंड डी) विकास चंद्रा उप महाप्रबंधक (कार्मिक- लौहअयस्कसमूह) डॉ जे.एस. बघेल (कार्मिक-सी.एफ.) उपस्थित थे। कार्यक्रम में अधिकारीयों ने पुरस्कृत कर्मचारियों को संबोधित किया एवं इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करते रहने के लिये उन्हें प्रोत्साहित किया प्रोत्साहन के रूप मे कर्मचारी को प्रमाणपत्र, उनकी पत्नी को प्रमाणपत्र, गिफ्ट, दिया जाता है ।

# कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

**चिकित्सालय में नियमित साफ-सफाई रखने के दिए निर्देश**

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था पर निगाह रखने कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय परिसर के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया एवं ओ.पी.डी., ब्लड बैंक, महिला वार्ड, दवाई भण्डारण कक्ष, रसोई वार्ड, आयुष वार्ड, अंतःरोगी वार्ड, सोनोग्राफी कक्ष, आपात चिकित्सा कक्ष, सर्जरी वार्ड, भोजन व्यवस्था, पैथोलॉजी, मरीजों के लिए बिस्तर की व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने सभी चिकित्सकों को ओपीडी में नियमित तौर पर समय पर उपस्थिति सुनिश्चित रखने एवं साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था दुरुस्त बनाये रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने चिकित्सा अधिकारियों को यह भी ध्यान रखने के निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी तरह की परेशानी न हो और समय पर उनका ईलाज सुनिश्चित हो। उन्होंने अस्पताल में कराए जा रहे विभिन्न उन्नयन कार्यों को जल्द से जल्द गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश सिविल सर्जन डॉ चुरेंन्द्र को दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी. आर. टंडन, सिविल सर्जन सह अस्तपताल अधीक्षक डॉ. एस.आर. चुरेन्द्र, जिला कार्यक्रम प्रबंधक लता बंजारे एवं जिला चिकित्सालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

# तहसील साहू संघ का शपथ ग्रहण एवं बिदाई समारोह

## संख्या बड़ा होना मायने नहीं रखता विचार बड़ा होना चाहिए

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



तहसील साहू संघ दल्ली राजहरा के शपथ ग्रहण एवं बिदाई समारोह में आए मुख्य अतिथि गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपने अतिथि उद्बोधन में कहा कि तोरण लाल साहू ने समाज को आगे बढ़ाने के लिए बहुत मेहनत किया है, उनको बहुत-बहुत धन्यवाद। युवराज साहू के टीम का यह दूसरा कार्यकाल है। समाज के पूर्व अध्यक्षों से प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ाने में प्रयास करना चाहिए। शपथ लेने का मतलब कसम खाना है उसे हल्के में नहीं लेना चाहिए आपने शपथ लिया है उसके अनुरूप समाज के लिए उपयोगी काम करना चाहिए। समाज के पदाधिकारी रहने पर उन्हें पद का दुरुपयोग और अहम में ना रहे आप जितने ज्यादा झुकेंगे उतना ही ज्यादा लोगों को जोड़ेंगे संगठन का मतलब है जोड़ना। आपको अपने कार्य करने का लक्ष्य बनाना चाहिए कि मुझे अपने समाज के लिए यह काम करना है। ताम्रध्वज ने कहा कि आज से 32 वर्ष पहले जब मैं जिला दुर्ग का साहू समाज का अध्यक्ष था तब1993 के समय बहुत बड़ी कार्यशाला हुई थी। वैसा कार्यक्रम आज तक नहीं हुआ है। उसका नाम रखा था हम लोगों ने साहू महाकुंभ। उन्होंने गायत्री परिवार की तरह हर साल एक बुराई को छोड़ने का संकल्प लेने को कहा। उन्होंने कहा कि समाज में आपका संख्या बड़ा होना मायने नहीं रखता आपका विचार बड़ा होना चाहिए। समाज में प्रचलित बुराइयों के संबंध में उन्होंने कहा कि समाज में यह नियम है शादी में साड़ी प्रथा, यह प्रथा हमेशा हमेशा के लिए बंद होना चाहिए। दिखावा, इर्ष्या, द्वेष जैसे छोटी-छोटी चीज जिसे आसानी से दूर किया जा सकता है। सगाई में फिजूल खर्च के बारे में उन्होंने कहा कि सगाई में लड़का पक्ष के पूरे परिवार मां, बहन, भाई ,दीदी सभी एक साथ लड़की पक्ष के घर जाएं तथा वहां के महिला, पुरुष एक साथ मिलकर बैठकर खाना बनाएं और एक साथ बैठकर आनंद लें और उसमें सगाई करें। उससे समाज में एकरूपता आएगी और फिजूलखर्ची भी बचेगी। अन्य समाज के लोगों के बीच मेल मिलाप रखें तथा एक दूसरे की भावना का आदर करें। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री छत्तीसगढ़ शासन अनिला भेड़िया ने मां कर्मा की जयकारे के साथ अपना उद्बोधन दिया उन्होंने सर्वप्रथम मंत्री का अपने विधानसभा क्षेत्र में आने के लिए धन्यवाद दिया। जिस तरह वे सामाजिक क्षेत्र में आगे रहते हैं उसी तरह धार्मिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में भी मंत्री आगे रहते हैं ,जिस तरह पूर्व अध्यक्ष ने समाज को आगे बढ़ाने के काम किये हैं उसी तरह युवराज साहू को भी समाज को आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए उन्होंने साहू समाज के संदर्भ में कहा कि साहू समाज छत्तीसगढ़ में सबसे शिक्षित और अग्रणी समाज कहा जाता है यह अन्य समाज के लिए भी प्रेरणा का विषय है। कार्यक्रम की शुरुआत तहसील के युवा मोर्चा अध्यक्ष गजेंद्र साहू साथ उनकी टीम के द्वारा बीएसपी गेस्ट हाउस में अगवानी कर कार्यक्रम स्थल मां कर्मा मंदिर प्रांगण में लाया गया।

# नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए अधिवक्ता संघ से हुई परिचर्चा

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिले में वर्ष के प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 फरवरी 2023 को किया जायेगा। अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश जयदीप निमोणकर, के मार्गदर्शन में जिला अधिवक्ता संघ बेमेतरा के अध्यक्ष प्रणीश चौबे एवं साथी अधिवक्तागण के साथ जिला न्यायालय बेमेतरा के प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, विजय कुमार होता, अपर सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा, प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश बेमेतरा, एवं सचिव/व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 जसविंदर कौर अजमानी मलिक ने बैठक की। बैठक में नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अधिवक्तागण के साथ चर्चा कर सौहार्दपूर्ण तरीके से पक्षकारों के मध्य आपसी राजीनामा कर प्रकरण का निराकरण किया जाना चाहिए। जिसमें अधिवक्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। अधिवक्तागण से सतत रूप से प्रकरणों का पर्यवेक्षण कर अधिक से अधिक राजीनामा प्रकरणों का निराकरण करने में सहयोग करने को कहा। नेशनल लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन प्रकरण में बी.एस.एन.एल, विद्युत विभाग, नगर निगम, बीमा कंपनी, बैंक से प्राप्त लोन के प्रकरण का निराकरण किया जाना है। चेक बाउंस के प्रकरण, भरण पोषण एवं अन्य राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरणों का निराकरण किया जाता है। पूर्व लोक अदालत की भांति इस बार भी राजस्व प्रकरणों का निराकरण किये जाने के संबंध में चर्चा की गई और तहसील न्यायालय में पैरवी करने वाले अधिवक्तागण से खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे के मामले, वारिसों के मध्य बंटवारे विक्रय पत्र, दान पत्र, वसीयतनामा आदि के आधार पर नामांतरण के मामले आदि का निराकरण लोक अदालत में करने को कहा। नेशनल लोक अदालत पूरे देश में आयोजित किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय बेमेतरा के साथ-साथ तालुका न्यायालय साजा में भी आयोजित किया जायेगा।

# भिभौरीवासियों की मांग पर महाविद्यालय खोलने की घोषणा

**विधायक आशीष छाबड़ा का ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया**

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




नगर पंचायत भिभौरी के वासियों ने विधायक आशीष छाबडा से भेंट कर क्षेत्र के वर्षों पुरानी मांग भिभौरी में महाविद्यालय स्थापना की घोषणा के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया है। ज्ञात हो कि विधायक आशीष छाबड़ा जब से विधायक बने हैं तब से उन्होंने भीभौरी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सुनियोजित ढंग से कार्य किया है जिसके फलस्वरूप पहले भिभौरी को उप तहसील का दर्जा दिलाना फिर नगर पंचायत का दर्जा दिलाना तथा भिभौरी को पूर्ण तहसील का दर्जा दिलाना तथा पिरदा से भिभौरी मार्ग का चौड़ीकरण एवं डिवाइडर निर्माण तथा अब मुख्यमंत्री के आगमन पर भिभौरी नगर पंचायत में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना भिभौरीक्षेत्र का पूर्ण रूप से कायाकल्प विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यकाल में ही हुआ है क्षेत्र में हो रहे विकास को देखते हुए क्षेत्रवासियों ने विधायक आशीष छाबड़ा से मिलकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया साथ ही स्वामी आत्मानंद स्मृति अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हेतु प्रयास करने के बात कही आभार व्यक्त करने वालो में चंद्र विजय धीवर संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, महेश्वरी खिवराज धीवर सरपंच ग्राम पंचायत भिंभौरी, कमलेश देशलहरे सचिव ग्राम पंचायत भिंभौरी,राजेंद्र वर्मा अध्यक्ष नव युवक मंडल, भूलू राम वर्मा अध्यक्ष 22 गांव किसान संघ, कुंजलाल लाल साहू अध्यक्ष ग्राम सभा, मोती लाल साहू, खिवराज धीवर सरपंच प्रतिनिधि, नरेंद्र साहू सरपंच प्रतिनिधि कुम्ही, गोपी चंद निषाद सरपंच प्रतिनिधि कंडरका, कमलेश वर्मा, विक्की साहू, केशव साहू, राजेश साहू, सुरेखा पाटिल सरोज साहू, यमुना वर्मा, टीकम सिंह वर्मा, नेतराम निषाद (कोंटा) वरिष्ठ कांग्रेसी, परस यादव, ओमप्रकाश यदु, देव सिंग साहू, रमेश पाटिल, धनेश्वर साहू, खुबी राम साहू, तेजराम सिन्हा, मन्नू साहू, रामगोपाल धीवर, अमर साहू।

**पुलिस टीम की तत्परता के लिए परिजनों ने की प्रशंसा**

# मेले में परिवार से बिछड़े बच्चों को कबीरधाम पुलिस ने ढूंढ कर परिवार को सौंपा

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com




कबीरधाम जिले के ग्राम डोंगरिया और झिरना के माघी पुन्नी मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीण, बच्चे व महिलाएं पहुंचे। ग्राम डोंगरिया और झिरना के माघी पुन्नी मेले के अवसर पर श्रद्धालुओं की संख्या और भी अधिक रही। इसी दौरान 12 बच्चे अपने परिवार से भीड़ में बिछड़ गए। इसके बाद कबीरधाम पुलिस की टीम ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही देर में बच्चों को ढूंढ कर परिजनों को सकुशल सौंपा। पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे के मार्गदर्शन में मेला स्थल में पुलिस कंट्रोल रूम बनाया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे ने बताया कि ग्राम डोंगरिया और झिरना के मेला में अत्याधिक भीड़ थी, इसी दौरान ये 12 बच्चे अलग-अलग समय में अपने परिवार के सदस्यों से बिछड़ गए। जिसमे 1 बच्चा महज 1 साल 6 माह का था। इसकी सूचना तत्काल परिजनों ने मेला स्थल में बने पुलिस कंट्रोल रुम को दी। इसके बाद कबीरधाम पुलिस की टीम ने बिछड़े बच्चों को ढूंढने के लिए पतासाजी व पेट्रोलिंग शुरू की। पुलिस की टीम ने कुछ ही देर में सभी बच्चों को ढूंढ कर उनके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस टीम की इस तत्परता से परिजनों ने प्रशंसा भी की। एएसपी मनीषा ठाकुर ने बताया कि इस आयोजन से गुड फैक्ट्री लगभग बंद रहता है। उन्होंने बताया कि गुड फैक्ट्री के मजदूर भी मेला घूमने आए थे। इस दौरान एमपी, यूपी से आए मजदूरों के बच्चे जो मेला घूमने आए थे, जो अपने साथियों से बिछड़ गए थे। बिछड़े हुवे बच्चो एवं लोगो को कबीरधाम पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग गाड़ी से गंतव्य स्थान तक छोड़ा गया।

## मेला स्थल में चलाया जन जागरूकता अभियान

पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे के मार्गदर्शन में मेला स्थल में कबीरधाम पुलिस द्वारा महिला, बच्चों संबंधी अपराध, नशा-मुक्ति, सायबर संबंधी अपराध, यातायात नियमों का पालन करने संबंधी विषय पर जागरूकता अभियान भी चलाया। पुलिस जवानों ने मेला स्थल में बच्चों संबंधी अपराध, नशा-मुक्ति, सायबर संबंधी अपराध, यातायात नियमों को मेला घूमने आए बच्चों, महिलाओं और ग्रामीणों को विस्तार से समझाया।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिक संयुक्त मंच के बैनर तले अपने 6 सूत्री मांग को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायकों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ कर दिया है जिला मुख्यालय में स्थित तहसील कार्यालय के सामने इन लोगों के द्वारा धरना प्रदर्शन कर अपनी मांग के पक्ष में नारेबाजी एवं अपनी बात को रख रहे हैं इनका मुख्य 6 सूत्री कार्य म में मुख्य मांगे हैं आंगनबाड़ी सहायिकाओं को कार्यकर्ताओं के पद पर एवं कार्यकर्ताओं को सुपरवाइजर पद पर पदोन्नति किया जाए एवं विभागीय सेवा शर्त के भर्ती नियम में संशोधन किया जाए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्राइमरी स्कूल के शिक्षक का दर्जा दिया जाए एवं वेतन दिया जाए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 500000 एवं सहायिकाओं को 300000 रिटायरमेंट होने पर एक मुश्त दिया जाए और मानसिक पेंशन ग्रेजुएटी एवं समूह बीमा बीमा योजना लागू किया जाए, प्रदेश स्तर पर रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का पद भरा जाए सहित अन्य मांग प्रमुख है इस संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच के बेमेतरा जिला के अध्यक्ष विद्या जैन ने बताया कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा।

# दिल्ली की टीम बनी सिरमौरः ओपन चैलेंज कबड्डी प्रतियोगिता का सफलतापुर्वक हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ति
www.dailypioneer.com





शक्ति जिले के ग्राम पंचायत दुरपा में ओपन चैलेंज कबड्डी प्रतियोगिता एवं मड़ई मेले का भव्य आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में जहां उद्घाटन एवं समापन समारोह में विधानसभा क्षेत्र के दिग्गज कांग्रेस नेता एवं जनप्रतिनिधि बतौर अतिथि के रूप में मौजूद रहे तो वही समापन समारोह के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के साथ उनके जिला विधायक प्रतिनिधि ठाकुर गुलजार सिंह, मंडी के अध्यक्ष रूपनारायण साहू, बाराद्वार नगर पंचायत अध्यक्ष रेशमा विजय सुर्यवंशी, उपाध्यक्ष विजय दूर्यवंशी, तिलोकचंद जायससवाल दादू, श्यामसुंदर अग्रवाल, नरेश गेवाडीन,उगेंद्र अग्रवाल पप्पू, अमित राठौर, मनहरण राठौर, सरोजा राठौर सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे,कार्यक्रम में सेवा सहकारी समिति सरहर के अध्यक्ष परमेश्वर यादव धन्नू एवं उनकी धर्मपत्नी ग्राम पंचायत दुरपा की पूर्व सरपंच, जनपद सदस्य सुषमा यादव ने भी सक्रिय योगदान देते हुए पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई तो वहीं आयोजन को सफल बनाने में जहां दुरपा की आयोजन समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रियता के साथ जुटे हुए थे तो वही कार्यक्रम में शक्ति जिले के विभिन्न विकासखंडों के ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनपद पंचायत के सदस्य, जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी भागीदारी कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथासमापन समारोह के अवसर पर आगंतुक अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों का भी आभार प्रदर्शन किया गया तो वही विजेता टीम को भी सम्मान कियागया, जिसमें प्रमुख रुप से ओपन चलेंज कबड्डी प्रतियोगिता ग्राम - दुरपा,प्रथम पुरस्कार विजेताकबड्डी टीम दिल्ली, ओपन कबड्डी प्रतियोगिताग्राम दुरपाद्वितीय पुरस्कार विजेता कबड्डी टीम रायपुर, ओपन चलेंज कबड्डी प्रतियोगिताग्राम दुरपातृतीय पुरस्कार विजेता, जिला कबड्डी टीम सक्ती, ओपन चलेंज कबड्डी प्रतियोगिताग्राम -दुरपाचतुर्थ पुरस्कार विजेताबजरंग दल कबड्डी टीम दुरपा रही तथा सेवा सहकारी समिति सरहर के अध्यक्ष परमेश्वर यादव धन्नू ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था तथा ग्रामवासियों ने भी जिस तरह से इस कार्यक्रम में सक्रियता के साथ अपनी भागीदारी करी तो वही जनप्रतिनिधियों ने भी उपस्थित होकर खिलाड़ियों का एवं ग्राम वासियों का उत्साहवर्धन किया, ज्ञात हो कि स्व.जानकी देवी महंत एवं स्व.ग्वालिन दाई की स्मृति में आयोजित ओपन चैलेंज कबड्डी प्रतियोगिता का समापन समारोह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल मे हुए डॉ चरणदास महंत कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गुलजार सिंह ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित रामकुमार यादव विधायक चन्द्रपुर, श्यामसुंदर अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका सक्ती, नरेश गेवाडीन पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका सक्ती, त्रिलोकचंद दादू जायसवाल, विजय सुर्यवंशी उपाध्यक्ष नगर पंचायत बाराद्वार, रूपनारायण साहू अध्यक्ष उपज मंडी सक्ती, बाबूलाल जायसवाल जिला अध्यक्ष जायसवाल समाज,डी आर यादव,उगेन्द्र अग्रवाल संदर्शक उपजेल सक्ती, सुनील जिंदल बाराद्वार, बंटी अग्रवाल, अभिषेक रायश्री मती धायत्री सुखीराम राठौर सरपंच दुरपा, सुषमा धन्नू यादव जनपद सदस्य दुरपा, मोहनलाल राठौर संरक्षक दुरपा, गीता देवांगन सक्ती, अनुसुईया राठौर दुरपा, जागेश्वर सिंह राज अध्यक्ष, रोशन लाल बरेठ सरपंच अमरूवा, योगेश कुमार राठौर सरपंच कचंदा, मनीराम साहू सरपंच मौहाडीह, रामकुमार राठौर सरपंच झरना, डोरीलाल राठौर, डिगम्बर राठौर, बलराम राठौर, घासीराम सुर्यवंशी, महावीर राठौर, योगेश्वर राठौर उपसरपंच दुरपा, देवेन्द्र राठौर, परमेश्वर राठौर, माखन राठौर, हीराराम चन्द्रा, महारथी केवट, संतोष राठौर, भोजराम धीवर, लक्ष्मीनारायण धीवर, धनंजय राठौर, वेदप्रकाश राठौर, संतोष यादव, सोहन, रोहित, गोलू, सोनू, अशोक, संतोष, सरपंच धायत्री सुखीराम राठौर और संरक्षक मोहनलाल राठौर का प्रमुख योगदान रहा।



## रियापारा में पुलिस की दबिश,16 लि. महुआ शराब के साथ आरोपी पकड़ाया

रायगढ़। बीती रात्रि थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ की टीम द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में शहर के रियापारा में रहने वाले दीपक उरांव घर पर शराब बिक्री की सूचना पर शराब रेड कार्रवाई किया गया। थाना प्रभारी को सूचना मिली थी कि दीपक उरांव घर पर अवैध रूप से शराब बिक्री करता है। आरोपी के घर दबिश देकर उसे तलब कर पूछताछ करने पर आरोपी के पास से 8 नग 2.2 लीटर कोल्ड्रिंक की बॉटल में भरा हुआ 16 लीटर महुआ शराबए कीमती 4800 रूपये बरामद हुआ। आरोपी दीपक उरांव पिता धन सिंह उरांव 21 साल रियापारा थाना कोतवाली रायगढ़ पर थाना कोतवाली में धारा आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

## प्रेस क्लब चांपा ने नवपदस्थ कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से की सौजन्य मुलाकात

पायनियर संवाददाता ∢ चांपा
www.dailypioneer.com



पंजीकृत प्रेस क्लब चांपा का एक प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर कार्यालय में जिले में नवपदस्थ कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से सौजन्य भेंट की। इस दौरान प्रेस क्लब के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर को उनके सफल कार्यकाल के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही उन्हें चांपा नगर तथा जिले के विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया गया ज्ञात हो कि प्रेस क्लब चांपा ने खोखसा ओवरब्रिज, चांपा नगर के बिर्रा रोड में रहवासी क्षेत्र में संचालित कोल डिपो से लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे बुरे प्रभाव, बस स्टेंड के पास संचालित शराब दुकान को हटाने तथा नगर के अन्य कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर उनका ध्यानाकर्षण किया गया। जिस पर उन्होंने त्वरित संज्ञान लेते हुए सभी समस्याओं को दूर करने की बात कही। साथ ही चांपा प्रेस क्लब के आगामी कार्यक्रम के लिए भी उन्हें आमंत्रित किया गया। जिस पर उन्होंने अपनी सहमति जाहिर कीपंजीकृत प्रेस क्लब चांपा के प्रतिनिधिमंडल में प्रेस क्लब अध्यक्ष कुलवंत सिंह सलूजा, सचिव मूलचन्द गुप्ता, प्रेस क्लब के मीडिया प्रभारी विवेक शर्मा, सदस्य गौरव गुप्ता, आशीष अग्रवाल उपस्थित रहे।

## पदोन्नत प्रधान पाठकों का वेतनमान लेबल क्रं 8 के अनुसार नवीन पदस्थापना का बीईओ को चेतावनी

### नियमित रूप से प्रधान पाठक का नवीन वेतनमान जमा कराने की मांग

पायनियर संवाददाता ∢ जैजैपुर
www.dailypioneer.com




जैजैपुर विकासखंड में कार्यरत सहायक शिक्षक का प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर आदेशानुसार पदोन्नत किया गया है। उक्त आदेश के तहत प्रधान पाठकों को वेतनमान लेबल क्रमांक 8 के अनुसार नवीन पदस्थापना का वेतन पर्यंत तक विकास खंड कार्यालय जैजैपुर द्वारा प्रदान नहीं किया गया। जिसे छुब्ध होकर पाठक दल ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी जैजैपुर को अपने ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा कि नवीन वेतनमान की पिछली बकाया। शीघअतिशीघ्र संबंधित के खाते में प्रदान करवा कर माह फरवरी से नियमित रूप से प्रधान पाठक का नवीन वेतनमान जमा कराने की मांग किया है। यदि मांग पूरी नहीं होने पर प्रधान पाठक के द्वारा 10 /02 /2023 बी ई ओ ऑफिस का घेराव करते हुए आंदोलन करने की चेतावनी विकास खंड शिक्षा अधिकारी को दिए हैं ,तथा जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती को भी अवगत कराए हैं। अब देखने वाली बात यह है कि क्या 3 दिन के बाद ही नवीन वेतनमान उन प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नत किया गया है उनके खाते में जमा होता है या नहीं इस तरह से आंदोलन की चेतावनी प्रधान पाठकों के द्वारा दिया गया है।

## जान जोखिम में डालकर स्कूल आने को मजबूर है विद्यार्थी

- नो एंट्री लगाने स्थानीय अभिभावकों ने प्रशासन से लगाई गुहार

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



ओडिसा बार्डर से सटे हमीरपुर ग्राम पंचायत में निवासरत स्कूली छात्र रायगढ़-पॉली हमीरपुर मार्ग पर नो एंट्री का सही ढंग से पालन नही होनें के कारण जान जोखिम में डालकर स्कूल आने को मजबूर हैं। इन नवनिहाल छात्रों से लेकर बड़े छात्रों व छात्राओं को भारी वाहनों के रेलमपेल व भारी डस्ट के बीच सायकल या पैदल स्कूल आना पड़ रहा है। जिससे हर समय उनकी जान पर खतरा मंडराते रहता है। स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस मामले में जरूरी पहल करने की मांग उठाई है।हमीरपुर ग्राम पंचायत हमीरपुर में संचालित प्राथमिक विद्यालय में 125 बच्चे, मिडिल स्कूल में 80 बच्चे, हायर सेकेण्डरी स्कूल में 280 बच्चे व आंगनवाड़ी में 20 बच्चे प्रति दिन मुख्य मार्ग से स्कूल आते हैं। खुरुषलेगा, बिजना, भगोरा, जोबरोपाली, गौर बहरी से सायकल अथवा पैदल यात्रा कर अपने समय में निकलते हैं। रास्ते में सैकड़ों कोयले से लोड ट्रेलर वाहन चालक तेज गति से इस रास्ते से आने के कारण बच्चो को जान जोखिम में डालकर कर आना पड़ता है। यहां बार्डर से हमीरपुर पाली घाट तक धूल का बवंडर रहता है।

## धुल की वजह से फैक्ट्री की बस से टकराया बाईक सवार, एक का पैर टूटा, दूसरा घायल

### इंड सिनर्जी के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय के निकटस्थ ग्राम महापल्ली से कोटमार व कोतरलिया सड़क काफी खराब है। इंड सिनर्जी व रेल्वे साइडिंग की भारी वाहनों के कारण धूल का गुब्बार उड़ता है जो दुपहिया वाहन व पैदल आने जाने वाले लोगो के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। इस वजह से आये दिन इस मार्ग पर दुर्घटनाये भी हो रही है। ऐसी ही एक घटना में आज सुबह धूल के कारण सामने का रास्ता नही दिखने से दो बाईक सवार इंड सिनर्जी के बस से टकराकर घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफमोर्चा खोलते हुए सड़क को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए खुब हंगामा मचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को करण और प्रफुल्ल दोनो एक बाइक पर सवार हो कर महापल्ली जा रहे थे। इसी दौरान एक कार के जाने से काफी धूल उड़ी जिससे बाइक सवार ग्रामीणों को कुछ दिखाई नही दिया और वे इंड सिनर्जी की आ रही बस से टकरा गए। इस घटना में दोनो गम्भीर रूप से जख्मी हो गये थे। उन्हें तत्काल अस्पताल में दाखिल कराया गया। वही खराब सड़क व औद्योगिक वाहन से हुए दुर्घटना को लेकर ग्रामीणों ने इंड सिनर्जी के गेट के पास ही फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफप्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि एक युवक करण साव का पांव टूट गया है जिससे अब वह काम करने लायक नही है। ऐसे में उसके जीवन यापन के लिए कंपनी मुआवजा दे और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जानी चाहिए। वही मामले की जानकारी होने पर पुलिस अधिकारी भी मौके पर पंहुचे। त्रिपक्षीय वार्ता में कंपनी प्रबधन ने घायलों का संपूर्ण इलाज कराने व रोजगार मुहैया कराने के लिए आशवस्त किया गया तब कही जा कर बवाल शांत हो सका।

## कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने ली महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

- शासन की योजनाओं का लाभ दिलवाना हमारा लक्ष्यः कलेक्टर पन्ना

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ति
www.dailypioneer.com



सक्ती कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सीडीपीओ और सुपरवाइजर के साथ बैठक कर उन्हें सुपोषण अभियान के बेहतर क्रियान्वयन पर विस्तार से दिशा-निर्देश देते हुए बेहतर काम करने के लिए उत्साह वर्धन किया। उन्होंने बैठक में अधिकारियों से कहा कि सुपोषण अभियान से जुड़े सभी विभागों के समन्वित प्रयास से सक्ती जिले में कुपोषण की दर घटनी चाहिए। उन्हीने इसी समन्वय के साथ जिले को कुपोषण मुक्त बनाने का प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी में बच्चों को गर्म भोजन के साथ अतिरिक्त पोषण आहार में अंडा, रेडी टू इट दिए जा रहे हैं, जो प्रभावी साबित हुए हैं। बच्चों के परिजनों को भी पोषण युक्त आहार की जानकारी दें और उसका पालन करने प्रेरित करें,बैठक के दौरान कलेक्टर पन्ना ने सक्ती जिले के सभी ब्लॉक के आंकड़ों का अवलोकन किया और कहा कि गलत आंकड़े बिलकुल भी बर्दास्त नहीं किये जायेंगे। और ब्लॉक में किसी भी प्रकार की समस्या आए तो वे सीधा एसडीएम से मिल कर उस समस्या निराकरण करे और साथ ही साथ सुपोषण अभियान के तहत जन चौपाल होनी चाहिए ताकि आमजनों तक सीधी जानकारी दी जा सके। साथ ही हर हफ्ते एक जनचौपाल होने चाहिए जिससे गांव के लोगो से परिचय बढ़े ताकि उनको ग्राउंड लेवल की जानकारी मिल सके। कलेक्टर पन्ना ने कहा कि आगामी समय में कार्ययोजना के अनुसार कुपोषित की श्रेणी में चिन्हांकित बच्चों के घरों में जाकर जानकारी दे। इनकी ग्रोथ की समुचित निगरानी निर्धारित की जाएगी और विभिन्न पर्वो पर टीम द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। बैठक में पोषण पुनर्वास केन्द्रों, सुपोषण अभियान तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कहा की शासन की यह एक योजना है। हमारी पहली पहल यह होनी चाहिए की इन योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगो तक पहुँचाया जा सके। बैठक में नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता तथा सहायिका नियमित उपस्थित रहे, केन्द्रों में साफ-सफाई, पानी, शौचालयों की अच्छी व्यवस्था हो, बच्चों तथा उनके परिजनों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करें।

## सनराइज कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल हरेठीखुर्द में वार्षिक उत्सव की धूम

### हाय रे सरगुजा नाचे गीत से दर्शक झूमने लगे

पायनियर संवाददाता ∢ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



सनराइज विद्यालय के प्राचार्य आर एस साहू के द्वारा अच्छा शिक्षा संगीत छात्रों को प्रस्तुत कर रहे हैं । जिनकी बदौलत से आज हरेठी खुर्द की छात्राओं के द्वारा उमंग और उत्साह के साथ वार्षिक उत्सव मनाया जा रहा है। ग्रामीण छात्राओं का मनोबल को बढ़ाने के लिए कोविड-19 के बाद यह वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम आयोजित करके सभी लोगों का दिल जीत लिए। जहां पर कहा जाता है कि सूर्य की किरणें नहीं पहुंच पाई थी ऐसे दूरस्थ गांव हरेठी खुर्द में लोगों के आने जाने के लिए सड़क नहीं थी वहां दूरस्थ गांव में सूर्य की तरह उगता हुआ मंजन सनराइज स्कूल के छात्रों के द्वारा रंगारंग प्रस्तुति पेश किए जिसमें मां सरस्वती की पूजा अर्चना करके सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ आंचलिक गीत को जमुना ने अरपा पैरी के धार के साथ में खुशबू ने देशभक्ति के साथ में देश जिस देश में गंगा बहती है के साथ माधुरी के द्वारा मधुर स्वरों में देश रंगीला के साथ मनीषा ने अपने आंचलिक गीत छत्तीसगढ़ी सुआ गीत के साथ पूजा साहू ने रीमिक्स गीत के साथ संस्कृति के द्वारा डांडिया नित्य शतरूपा ने सरगुजा नाचे से लोटपोट हो गए वहीं पर खुशी ने वो कृष्ण की मधुर वाणी को लोगो पहुंचाया जहां पर निशु साहू ने बाजे मया के सितार के साथ साक्षी ने चूड़ी जो खनके के साथ लेजी डांस मैंने पायल है छनकाई हमर छत्तीसगढ़ के साथ में छैया छैया के साथ में सतनामी भाइयों का पंथी गीत लोगो ने सहरानी करते हुए नजर आए जहां पर लोगों की तालियां सनराइज कान्वेंट स्कूल में बजती रही। इस प्रकार से सनराइज स्कूल जो सूर्य की किरण की प्रकाश को दिखाता हुआ नजर आया इस तरह से सनराइज स्कूल हरेठी खुर्द का सभी लोगों ने लुफ्त उठाया और प्रशंसा करते रहे।

## कांग्रेस नेता, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि को पितृ शोक

### नरेश गेवाडीन के पिता गोविंदराम अग्रवाल का हुआ निधन

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ति
www.dailypioneer.com



शहर के प्रतिष्ठित कलावडिया परिवार के वरिष्ठ सदस्य एवं गोविंदराम नरेश कुमार अग्रवाल फर्म के संचालक गोविंदराम अग्रवाल का 07 फरवरी 2023 दिन-मंगलवार को दोपहर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया, वे विगत कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे, तथा उनका उपचार जारी था, गोविंदराम अग्रवाल नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष, कांग्रेस नेता, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष के विधायक प्रतिनिधि, शक्ति प्रेस क्लब शक्ति के उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन के जिला कार्यसमिति सदस्य नरेश गेवाड़ीन के पिता थे एवं नगर पालिका शक्ति की पूर्व उपाध्यक्ष, पार्षद, सभापति एवं मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा शक्ति की अध्यक्ष रीना गेवाडीन के ससुर थे, गोविंदराम अग्रवाल का अंतिम संस्कार सुबह 9:00 बजे मारवाड़ी मुक्तिधाम शक्ति में 8 फरवरी को होगा तथा उनकी अंतिम संस्कार यात्रा उनके निवास-गोविंदराम नरेश कुमार अग्रवाल (एक्सिस बैंक के बगल में रेस्ट हाउस के सामने) शक्ति से निकलेगी, गोविंदराम अग्रवाल प्रॉपर्टी डीलर राजेश अग्रवाल (बाबा) एवं मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के पूर्व अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल (साईं कंप्यूटर) के पूज्य पिता थे, तथा उनके निधन पर लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है, तथा गोविंदराम अग्रवाल शहर के एक प्रतिष्ठित व्यवसायी, धर्मप्रेमी एवं समाजसेवी थे तथा उनके निधन पर क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं, गणमान्य नागरिकों, विभिन्न स्वयंसेवी, धार्मिक, सामाजिक, व्यापारिक संस्थाओं ने भी अपना गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है,तथा गोविंदराम अग्रवाल काफी मिलनसार एवं प्रखर व्यक्तित्व के धनी थे एवं वे अपने पीछे भरापूरा परिवार बिलखता छोड़ गए है।

### मेले में गुम हुए समान को प्रार्थिया को किया वापस

## सीसीटीवी कैमरे के आधार पर गुम हुये समान को बरामद करने में मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ∢ जांजगीर चाम्पा
www.dailypioneer.com



मेले में गुम हुये समान को प्रार्थिया को किया गया वापस सीसीटीवी कैमरे के आधार पर गुम हुये समान को बरामद करने में मिली सफलता सोने का हार, चांदी एवं मोबाइल कुल कीमती 150000 रुपये की राशि का समान किया गया वापस जिला जांजगीर चांपा के शिवरीनारायण में माघी पूर्णिमा के अवसर पर 15 दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है। उक्त मेले में कानून व्यवस्था, उठाई गिरी, चैन स्नेचिंग, चोरी एवं अन्य घटनाए की रोक थाम के लिए शहर के शबरी पुल के पास, केरा चौक, नटराज चौक, बाम्बे मार्केट, बाबा घाट, राम घाट एवं देवरी मोड़ में सीसीटीवी कैमरे लगाकर सम्पूर्ण मेले की निगरानी की जा रही है। 05 फरवरी को आवेदिका योगिता साहू उम्र 25 वर्ष निवासी सलखन के द्वारा थाना शिवरीनारायण में रिपोर्ट दर्ज कराई शाम मो.सा. से अपने पिता के साथ ग्राम सलखन से अपने मायका ग्राम सेल जा रही थी इसी दौरान बाम्बे मार्केट में कान्हा स्वीटस के सामने इसके नीले रंग का बैग गिर गया जिसमें दो तोले का सोने का हार, एक चांदी की 10 तोले का कर्धनी,02 नग बिछिया, चांदी का चैन एवं एक रियलमी कंपनी का टच स्कीन मोबाइल कीमती करीब 150000 / रू. ( एक लाख पचास हजार रूपये) का सामान गुम हो गया। शिवरीनारायण पुलिस को घटना की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए गुमे हुए सामानों की पता तलाश हेतु प्रार्थिया द्वारा बताये गए स्थान एवं समय को ध्यान में रखते हुये पर केरा चौक, बाम्बे मार्केट एवं नटराज चौक में लगे सीसीटीवी कैमरे का अवलोकन करने पर बाम्बे मार्केट में कान्हा स्वीट्स के सामने एक नीले रंग का बैग गिरा हुआ दिखाई दिया जिसे एक काले रंग का जैकेट पहना हुआ व्यक्ति द्वारा उठाते सीसीटीवी कैमरे में कैद होना पाया गया। पता तलाश दौरान उक्त व्यक्ति की पहचान संतोष कर्ष निवासी मुड़पार के रूप में होने पर उनके घर जाकर उनसे पूछताछ करने पर उक्त बैग को रोड में पड़ा मिलना जिसे उठाकर अपने साथ घर ले जाना बताते हुए रात्रि होने व परिवार में छोटे छोटे बच्चे होने तथा स्वयं के पास कोई साधन नहीं होने से पुलिस को सूचना नहीं दे पाना बताया गया। उक्त बैग को खोलकर देखने पर उसके अंदर दो तोले का सोने का हार एक चांदी की 10 तोले का कर्धनी 02 बिछिया, चांदी का चैन एवं एक रियलमी कंपनी का टच स्कीन मोबाइल कुल कीमती 150000/ रू. (एक लाख पचास हजार रूपये) का सामान को बरामद कर गुम हुए सामानों को प्रार्थिया को उसके परिजनों के समक्ष सुपुर्दनामे पर दिया गया। उक्त गुम सामान को पा जाने पर पीडिता एवं उनके परिजनों द्वारा पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये।

# अजय ताम्रकार ने नगर की समस्या को लेकर कलेक्टर के नाम आवेदन अतिरिक्त कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत लवन के पूर्व पार्षद एवं वर्तमान कांग्रेस सेवादल प्रदेश सचिव अजय ताम्रकार नगर पंचायत लवन में व्याप्त सफाई व्यवस्था की समस्या को लेकर जिला कलेक्टर बलौदाबाजार के नाम अपर कलेक्टर बलौदाबाजार को समस्या के निराकरण के लिए आवेदन सौंपते हुए। उक्त समस्या से चर्चा करते हुए अजय ताम्रकार ने बताया कि वर्तमान समय में नगर पंचायत लवन के सभी वार्डों के नालियों में पानी जमा होने से जंहा गन्दगी एवं बदबू की स्थिति तो निर्मित होगा साथ ही गम्भीर बीमारियों का प्रकोप भी निर्मित होगा, नालियों की सफाई वर्षों से नहीं होने से नगर पंचायत की व्यवस्था चरमरा गई है। ताम्रकार ने आगे चर्चा में बताया कि वर्तमान सी एम ओ नगर पंचायत लवन का रवैया अड़ियलपन होने से समस्या और ज्यादा गंभीर है।जिसकी शिकायत जिला कलेक्टर बलौदाबाजार से लिखित शिकायत किये जाने की बात मीडिया कर्मियों को बताया है।उक्त समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं नगर वासियों का क्या क्या विचार धारा है। एक खास रिपोर्ट जरूर पढ़ें ।

इस सम्बंध में मीना बार्वे नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि कुछ लोगों के द्वारा कूड़े कचरे को नालियों में फेंकने से समस्या निर्मित होता है, सी एम ओ वार्डों का भ्रमण करता है। उपाध्यक्ष रामकुमार साहू नगर पंचायत उपाध्यक्ष लवन ने कहा कि अजय ताम्रकार के घर के सामने वाली नाली की बनावट ,पानी के बहाव के विपरीत होने से जाम की स्थिति निर्मित होता है, बरसात में समस्या नहीं रहता है, वर्तमान नगर पंचायत मुख्य नगर पालिका अधिकारी को जमीनी हकीकत जानने के लिए वार्डों का भ्रमण करना चाहिए। गायेश्वर साहू पार्षद ने कहा कि वर्तमान सी एम ओ को नगर पंचायत की समस्या पर रुचि लेने की जरूरत है।मनेंद्र जायसवाल ने बताया कि वास्तव में नालियों की सफाई व्यवस्था फैल है एवं सी एम ओ की कार्यप्रणाली भी वार्डवासियों के लिए उदासीन है।देवी लाल बार्वे वार्ड निवासी ने बताया कि सी एम ओ से मिलकर चर्चा करेंगे।संजय साहू वार्ड वासी एवं शिवम क्लॉथ स्टोर्स लवन के संचालक ने बताया कि वर्तमान सी एम ओ को आजतक देखे नहीं है नहीं उनको वार्डों में भ्रमण करते हुए देखें हैं।पंकज अग्रवाल वार्ड वासी लवन ने कहा कि वार्डों में नालियों की सफाई तो दूर वार्डों में झाड़ू लगाने वाले लोगों का अता पता नहीं रहता, सी एम ओ को वार्ड एवं नगर पंचायत लवन पर गंभीरता से रुचि लेना चाहिए।अमर मिश्रा युवा कांग्रेस नेता लवन ने बताया कि वार्डों की साफ सफाई नियमित होते रहना चाहिए, सी एम ओ को नगर पंचायत लवन के लिए सकारात्मक पहल करने की आवश्यकता है । सावित्री बाई सिंघम ने कहा कि उनके वार्ड में पानी जमा होने की समस्या नहीं लेकिन सी एम ओ अभी तक नगर के किसी भी वार्ड में भ्रमण नहीं किया है सभी वार्डों में रूबरू चर्चा कर समस्या का जमीनी हकीकत अवलोकन करना चाहिए।प्रशांत पांडेय युवा नेता ने कहा कि नगर में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है।अभी तक सी एम ओ कौन है पता नहीं है।उक्त विषय पर चर्चा के लिए मीडिया कर्मियों ने सी एम ओ नगर पंचायत लवन को मोबाईल लगाने पर रिसीव नहीं किये।

# एयरटेल 5जी प्लस नेटवर्क अब छत्तीसगढ़ के 2 शहरों में

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत की अग्रणी टेलिकम्युनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर भारती एयरटेल (÷एयरटेल÷) ने आज रायपुर और दुर्ग-भिलाई में अपनी अत्याधुनिक 5जी सेवाओं के शुरू करने की घोषणा की।

जैसे जैसे कंपनी अपने नेटवर्क का निर्माण और रोल आउट पूरा कर रही है, एयरटेल 5जी प्लस सेवाएं चरणबद्ध तरीके से ग्राहकों के लिए उपलब्ध होंगी। 5जी- सक्षम डिवाइस वाले ग्राहक बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के तेज़ एयरटेल 5जी प्लस नेटवर्क का उपयोग तब तक कर सकते हैं जब तक कि रोलआउट अधिक व्यापक न हो जाएं। एयरटेल 5जी सेवाएं वर्तमान में इन शहरों में निम्न स्थानों पर उपलब्ध हैं- **रायपुर-** पंडरी, जवाहर चौक, मोवा-सद्दू, गोल बाजार, शंकर नगर-अशोका रत्न, भनपुरी, उरला, राजा तालाब, भाटागांव, आरडीए कॉलोनी, वाल फोर्ट कॉलोनी, संतोषी नगर, समता कॉलोनी, गुढ़ियारी।

**दुर्ग-भिलाई-** इस्पात नगर, टीआई मॉल, सेक्टर 7, सुभाष चौक, कोहका चौक, तिरंगा चौक, प्रियदर्शिनी, खुर्शीपार, शारदापारा **कैंप 2, रामनगर रोड** - कंपनी आने वाले समय में इन शहरों में कई अन्य स्थानों पर अपनी सेवाएं उपलब्ध कराकर अपने नेटवर्क का विस्तार करेगी।

सुजय चक्रवर्ती सीईओ, भारती एयरटेल, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ ने कहा, ÷मैं रायपुर और दुर्ग-भिलाई में एयरटेल 5जी प्लस के लॉन्च की घोषणा करते हुए रोमांचित हूं। इन दोनों शहरों में एयरटेल के ग्राहक अब मौजूदा 4जी स्पीड से 20-30 गुना अधिक तक की गति के साथ एक अल्ट्राफास्ट नेटवर्क का उपयोग कर सकते हैं। हम पूरे शहर में इसका विस्तार करने की प्रक्रिया में हैं जो हमारे ग्राहकों को गेमिंग, मल्टीपल चैट, इंस्टेंट फोटो अपलोड और एचडी वीडियो स्ट्रीमिंग जैसी गतिविधियों के लिए सुपरफास्ट एक्सेस प्रदान करेगा। सम्पूर्ण एयरटेल सर्विस पोर्टफोलियो को एयरटेल 5जी प्लस का लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त, यह एचडी वीडियो स्ट्रीमिंग, गेमिंग, मल्टीपल चैट, इंस्टेंट फोटो अपलोड और अन्य गतिविधियों के लिए अविश्वसनीय रूप से तेज़ एक्सेस सक्षम करेगा। इस लॉन्च के परिणामस्वरूप, एयरटेल 5जी प्लस भारत में मोबिलिटी, लॉजिस्टिक्स, मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थकेयर, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। बीते एक वर्ष में विभिन्न प्रकार के उन बेहद असरकारक उपयोग के मामलों में एयरटेल ने 5जी की अपनी क्षमता प्रदर्शित की है, जो हमारे व्यक्तिगत जीवन और बिजनेस करने के तरीके दोनों को बदल देंगे।हैदराबाद में भारत के पहले लाइव 5जी नेटवर्क से लेकर बेंगलुरू में बॉश फैसिलिटी में भारत के पहले निजी 5जी नेटवर्क तक चाकन मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी बनाने के लिए महिंद्रा एंड महिंद्रा के साथ साझेदारी, भारत की पहली 5जी इनेबल्ड ऑटो मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, हर जगह एयरटेल 5जी इनोवेशन के मामले में आगे रहा है।

# भागवताचार्य का सम्मान



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

विकास विहार कॉलोनी रायपुरा में आयोजित व्यास नारायण उपाध्याय स्मृति भागवत महापुराण परायण व प्रवचन में रुक्मणी विवाह व सुदामा चरित्र अवसर पर कथा का विवेचन हुआ। उक्त अवसर पर भगवताचार्य पं हरनारायण तिवारी का सर्व ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा , महादेवघाट परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा , उपाध्यक्ष सुधा शर्मा , विणा तिवारी , शारदा मिश्रा, पुष्पा तिवारी, धनेश्वरी दुबे , सरिता दुबे ने शाल श्रीफल तथा अभिनंदन पत्र भेंट कर धर्म शक्ति सम्मान से सम्मानित किया। उक्त अवसर पर परीक्षित के रूप में तुषार तथा ममता शर्मा थे ।

# जगजीत सिंह की गजलों से गुलज़ार होगी 8 फरवरी की शाम, देश को मिलेगा तीसरा जूनियर जगजीत सिंह

■ जगजीत सिंह के जन्मदिन पर होगा ट्रूपल द्वारा आयोजित जूनियर जगजीत सिंह प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

31 जनवरी 2023: ट्रूपल द्वारा आयोजित देश की पहली ऑनलाइन गजल प्रतियोगिता, 'जूनियर जगजीत सिंह' लगभग चार महीने का लंबा सफर तय करते हुए, अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर चुकी है। गज़ल सम्राट के नाम से प्रख्यात, अद्भुत आवाज़ के जादूगर, जगजीत सिंह की स्मृति में आयोजित इस अनोखी गज़ल प्रतियोगिता में, देशभर से 100 से अधिक गज़ल गायकों ने हिस्सा लिया, जिनमें कुल 5 प्रतिभागियों ने फाइनल्स में अपनी जगह पक्की की है। इस फाइनल मुकाबले में मोहरपाल सैन (जोधपुर, राजस्थान), अजय श्रीवास्तव (भोपाल, मध्य प्रदेश), गुरमिंदर कौर (लुधियाना, पंजाब), शंकर बिहारी (सहरसा, बिहार), महेश निर्मल (उज्जैन, मध्य प्रदेश) के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी।

इस मौके पर चैनल के को-फाउंडर अतुल मलिकराम ने सभी फाइनलिस्ट को शुभकामना देते हुए कहा कि 'अपनी मखमली आवाज़ से संगीत प्रेमियों के दिलों में घर करने वाले जगजीत सिंह जी को समर्पित जूनियर जगजीत सिंह प्रतियोगिता की सफलता, गज़ल प्रेमियों में जगजीत जी की लोकप्रियता और उनके प्रति प्रेम के आधार पर टिकी है। हमें खुशी है कि देशभर से गज़ल सम्राट को चाहने वालों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर, इसकी महत्ता को और अधिक निखारा है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से हमारी कोशिश है कि मौजूदा युग में गजलों की खूबसूरती को कम या ख़त्म होने से बचाया जा सके, और लोगों का समर्थन यह दर्शाता है कि इस मामले में हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे है।' चैनल हेड इक़बाल पटेल ने बताया, 'जूनियर जगजीत सिंह का फाइनल दो हिस्सों में बंटा होगा, टॉप 5 में से टॉप 3 प्रतिभागी अंतिम राउंड में होंगे, जिनमें से किसी एक को जूनियर जगजीत का ख़िताब मिलेगा। प्रख्यात गज़ल गायक, लेखक व कम्पोज़र डॉ अनिल शर्मा स्पेशल गेस्ट के रूप में मौजूद रहेंगे तथा कलकत्ता के मशहूर गज़ल गायक मुन्नवर राशिद खान, शो को जज करेंगे।' प्रतियोगिता के विगत दो सीजन में जयपुर के अखिल सोनी व गुना के महेश राव ने जूनियर जगजीत का खिताब अपने नाम किया था। वहीं इस बार 10 अक्टूबर से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में 4 ऑडिशन राउंड से कुल 13 प्रतिभागियों को सेमीफइनल का टिकट मिला था, इसमें से कुल पांच प्रतिभागियों ने फाइनल में अपनी जगह पक्की की है। जूनियर जगजीत सिंह का खिताफ जीतने वाले प्रतिभागी को, ट्रॉफी, सर्टिफिकेट, गिफ्ट हैंपर, पर्सनल वेबसाइट, डिजिटल ब्रांडिंग, एक्सक्लूसिव इंटरव्यूज इत्यादि माध्यमों से पुरस्कृत किया जाएगा।

# आदिवासी धुव्र गोंड़ समाज का वार्षिक अधिवेशन बैठक 17 को

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

आदिवासी धुव्र गोंड़ समाज के तत्वावधान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सिमगा ब्लॉक के ग्राम कामता झिरिया चितावर परिक्षेत्र, मंदिर के गोड़वाना भवन में वार्षिक अधिवेशन बैठक का आयोजन 17 फरवरी दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे से बैठक आहुत की गई है। उसके पश्चात् समाज के महिलाओं व युवतियों द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी फिर समाज के पदाधिकारियों व वरिष्ठ जनों द्वारा सवप्रर्थम अपने ईष्ट बुढ़ा देव की विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। उसके बाद सुबह 11 बजे से गोंड़ी संस्कृति में आदर्श विवाह दोपहर 3 बजे रहेगा। फिर उसके उपरांत संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन दोपहर तीन बजे से सुवा, कर्मा, लोक गीत होगा, उसके समापन के बाद पुरस्कार वितरण एवं 6 बजे से 8 बजे तक भड़ारा होगा एवं रात्रि 9 बजे से बैठक आहूत की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के प्रमुख शंकर लाल मरई, खेमराज सोरी, कोषाध्यक्ष सुमेर सिंह दिवान, छेदू राम धुव्र, बिसम्बर नेताम, जिलाअध्यक्ष कृष्णा कुंजाम ने समाज के लोगों से अपील की है कि 17 फरवरी को होने वाले वार्षिक अधिवेशन बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो।

# मेडिकल कॉलेज डीन के खिलाफ दुर्व्यवहार की शिकायत

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com



छग परिचारिका कर्मचारी कल्याण संघ ने मेडिकल कॉलेज महासमुन्द की डीन पर दुर्व्यवहार करने की शिकायत की है। उन्होंने संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर से शिकायत करते हुए कार्यवाही करने ज्ञापन सौंपा। छग परिचारिका कर्मचारी कल्याण संघ की अध्यक्ष मीना तारण सहित संगीता मालेकर, धनेश्वरी ठाकुर, सविता कन्नौजे आज मंगलवार को संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज महासमुन्द की डीन डॉ यास्मीन खान द्वारा जिला अस्पताल के कर्मचारियों के साथ पक्षपात करते हुए दुर्व्यवहार किया जाता है। मेडिकल कॉलेज संचालित होने के बाद मेकाहारा अस्पताल रायपुर से 31 नर्सिंग सिस्टर आये है। मेडिकल कॉलेज बनने से मरीजों की संख्या भी बढ़ गयी है। प्रमोशन से आये नर्सिंग सिस्टर उन्हें मदद करने के लिए कहते है तो उनका कहना है कि हम पैसे देकर आये है। हम काम नही करेंगे। हम उनको कहते है कि जब तक मेडिकल कॉलेज के और स्टाफ नही आ जाते तब तक 3 शिफ्ट में ड्यूटि करे लेकिन उन लोग मना करते हैं। जब हम अपनी समस्या लेकर मेडिकल कॉलेज महासमुन्द की डीन के पास गये और उन्हें सारी समस्या के बारे में जानकारी दी तो मेडिकल कॉलेज के मैट्रन सिस्टर के सामने हमे डांट कर चुप करा कर अमर्यादित टिप्पणी करते हुए नौकरी से निकलवाने की धमकी दी। उनके द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने से सभी कर्मचारी परेशान हैं। उन्होंने डीन के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। जिस पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने उचित कार्यवाही के लिए शासन का ध्यानाकर्षित कराने का आश्वासन दिया।

## पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा 12 फरवरी को,जिले में बनाए गए 15 परीक्षा केंद्र, 5759 प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

**बलौदाबाजार।** जिले में तीसरी बार छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा आयोजित की जा रही। इसके लिए जिले में कुल 15 परीक्षा केन्द्र बनाये गए है। जिसमे कुल 5 हजार 759 प्रतिभागी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। राज्य सेवा परीक्षा 2022 की प्रारंभिक परीक्षा आगामी 12 फरवरी रविवार को दो सत्रों में आयोजित होगी। कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर सारी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी है। परीक्षा के संचालन एवं नियंत्रण हेतु डिप्टी कलेक्टर अंशुल वर्मा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। परीक्षा के संबंध में नोडल अधिकारी वर्मा ने बताया की 15 परीक्षा केन्द्रों में जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में 10, भाटापारा में 2,लवन नगर में 2 एवं ग्राम रवान में 1 परीक्षा केंद्र बनाएं गए है। बलौदाबाजार नगर में दाऊ कल्याण पी जी कॉलेज, शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शासकीय उ मा एमडीवी, शासकीय च पाणि शुक्ल बहुउद्देश्यीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल, आरकेजी हायर सेकेंडरी स्कूल, शास्वत हायर सेकेंडरी, सरस्वती शिशु मंदिर, से `ड हार्ट हाई स्कूल बलौदाबाजार को उसी तरह भाटापारा में शासकीय महाविद्यालय भाटापारा, शासकीय बहु उच्चतर माध्यमिक शाला भाटापारा, लवन नगर में शासकीय कॉलेज एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को एवं एवं ग्राम रवान में अंबुजा विद्यापीठ को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

# संस्कृति सलाहकार गौरव द्विवेदी ने देखी ले चलहूं अपन दूवारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति सलाहकार गौरव द्विवेदी छत्तीसगढ़ी फ़िल्म 'ले चलहुं अपन दुवारी' देखने पी वीआर मैग्नेटो मॉल पहुंचे। फ़िल्म देखने के बाद गौरव द्विवेदी ने कहा कि 'ले चलहुं अपन दुवारी' मन को छू जाने वाली फिल्म है। रोमांटिक होने के साथ इसमें देश भक्ति का संदेश है। हीरो शील वर्मा एवं एक्ट्रेस पूजा शर्मा समेत सभी कलाकारों ने बेहतरीन काम किया है। एक बहुत ही बड़ी बात है कि इस फिल्म के लिए कैमरा आरुषि बागेश्वर जैसी कम उम्र की एक बेटी ने चलाया है। इससे यह साबित होता है कि छत्तीसगढ़ी सिनेमा के हर क्षेत्र में महिलाओं का दखल बढ़ा है। यह फिल्म छोटे-बड़े सभी को देखनी चाहिए।पीवीआर मैग्नेटो मॉल में पहुंचे गौरव द्विवेदी का स्वागत फिल्म के डायरेक्टर मृत्युंजय सिंह, राइटर कॉस्टिंन साहू, डीओपी आरुषि बागेश्वर, मैनेजमेंट कंट्रोलर वाहिद खान ,सहित छत्तीसगढ़ लोक हिंदी रंगमंच फिल्म जगत के जाने-माने अभिनेता विजय मिश्रा 'अमित' तथा मिनी अटल विकास शर्मा ने किया। इस अवसर पर छग फिल्म जगत के वरिष्ठ समीक्षक अनिरुद्ध दुबे ने कहा कि ले चलहूं अपन दूवारी जैसी फिल्म नव आशा का संचार करती हैं। बालीउड के अक्षय वर्मा, साहेब दास मानिकपुरी के साथ ही छत्तीसगढ़ के नए कलाकारों की प्रतिभा को बेहतर अवसर और दर्शकों को स्वस्थ मंनोरंजन प्रदान करती है।

# ओड़ान में आयोजित जसगीत एवं झांकी प्रतियोगिता का महेन्द्र साहू ने किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



ग्राम ओड़ान में आयोजित राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय देवी जसगीत एवं झांकी प्रतियोगिता का पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष एवं भाजपा मंडल संडी अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने अपने उदबोधन में समस्त ग्रामवासियों की सुख समृद्धि की कामना करते हुये कहा इस प्रकार के आयोजन से लोगों के मन मे भक्ति भावना जागृत होती है। सभी प्राणियों में से मनुष्य का बोलने का गुण अदभुत है, हमें अपने वाणी का उपयोग संभलकर करना चाहिए। मीठा बोलेंगे तो मित्र बनेंगे कड़वा बोलेंगे तो शत्रु बनेंगे। हम सभी को अपने कर्मों का फल भोगना ही पड़ेगा, द्रौपदी ने दुर्योधन को कटु वचन कहा फलस्वरूप दुर्योधन ने उसका चीरहरण करने का प्रयास किया। नियति देखिये उसी दुर्योधन को अपने माता गांधारी के पास अपने प्राण की रक्षा हेतु निर्वस्त्र जाना पड़ा। इस अवसर पर पूर्व सरपंच ओड़ान जोन संयोजक नाथूराम वर्मा, मंडल मंत्री कृतराम वर्मा, शक्तिकेन्द्र संयोजक देवव्रत वर्मा, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष जनक वर्मा, बूथ अध्यक्ष बलदाऊ वर्मा, कृष्णकुमार वैष्णव, दीपक कमल, झालूराम साहू, रामजी साहू, शिवलाल वर्मा, महेश्वर साहू, माधव वर्मा, जसवंत वर्मा, हेमंत साहू, छबिराम साहू, कैलाश वर्मा, चम्पादेवी वर्मा, प्रतिभा वर्मा, सवरिन वर्मा सहित सैकड़ों दर्शकगण उपस्थित थे।

## अमेजन फ्रेश की 'सुपर वैल्यू डेज़' में ग्रॉसरीज़ पर मिल रहे शानदार ऑफ़र्स

**रायपुर।** अपने प्रियजनों, दोस्तों, परिवार के लिए लजीज व्यंजन तैयार कर प्यार के इस मौसम का भरपूर आनंद उठाइये और ताज़े फलों और सब्जियों एवं रोज़मर्रा इस्तेमाल की चीजों से नए नए व्यंजन तैयार कीजिए। तो फिर देरी क्यों? अपनी हर महीने की शॉपिंग लिस्ट को तैयार कीजिए और 7 फरवरी तक अमेजन फ्रेश पर सुपर वैल्यू डेज़ पावर्ड बाय जिलेट से जमकर खरीदारी कीजिए। ग्राहक इस सेल में जिलेट, दावत, टाटा, फॉर्च्यून, गोदरेज, और डाबर जैसे विभिन्न लोकप्रिय ब्रांडों की ग्रॉसरी, घरेलू जरूरत के सामान, पैकेज्ड फूड, स्नैक्स और बेवरेजेज़ पर 45 तक की छूट पा सकते हैं। ग्राहक 1 से 3 फरवरी तक कोटक बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर और 4 से 7 फरवरी 2023 तक ICICI के क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 10 का इंस्टेंट डिस्काउंट पा सकते हैं। यहां मिनिमम ट्रांजेक्शन लिमिट 2,500 रुपये है वहीं ग्राहक 300 रुपये तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं।

# फ्लिपकार्ट की सर्विस आर्म जीव्स ने सैमसंग के साथ पार्टनरशिप मजबूत की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

फ्लिपकार्ट की सर्विस आर्म जीव्स ने आज देशभर के विभिन्न शहरों में कई स्थानों पर सैमसंग के अधिकृत सर्विस सेंटर खोलने की घोषणा की है लखनऊ, गुड़गांव, मुरादाबाद, गाजियाबाद, मुंबई, दुर्ग तथा रायपुर में इन सर्विस सेंटर्स का संचालन जीव्स की जिम्मेदारी होगा और यहां ग्राहकों तथा कारोबारों के लिए सभी तरह के आफ्टर-सेल्स सर्विस सॉल्यूशंस उपलब्ध कराए जाएंगे यहां सैमसंग के कहीं से भी खरीदे गए उत्पादों के लिए आफ्टर सेल्स सपोर्ट सुविधा उपलब्ध होगी।

इन सर्विस सेंटर्स के बारे में डॉ निपुण शर्मा सीईओ, जीव्स, फ्लिपकार्ट ग्रुप ने कहा जीव्स कई नेशनल तथा इंटरनेशनल ब्रैंड्स की सर्विसिंग के अपने लंबे अनुभव की बदौलत सैमसंग के ग्राहकों के लिए विस्तृत आफ्टर सेल्स सेवाएं देने के लिए पूरी तरह से उपयुक्त है। सैमसंग के इन नए सर्विस सेंटर्स के खुलने से कई तरह के प्रोडक्ट्स की बेहतरीन क्वालिटी की आफ्टर सेल्स सर्विस मुहैया कराने की जीव्स की योग्यता की एक बार फिर पुष्टि हुई है। इन सर्विस सेंटर्स के साथ सैमसंग के ग्राहकों की पहुंच अब कुशल प्रोफेशनल्स। द्वारा उपलब्ध करायी जा रही सुगम आफ्टर सेल्स सर्विस तक होगी।

जीव्स और सैमसंग के बीच काफी समय से तालमेल जारी है। लखनऊ और गुड़गांव में दो अधिकृत सर्विस सेंटर्स के बाद अब जीव्स कंपनी के सात अधिकृत सर्विस सेंटर्स की कमान संभाल रहा है जहां से ग्राहकों के लिए वारंटी और वारंटी से बाहर हो चुके सैमसंग प्रोडक्ट्स के इंस्टॉलेशन तथा रिपेयर जैसी आफ्टर-सेल्स सेवाएं उपलब्ध करायी जाती हैं। इन सेंटर्स से ग्राहकों को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने के लिए यहां तैनात तकनीनिशयनों को सैमसंग द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। हाल में खुले इन सर्विस सेंटर्स के अलावा जीव्स आगामी महीनों में अहमदाबाद तथा सूरत में तीन नए अधिकृत सर्विस सेंटर खोलने की योजना तैयार की है।

# मेडिकल कॉलेज में उपकरणों की अनुपलब्धता व मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल न होने को लेकर भाजयुमो ने खोला मोर्चा

## काली पट्टी और तख्ती लेकर जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन, जल्द व्यवस्था न सुधरने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





जिले के पेंड्री स्थित अटल बिहारी बाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव व् जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल की मौजूदगी में काली पट्टी बांधकर बड़ा प्रदर्शन किया । गौरतलब है कि राजनांदगांव जिले के अलावा यहां आसपास के तीन-चार जिलों के नागरिक उपचार के लिए इसी पर आश्रित हैं। लाखों की आबादी के बीच संचालित इस अस्पताल में स्टॉफ की कमी, चिकित्सकीय उपकरणों का न होना निराशाजनक है । इन्हीं मामलों को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह की अगुवाई में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओ ने स्थानीय जिला कार्यालय के सामने धरना प्रदर्श के पश्चात जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा ।

### अस्पताली मामलों पर राजनीति न करें भूपेश बघेल : मोनू बहादुर

प्रदर्शन व् ज्ञापन सौंपने के दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भेंट मुलाक़ात के दौरान घोषणा की थी सिटी स्केन व् एमआरआई मशीन को लेकर और स्टाफ नर्स की कमी वगैरह को लेकर लेकिन अब तक सब शून्य है। मोनू ने कहा कि प्रशासन व् मुख्यमंत्री लाशों के आंकड़ों का व् चुनाव का इन्तजार ना करें और अस्पताली मामलों में राजनीति ना करें। मोनू ने कहा कि जल्द से जल्द यदि सभी मामलों का निराकरण नहीं हुआ तो भाजयुमो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी ।

भाजयुमो ने अपनीं मांगों में प्रमुखता से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन व एमआरआई मशीन की उपलब्धता , आपातकालीन उपचार के लिए ट्रामा सेंटर की पूर्ती , 50 प्रतिशत डॉक्टर एवं स्टाफ नर्स के रिक्त पदों पर भर्ती , अस्पताल में न्यूरोसर्जन एवं न्यूरो फीजिशियन की नियक्ति सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया । ज्ञापन के माध्यम से भाजयुमो ने कहा कि तृतीय श्रेणी वार्ड ब्वॉय और पैरामेडिकल स्टॉफ के पद रिक्त होने के चलते भी अस्पताल की व्यवस्था लड़खड़ा रही है और नागरिकों को तकलीफ हो रही है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दवाईयों और इंजेक्शन की कमी की शिकायतें लगातार आ रही हैं। गरीब मरीजों और परिजन निजी दुकानों से दवाईयां खरीदने मजबूर हैं। मेडिकल कॉलेज अस्पताल तक आवागमन की समस्या काफी बड़ी है। मरीज और उनके परिजनों के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचने हेतु किसी तरह के साधन उपलब्ध नहीं है। बाहर से आने वालों को ऑटो - टैक्सी का किराया काफी ज्यादा चुकाना पड़ता है लेकिन इस सब तकलीफों के बावजूद प्रदेश सरकार व् प्रशासन गंभीरता से इनके निराकरण के विषय में नहीं सोच रहा है जो इस शहर का दुर्भाग्य है ।

### बड़ी संख्या में मौजूद रहे भाजयुमो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता

प्रदेश सरकार के खिलाफ हुए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाजयुमो पदाधिकारी व् कार्यकर्ता मौजूद थे कार्य म में प्रमुख रूप से नेता प्रतिपक्ष किशुन यद्दु, सुमित सिंह भाटिया, विवेक शर्मा, देवाशीष झा, असलम खान, अख्तर अली, सोमेश मानिकपुरी, पिंटू वर्मा, उज्जवल कसेर, शिवम यादव, प्रखर श्रीवास्तव, सज्जन सिंह ठाकुर,नदीम बडगुजर, कमलेश प्रजापति, संयम शर्मा, जश्मीत भाटिया, सोहन चौरसिया, संकेत वैष्णव, कमलेश लहरे, प्रह्लाद सिन्हा, आदित्य पराते, साहिल गोलछा, भीष्म देवांगन, अंशुल श्रीवास्तव, हिमांशु सोनवानी, नितेश नायक, प्रवीण शुक्ला, विजेंद्र आर्य, करण बग्गा, सुवितेश श्रीवास्तव, जैकी सोनकर, यतीश सिन्हा, अमितेश झा, संभव बैद, सूरज गुप्ता, रवि बंजारे, आशीष सिन्हा, संयम जैन, अभिषेक यद्दु, कृष्णा निषाद, विकास साहू, मनोज साहू, प्रज्वल गुप्ता, सोहन साहू, भुपेश पराते, रोहित यादव, पप्पू साहू टीकम, गोलू सोनी, अमन सहारे, अभिषेक सोनी, देशाप शर्मा, अशोक सिन्हा, मनीष यादव अभिषेक सिंह, कुशाल यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कबाड़ पर कार्रवाई : लंबे समय बाद गोरख धंधे पर पुलिस का शिकंजा

- एक लाख से ज्यादा कीमत का अवैध कबाड़ बरामद



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहरी इलाके में कबाड़ के व्यवसाय में हो रहे गोरखधंधे पर पुलिस ने कार्रवाई की है। एक ही दिन में अलग-अलग जगहों पर अभियान चलाकर पुलिस ने 7 कबाड़ियों से एक लाख रुपए से ज्यादा की कीमत का अवैध कबाड़ जब्त किया है। लंबे समय से इस अवैध कारोबार की शिकायतें सामने आ रही थी। नए पुलिस कप्तान आईपीएस अभिषेक मीणा के मोर्चा संभालते ही पुलिसिंग में तब्दीली आई है। जिले और शहर के हालात की जानकारी लेने के बाद पुलिस कप्तान ने थाना प्रभारियों को क्षेत्र में क्राईम कंट्रोल करने सहित अवैध धंधों पर नकेल कसने के निर्देश दिए हैं। शहर में लंबे समय बाद कबाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई सामने आई है। कबाड़ियों के अवैध व्यवसाय के संबंध में पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी। पुलिस ने शिकायतों के आधार पर कबाड़ियों के ठिकानों में दबिश दी और भारी मात्रा में अवैध कबाड़ विशेषकर लोहे के सामानों को जब्त किया है। कार्रवाई के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया था। शहर के बाहरी इलाकों में अवैध तरीके से कबाड़ी चोरी के सामानों की खरीदी-बिक्री कर रहे थे। पुलिस ने भरकापारा के कबाड़ी इलमुद्दीन उर्फ मुन्ना, स्टेशनपारा के मोहम्मद रफीक खान, गंज लाईन मामा भांजा मजार के पास के हसन भाई, लखोली कंचनबाग के अनीष खान, कैलाश नगर के मोहम्मद गनी, केसर नगर लखोली के अरूण मुंदड़ा तथा नंदई चौक के इमाम हबीब के पास से अलग-अलग मात्रा में लाखों रुपए के कबाड़ बरामद किए। सभी सातों आरोपियों के कब्जे से लगभग 29 क्विंटल लोहा कीमती करीब एक लाख रुपए को जब्त कर वैधानिक कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। चिखली पुलिस चौकी ने भी एक कबाड़ी के पास से 2 क्विंटल अवैध कबाड़ जब्त किया है। पुलिस ने 2 माल वाहक भी बरामद किया है। मिली जानकारी के मुताबिक स्टेशनपारा के शेख सहबाज उर्फ शिब्बु से माल वाहक 407, पिकअप एवं मालवाहक में भरे गैस कटर, पुराने साइकिल, गैस टंकी, बैटरी, वायर, बाउंड्री जाली एवं अन्य लोहे के सामान कुल जुमला कीमती 7 लाख 20 हजार रुपए को जब्त कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# जिन मणि प्रभु सुरेश्वर एवं पीयूष सागर सुरेश्वर का आगमन आज

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





श्री जिन मणि प्रभु सुरेश्वर श्रीजी महाराज साहेब एवं खरतरगच्छाचार्य पीयूष सागर सुरेश्वर श्रीजी महाराज साहेब का आठ फरवरी को नगर में मंगल प्रवेश होने जा रहा है। गुरु भगवंतों का सुबह आठ बजे नगर प्रवेश महावीर चौक से गायत्री मंदिर चौक होते हुए जैन मंदिर में होगा। उनके साथ साधु-साध्वियों का समूह भी होगा।उनका आगमन गौतम स्वामी और पद्मावती देवी माता की मूर्तियों की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा के लिए हो रहा है।यह आयोजन जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ द्वारा 10 फरवरी को आयोजित है।

गौतम स्वामी जी महाराज एवं पद्मावती माता की प्राण प्रतिष्ठा गुरु भगवंतों के सानिध्य में श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर में सफलतापूर्वक संपन्न होगी। प्रतिष्ठा समूह समिति के संयोजक ललित भंसाली ने बताया कि यह प्रतिष्ठा श्री जिन मणि प्रभ सुरेश्वर जी महाराज साहेब एवं श्री पीयूष सागर सुरेश्वर जी महाराज साहेब के साथ-साथ सभी साधु भगवंतो की पावन निश्रा में होगी।

इस हेतु तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं। आठ फरवरी को गुरु भगवंतों के प्रवेश के पश्चात सुबह 9:00 बजे मंदिर जी में कुंभ स्थापना, दिवस स्थापना एवं पाटला पूजन संपन्न होगी। दोपहर 12:36 बजे गौतम स्वामी महापूजन का आयोजन किया गया है। आठ को सुबह 6:30 बजे कुंभ स्थापना एवं दीप पूजन 8:00 बजे गुरु भगवन तो का मंगल प्रवेश। सुबह 9:30 बजे पाटला पूजन सभी गुरु भगवंत मंदिर दर्शन करने के पश्चात गाजे-बाजे के साथ नंदई चौक स्थित मदन लाल जी चोपड़ा के निवास स्थान पर पधारेंगे और यहीं प्रवचन भी होगा। नौ फरवरी को मंगल प्रवचन सुबह 9:00 बजे से प्रारंभ होगा एवं 18 अभिषेक दोपहर 12:36 बजे से प्रारंभ होगा।

# सर्द-गर्म की मार झेल रहे बच्चे-बुजुर्ग बीमार पड़ रहे

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

असमान्य तापमान और मौसम की अनिश्चितता का लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। रात का सर्दी और दिन में सामान्य से अधिक तापमान बीमारी का कारण बन रहा है। अस्पतालों में वायरल और दूसरी मौसमी बीमारियों की शिकायतें आ रही है। बच्चों पर इसका खासा प्रभाव पड़ा है। पिछले कुछ दिनों में बच्चों में कफ, सर्दी और इससे जुड़े मामले अधिक आ रहे हैं। मौसम ने करवट बदली है। सर्द-गर्म के प्रभाव के बीच सेहत का ख्याल रखना जरुरी हो गया है। दिन में पारा सामान्य से ज्यादा दर्ज हो रहा है तो वहीं रात में ठंड पड़ रही है। सोमवार को अधिकतम तापमान 32 पर पहुंच गया। यह सामान्य से 5 डिग्री ज्यादा था। जबकि रात में पारा 15 रिकॉर्ड हुआ, जो सामान्य से 3 डिग्री कम था। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर से आ रहीं हवाओ के कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। लगातार हो रहे बदलाव का असर लोगों की सेहत पर भी पड़ रहा है। खासकर बच्चे और बुजुगों के बीमार होने की संख्या में वृद्धि देखने को मिली है। सरकारी अस्पतालों से लेकर निजी क्लीनिक में मरीजों की भीड बढ गई है।

**ठीक होने में समय लग रहा :** बीमार होने वाले मरीजो को स्वस्थ होने में 5 से 7दिन का समय लग रहा है। बच्चों और बुजुर्गोंको स्वस्थ होने में अधिक समय लग रहा है। वायरल होने पर लोग डॉक्टर की सलह लिए बिना ही मेडिकल स्टोर से दवा ले रहे है। जिसके चलते उनके स्वस्थ होने में देरी लग रही है। मिली जानकारी अनुसार इन दिनों सर्वाधिक मरीज सर्दी-खांसी और बुखार के ही आ रहें है।

# राजीव लोचन जयंती में आदर्श विवाह पर जोर

- मोक्षधाम सांकरदाहरा में राजीव लोचन जयंती

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



छग के दूसरे प्रयाग की मान्यता रखने वाले तीर्थस्थल व मोक्षधाम सांकरदाहरा में परिक्षेत्रीय साहू संघ खुज्जी द्वारा राजिव लोचन की जयंती मनाई गई। इस मौके पर साहू समाज के प्रमुख जनप्रतिनिधियों व नेताओं सहित सामाजिक पदाधिकारीगण सम्मिलित हुए। सामाजिक नेताओं ने साहू समाज मे आदर्श विवाह पर जोर दिया।

मुख्य अतिथि खुज्जी विधायक छन्नी चंदू साहू ने समाज के छोटे छोटे कुरितियो को दूर करने तथा समाज के बुरुगों द्वारा प्रारंभ किये गए आदर्श विवाह को पुनः आत्मसात करते हुए आदर्श विवाह और जोर देने अपील की। कार्यक्रम को पूर्व विधायक भोलाराम साहू ने भी संबोधित करते हुए भक्तिन माता राजिम की की प्रेरणा लेकर जीवन को सार्थक करने आव्हान किया। विशेष अतीथी पूर्व जिला महामंत्री-अमरनाथ साहू ने सामाजिक एकजुटता के लिए आस्था के प्रतीक राजीव लोचन जयंती के लगातार किए जा रहे आयोजन के लिए परिक्षेत्रीय साहू संघ खुज्जी की प्रशंसा की।

कार्यक्रम में दयाल दास साहू, धनराज साहू, पुरुषोत्तम साहू, डुमेश्वर साहू, कौशल कुमार साहू, भुवन साहू, विदेशी राम साहू, गोकुल साहू, तोरनलाल साहू, डामनलाल साहू, वेदराम साहू, प्यारेलाल साहू, संजय साहू, भामन साहू, माहेश्वरी साहू, खुमान लाल, गोवर्धन साहू, मोहन साहू, मानसाय साहू, विमला साहू, घनश्याम साहू, सहित 26 गांव के समाजिकजन उपस्थित थे।

### 79वीं अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता आज से

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव शहर में आयोजित होने वाले 79वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ 8 फरवरी को दोपहर 1 बजे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम गौरवपथ राजनांदगांव में किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम धनेश पाटिला करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष जितेन्द्र उदय मुदलियार करेंगे। अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता 8 फरवरी से 16 फरवरी 2023 तक आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में देश की चुनिंदा 22 टीमें भाग ले रही हैं।

# घर लौट रहे बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने कुचला, क्षत-विक्षत स्थिति में मिला शव

- अं.चौकी-चिल्हाटी स्टेट हाईवे में बड़ा हादसा, मृतकों में पंचायत सचिव भी शामिल

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अंबागढ़ चौकी के ग्राम चिखली के तीन व्यक्तियों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा सोमवार की रात करीब 8.30 बजे अंबागढ़ चौकी-चिल्हाटी स्टेट हाईवे पर मुंजाल के पास हुआ। बताया गया कि किसी अज्ञात वाहन ने एक ही बाईक में सवार तीन व्यक्तियों को ठोकर मार दी। तीनों के ही शव क्षत-विक्षत स्थिति में बरामद हुए जिसके बाद उनकी शिनाख्त के लिए पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी। हादसे में चिखली निवासी महराज साय (60), रमेश श्रीवास्तव (59) और झुमुक लाल (51) की मौत हुई है। यह तीनों शाम को खेत के लिए फेंसिंग तार व दूसरे सामान खरीदी के लिए चौकी गए हुए थे। रात को लौटने के दौरान मुंजाल के पास पहुंची किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें चपेट में ले लिया। दुर्घटना में मौके पर ही तीनों ने दम तोड़ दिया था। शव को सड़क पर पड़ा देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद 112 की टीम मौके पर पहुंची। देर रात शवों को मचुरी में रखवाया गया। इस बीच परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। मंगलवार को पीएम के बाद सभी के शव सौंप दिए गए। इधर, इन मौतों के बाद ग्राम चिखली में मातम छा गया। बताया गया कि यहां मंगलवार से ही पांच दिवसीय चंडी महायज्ञ का शुभारंभ होना था। लेकिन इन मौतों के बाद इसे स्थगित कर दिया गया। ग्रामीण मृतकों की शवयात्रा में शामिल हुए। मृतकों में से रमेश पंचायत सचिव के पद पर पदस्थ थे। वे फिलहाल डोंगरगांव ब्लॉक के कनेरी-मनेरी ग्राम पंचायत में कार्यरत थे। इस घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन की पता साजी पुलिस कर रही है।

# मोदी के संरक्षण में देश को लूट रहे अडाणी आम लोगों के पैसे में डाला डाका : मधुबाला

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिला शहर महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव मधुबाला श्रीवास्तव ने केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्टी जारी करते हुए कहा कि हिंडनबर्ग के खुलासे ने साबित कर दिया है अडाणी ग्रुप देश के लोगों को लूट रही है। आम लोगों की पूंजी पर अडाणी ने डाका डाला है। आज एलआईसी और एसबीआई बड़े नुकसान की ओर है। यह सब केंद्र सरकार के संरक्षण में हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संरक्षण का अडाणी को मिला हुआ है, जिसके चलते अडाणी लगातार देश की संपत्ति को लूटने में लगे हुए हैं। मधुबाला श्रीवास्तव ने सीधे तौर पे आरोप लगाते हुए कहा कि इसका सीधा नुकसान देश के आम लोगों को हो रहा है। मंहगाई इस कदर बढ़ रही है कि आम गृहिणी को घर चलाने में खासी दिक्क्तों का सामना करना पड़ रहा है। मधुबाला ने कहा कि वर्ष 2014 में गौतम अडाणी दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 609 नंबर पर थे, लेकिन वो जल्द ही दूसरे नंबर पर आ गए। यह मोदी सरकार के संरक्षण का ही जादू है। केंद्रीय बजट में भी अडाणी की कंपनियों व कारोबार को राहत देने के लिए बड़े छूट का प्रावधान किया गया है। अब तक सामने आई स्थिति स्पष्ट कर रही है कि मोदी व अडाणी में बड़ी सांठगांठ हैं। मधुबाला श्रीवास्तव ने कहा कि दोनों मिलकर देश को गर्त में डकेलने का प्रयास कर रहे हैं। मोदी सरकार देश विकास के दावे तो बड़ी -बडी कर रही है। लेकिन मूल रुप से सिर्फ अडाणी को फायदा पहुंचाने के लिए काम कर रही है। लेकिन आम लोग अब इस सच्चाई को समझ चुके हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता कांग्रेस के साथ होगी और मोदी सरकार को उखाड़ फेंकेगी।

## निधन

### धनराज सोनी

**राजनांदगांव।** स्वर्णकार समाज के संरक्षक तथा जिला सराफा संघ के वरिष्ठ सदस्या ठेठवार पारा निवासी धनराज सोनी जी का स्वर्गवास आज दिनांक 6 फरवरी को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार लखोली स्थित मुक्ति धाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में नगर के गणमान्य नागरिक एंव समाज के सदस्य शामिल हुए।

### ताम्रध्वज साहू

ग्राम कोटराभांठा सुरगी निवासी ताम्रध्वज साहू का 6 फरवरी को स्वर्गवास हो गया है। उनकी पत्नी ठगिया बाई एवं पुत्र गिरधरी साहू है। साहू धार्मिक एंव सामाजिक कार्य में रूचि रखते थे। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्ति धाम में किया गया। जिसमें शोकाकुल परिवार एवं ग्रामीण जन शामिल हुए। यहां मौन धारण कर मृतआत्मा की शांति के लिए प्राथर्ना की गई।

### पत्रकार राकेश यादव

जिले के वरिष्ठ पत्रकार राकेश यादव अब हमारे बीच नहीं रहे। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे दो दशक से ज्यादा पत्रकारिता में सक्रिय थे। अमृत संदेश, नई दुनिया, नवभारत जैसे अखबारों में उन्होंने अपनी सेवाएं दी।

## डोंगरगांव में शासकीय भूमि की खरीद फरोख्त

# शासकीय जमीन को हड़पने का खेल, नगर पंचायत के एनओसी से मचा हड़कंप

राजा राणा < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





अनुभाग मुख्यालय डोंगरगांव नगर में शासकीय जमीन को हड़पने पुनः कुत्सित प्रयास प्रारंभ हो गया है। इस बार जमीन को हड़पने राज्यशासन के नियमितीकरण नियम का हवाला देकर शासकीय भूमि को अतिक्रमण व कब्जा बताकर क्रय करके हड़पने की तैयारी की खबर है। आलम ये है कि संबंधित भूखंड, खसरा व रकबे से संबंधित वार्ड अथवा इकाई के जानकारी बगैर नगर पंचायत द्वारा एनओसी जारी कर देने से हायतौबा मच गया।

उल्लेखनीय है कि विगत माह 24 जनवरी 2023 को अनुभाग कार्यालय डोंगरगांव की ओर से दीपेश जैन पिता हरिश्चंद जैन, निवासी डोंगरगांव द्वारा शासकीय भूमि खसरा नं 66, 285/2 व 365/2/1 स्थित रिक्त भूमि के भूमि स्वामी हक के लिए शासन के हालिया नियम मुताबिक क्रय करने आवेदन पर विभिन्न विभागों से एनओसी व अभिमत मांगा गया है। उक्त दावा आपत्ति हेतु 9 फरवरी तक समयावधि है। दरअसल आवेदक द्वारा राज्य शासन के हालिया नियमों का हवाला दिया गया है, जिसमें अतिक्रमित या कब्जा वाली शासकीय जमीन को एक निर्धारित राशि व ड्यूटी शुल्क सहित इकाईयों के एनओसी उपरांत नियमितीकरण करके क्रय किया जा सकेगा।

**एनओसी से सजग हुए जनप्रतिनिधि** - दरअसल इस खरीद फरोख्त के कथित खेल में शामिल कतिपय कर्मचारियों व जमीन दलालों द्वारा अतिक्रमण या कब्जा को लेकर प्रचलिय नियमों के विपरीत जाकर सेटिंग कर हड़पने का प्रयास नजर आने लगा है। क्योकि उपरोक्त खसरे की भूमि कभी आवेदक के कब्जे में नही होने के दावे किए जा रहे हैं। हालांकि एक खसरे के विभक्त रकबे से सफाई हेतु मलबे हटाये जाने की अपुष्ट बातें कही जा रही है। इसके बावजूद संबंधित वार्डों के जनप्रतिनिधियों के सहमति बगैर तीनों खसरे में एनओसी से नगर में हड़कंप मच गया है। हालांकि कुछ पार्षदों के विरोधी स्वर के उपरांत एनओसी दूसरे दिन निरस्त किया गया।

**जनपद से नहीं मांगा अभिमत :** शासकीय जमीन क्रय करने आवेदन उपरांत राजस्व विभाग द्वारा विभिन्न विभागों से अभिमत मांगे गए हैं, लेकिन जनपद पंचायत के कब्जे में स्थित जमीन होने के बाद भी जनपद से अभिमत नही मांगा गया है। वहीं मटियावार्ड के भूखंड में होने के बाद भी वार्ड, इकाई अथवा पार्षद से अभिमत नही लिए जा रहे हैं। हालांकि उपयोगी भूमि के रक्षार्थ जनपद द्वारा कदम उठाए जाने के आसार हैं।

**मेनरोड किनारे भूमि में गिद्ध नजरें :** नगर में स्टेटहाइवे किनारे खसरा 66, 365/2/1 एवं 285/2 सहित अनेक रिक्त व उपयोगी शासकीय भूमि स्थित है। इन पर राज्यशासन के हालिया नियमितीकरण नियम से जमीन दलालों सहित कतिपय अधिकारियों व कर्मचारियों की बल्ले बल्ले हो गई है। सूत्रों की माने तो हल्का नम्बर 23 डोंगरगांव मटियावार्ड भूखंड व सेवताटोला भूखंड पर सैकड़ों प्लाटिंग के बाद बचे जमीनों में भी दलाओं की गिद्ध नजरें हैं।

राजस्व अधिनियम की अर्हता पूर्ण किये बगैर आवेदक को भूमि स्वामी हक संभव नही है।
-सुनील नायक, एसडीएम

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

// उद्घोषणा //

प्र.क्रं. 202301091000077 अ-20(1) वर्ष 2022-23

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक तुलाराम साहू आ. स्व. रामलाल साहू, निवासी ग्राम हालेकोसा, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा इस आशय हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि नगर पंचायत छुरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छुरिया स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 470/1 रकबा 1.167 हेक्टेयर में से 3929 वर्गफीट को मकान बनाकर अतिक्रमण किया गया है। आवेदक द्वारा उक्त अतिक्रमित भूमि का वर्तमान में छ.ग. शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार व्यवस्थापन कर अतिक्रमित भूमि का भूमि स्वामी हक किये जाने के सन्दर्भ में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में यदि किसी हितबद्ध पक्षकार अथवा व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति/दावा इस न्यायालय में सुनवाई तिथि 09.02.2023 को प्रातः 11.00 बजे तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के द्वारा उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा तथा प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 24.01.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर अंकित कर जारी किया गया।

**जारी दिनांक - 24.01.2023**
**पेशी दिनांक - 09.02.2023**

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी(रा.)
डोंगरगांव
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

# बिलासपुर से आकाश बायजू के ध्रुव संजय जैन ने छत्तीसगढ़ में टॉप किया, जेईई मेन्स 2023 के पहले सत्र में 100 परसेंटाइल हासिल किया

## 3 और छात्रों ने 99 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किये हैं

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर के आकाश बायजू'स के छात्र ध्रुव संजय जैन ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन 2023 के पहले सत्र में कुल 100 पर्सेंटाइल हासिल कर प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में छत्तीसगढ़ राज्य में टॉप किया है। परिणाम आज पहले नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित किए गए थे। इस साल होने वाली इंजीनियरिंग की दो संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं में से यह पहली परीक्षा थी।

ध्रुव संजय जैन के पिता अपोलो अस्पताल बिलासपुर में कार्डियोलाजिस्ट हैं। ध्रुव के अलावा, आकाश बायजूस, बिलासपुर के 3 और छात्रों ने 99 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। वे शिवांशु कुमार हैं जिन्होंने 99.99 स्कोर किया; अमृतांशु सिंह ने 99.91 और जान्हवी साहू ने 99.19 अंक हासिल किए। दुनिया की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षा मानी जाने वाली आई आई टी ,जे ई ई को क्रैक करने के लिए ध्रुव 2019 में चार साल



के क्लासरूम प्रोग्राम में आकाश बायजूस में शामिल हुए। उन्होंने जेईई में टॉप पर्सेंटाइल की एलीट सूची में अपने प्रवेश का श्रेय और कॉन्सेप्ट्स को समझने के लिए सख्ती के पालन किया मैं आभारी हूं कि आकाश बायजू ने दोनों में मेरी मदद की। अन्यथा मैं बहुत कम समय में विभिन्न विषयों में कई अवधारणाओं को नहीं समझ पाता। आकाश बायजूस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक माहेश्वरी ने ध्रुव को बधाई देते हुए कहा, ''हम ध्रुव को उसके अनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। देश भर से जेईई मेन 2023 के पहले सत्र के लिए 8.6 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया। शीर्ष पर्सेंटाइल स्कोरर के रूप में उनकी उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के बारे में बताती है। हम उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं। जेईई (मेन) छात्रों को अपने स्कोर में सुधार करने के लिए कई अवसर देने के लिए दो सत्रों में आयोजित किया जाता है। जबकि जेईई एडवांस केवल भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश के लिए है, जेईई मेन भारत में कई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) और अन्य केंद्र-सहायता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए है। जेईई एडवांस में बैठने के लिए छात्रों को जेईई मेन में शामिल होना होगा। आकाश बायजू हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों के लिए कई कोर्स फॉर्मेट में आईआईटी-जेईई कोचिंग प्रदान करता है। हाल के दिनों में, आकाश ने कंप्यूटर आधारित प्रशिक्षण विकसित करने पर अपना ध्यान बढ़ाया है। इसका रिकॉर्डेड वीडियो लेक्चर प्रदान करता है। मॉक टेस्ट वास्तविक परीक्षा परिदृश्य का अनुकरण करते हैं, इस प्रकार छात्रों को परीक्षा का सामना करने के लिए आवश्यक परिचितता और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं।

# महापौर यादव ने 50 हितग्राहियों को बांटे पेंशन कार्ड

- वार्डों में बचे हुए हितग्राहियों का सर्वे कराकर लाभ दिलाने की जिम्मेदारी पार्षदों को सौंपी

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com



महापौर रामशरण यादव व बिल्हा के छाया विधायक और मंडी अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला ने मंगलवार को जोन क्रमांक 2 तिफरा स्थित कार्यालय में 50 हितग्राहियों को विभिन्न पेंशन योजना के कार्ड का वितरण किया और हितग्राहियों को पेंशन की राशि का सदुपयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मेयर यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गरीबों के राशन, पेंशन से लेकर घर का सपना भी पूरा कर रहे हैं। गांवों व जमीन से जुड़े होने के कारण सीएम बघेल हर वर्ग की परेशानी, दुख-तकलीफों से वाकिफ हैं। इसलिए ही उन्होंने भूमिहीन परिवारों को राजीव गांधी आश्रम योजना के तहत रियायती दर पर कब्जे वाली आबादी भूमि का पट्टा बंटवा रहे हैं। जमीन का मालिकाना हक मिलते ही ऐसे परिवारों को मोर जमीन, मोर आवास योजना के तहत घर बनाने के लिए सब्सिडी पर रकम दी जा रही है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित पार्षदों से आह्वान करते हुए कहा कि राज्य शासन की योजनाओं को हर घर और परिवार तक पहुंचाने की जिम्मेदारी आप लोगों की है, क्योंकि जनता ने आप लोगों को चुनकर परिषद में भेजा है। इसलिए आपका दायित्व बनता है कि छूटे हुए हितग्राहियों का सर्वे कराकर पेंशन समेत अन्य योजनाओं में उनका नाम जुड़वाएं। कार्यक्रम को छाया विधायक शुक्ला व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य राजेश शुक्ला, पुष्पेंद्र साहू, पार्षद सूरज मरकाम, श्याम लाल बंजारे, गायत्री साहू, अनिता श्याम कार्तिक वर्मा, रामप्रकाश साहू, एल्डरमैन सुधा गोपाल, संजय सिंह, जोन कमिश्नर प्रवेश कश्यप, समाज कल्याण अधिकारी रेणुका पिगले आदि मौजूद रहे।

## जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन के लिए 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत बगीचा विकासखण्ड के ग्राम कुटमा निवासी स्व. मंगरू राम की तालाब में डूबने से 27 अगस्त 2022 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पुत्री केंहटी बाई के पुत्र देवधर, जलधर हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक, नगरीय क्षेत्रों में गंभीरता से राजस्व वसूली कराने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर एसडीएम व तहसील कोर्ट में लंबित राजस्व प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने हेतु सभी प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मित्तल ने सभी एसडीएम को नगरीय निकाय सीएमओ के साथ प्रभावी योजना तैयार कर नगरीय क्षेत्रों में कड़ाई से राजस्व वसूली कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने नारंगी वनभूमि में अधिक से अधिक कार्य स्वीकृत कर काम प्रारंभ कराने की बात कही। साथ ही वन अधिकार की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित कर प्राप्त आवेदनों का समिति से अनुमोदन कराने के लिए कहा। कलेक्टर ने विवादित-अविवादित राजस्व प्रकरण, नजूल भूमि का आबंटन, अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन, वन अधिकार पट्टा, लोक सेवा गारंटी, अभिलेख शुद्धता, नक्शा अद्यतन कार्य, भू अर्जन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इस हेतु उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को अपने कोर्ट में नियमित प्रकरणों की सुनवाई करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण अनावश्यक समय-सीमा से बाहर न हो सभी अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने हेतु आगामी शनिवार को पटवारियों की अभिलेख शुद्धता व नक्शा अद्यतन की प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन, नजूल शासकीय भूमि का आबंटन के आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए पात्र लोगों को योजना का लाभ दिलाने की बात कही।

# मयाली नेचर पार्क में आयोजित होने वाले चाइम्स युवा महोत्सव की तैयारी का संसदीय सचिव एवं कलेक्टर ने किया निरीक्षण

## तैयारियों को लेकर पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले के कुनकुरी विकासखण्ड के मयाली नेचर पार्क में आगामी 12 फरवरी से 14 फरवरी तक होने वाले चाइम्स युवा महोत्सव की तैयारी को लेकर संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन एवं विधायक कुनकुरी यू डी मिंज एवं कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने विगत दिवस आयोजन स्थल का निरीक्षण किया तथा तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डी. रविशंकर, सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव, वनमंडलाधिकारी जितेंद्र उपाध्याय, एसडीएम कुनकुरी अजय किशोर



लकड़ा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। संसदीय सचिव मिंज, कलेक्टर डॉ रवि मित्तल सहित सभी अधिकारियों ने महोत्सव की तैयारी हेतु मुख्य मंच, सड़क और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। महोत्सव में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान महोत्सव में होने वाले सांस्कृतिक प्रोग्राम किसान मेला, प्रदर्शनी, क्राफ्ट, खेलकूद एवं अन्य कार्यक्रमो की व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर उपलब्ध कराने की बात कही। महोत्सव में फ्लेगशिप योजनाओं सहित विभिन्न विभाग से संबंधित स्टॉल लगाए जाने हेतु आवश्यक स्थल चिन्हाकन कर एवं सूची तैयार करने के लिए कहा। स्टॉल में विभागीय उपलब्धियां एवं नई योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित होगी। इस दौरान संसदीय सचिव मिंज एवं अधिकारियों ने हेलीपैड निर्माण हेतु चिन्हाकित स्थल का अवलोकन कर स्थल पर पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा।

# कलेक्टर ने प्रचार वाहनों को दिखाई हरी झंडी



पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर सौरभ कुमार ने यहां जिला कार्यालय परिसर से सरस मेला के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए तीन प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाई। ये वाहन नगर निगम के विभिन्न वार्डों और ग्रामीण इलाकों में सरस मेला के संबंध में आमजनता में प्रचार-प्रसार करेंगे। यह मेला बिलासपुर के व्यापार विहार मैदान में 13 फरवरी से 23 फरवरी तक लगेगा। इस मेले में छत्तीसगढ़ एवं देश के विभिन्न राज्यों के स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन एवम् विक्रय किया जायेगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से इस राष्ट्रीय स्तर के मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जयश्री जैन, समाजसेवी कुंज बिहारी सोनथलिया सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम जनता की समस्याएं ग्राम कर्रा में स्कूल मरम्मत करवाने ग्रामीणों ने की मांग

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर सौरभकुमार ने यहां जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने तत्काल हो सकने वाले कुछ कामों का जहां जनदर्शन में ही समाधान कर दिया वहीं जांच एवं परीक्षण की जरूरत वाले कुछ गंभीर किस्म के मामलों को टीएल में पंजीकृत करते हुए निराकरण के लिए अधिकारियों को समय-सीमा दी। जनदर्शन में आज कलेक्टर ने 150 से ज्यादा मामलों की सुनवाई की। उन्होंने जरूरतमंद लोगों को मौके पर ही राशनकार्ड बनवाकर दिये, जिससे सभी ने खुश होकर त्वरित सुनवाई के लिए कलेक्टर को धन्यवाद दिया। कलेक्टर सौरभकुमार ने शहर सहित दूर-दराज से आये ग्रामीणों और किसानों से एक-एक कर मुलाकात कर बड़ी इत्मीनान से उनकी समस्याएं सुनी। जनदर्शन में पहुंचे कोटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत नवागावं कर्रा के सरपंच सहित अन्य ग्रामीणों ने स्कूल मरम्मत के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने मामले को टीएल में रखते हुए इस पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत को दिए। ग्राम निरतू के केदार पटेल सहित अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अवैध कब्जा हटाने की मांग की। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में शासकीय जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। कलेक्टर ने एसडीएम को मामले की जांच के निर्देश दिए। तिफरा के मनोज मानिकपुरी ने आरबीसी-64 के तहत आर्थिक सहायता राशि दिलाने की मांग की। जनदर्शन में आए ग्राम पंचायत बुंदेला के सरपंच सहित ग्रामीणों ने शासकीय प्राथमिक शाला खोलीपारा में शिक्षक की नियुक्ति के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में स्कूल में केवल एक ही सहायक शिक्षक है, जिससे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस मामले को जिला शिक्षा अधिकारी देखेंगे। मस्तूरी तहसील के ग्राम कर्रा निवासी हसराम पटेल ने अपने आवेदन के माध्यम से एनटीपीसी सीपत द्वारा उनकी अधिकृत भूमि के लिए मुआवजा एवं क्षतिपूर्ति दिलाने की बात रखी। कलेक्टर से इस संबंध में एसडीएम मस्तूरी को इस संबंध में जांच कर कार्यवाही करने कहा। कोटा ब्लॉक के केन्दा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य ने स्कूल परिसर से स्थानीय ग्रामीणों द्वारा किये जा रहे बेजा कब्जा को हटाने एवं सीमांकन किये जाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने मामले को एसडीएम बिलासपुर को सौंपा। ग्राम पंचायत पोड़ी की राधाबाई ने स्वरोजगार व्यवसाय के लिए लोन राशि स्वीकृत होने के बाद भी बैंक द्वारा लोन नहीं दिए जाने की शिकायत की। कोटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत जाली की सरपंच ईतवारा बाई मरावी द्वारा नवीन पंचायत भवन निर्माण की स्वीकृति के लिए आवेदन दिया गया। कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत को आवश्यक कार्यवाही करने कहा।

# 9 और 10 फरवरी को ट्रेन में सफर करने वाले रखें ध्यान, कई ट्रेनें रद्द,देर से होगी रवाना

- रायपुर-उरकुरा के बीच रोड अंडर ब्रिज एवं रायपुर-सरोना के बीच रोड ओवर ब्रिज का कार्य,कई ट्रेनें बीच में रोकी जायेगी तो कई बदले हुए रूट से चलेंगी

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मण्डल के रायपुर-उरकुरा के बीच दोहराकरण रेलवे पर रोड अंडर ब्रिज नंबर 380, किलोमीटर 829/9-11 पर स्थित का निर्माण कार्य दिनांक 09 एवं 10 फरवरी, 2023 को रात्री 21.00 बजे से सुबह 05.50 बजे तक किया जा रहा है। रायपुर-उरकुरा के बीच रोड अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य के लिए 07.50 घंटे का ब्लॉक लेकर निर्माण का कार्य किया जायेगा। इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों को पुर्ननिर्धारित समय पर विलंब से रवाना की जाएगी। रद्द होने वाली गाडिया 09 फरवरी, को बिलासपुर से चलने वाली 08727 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 09 फरवरी, को दुर्ग से चलने वाली 08718 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 09 फरवरी, को रायपुर से चलने वाली 08725 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।09 फरवरी, 2023 को दुर्ग से चलने वाली 08726 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 10 फरवरी, को रायपुर से चलने वाली 08701 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 0 फरवरी, को दुर्ग से चलने वाली 08702 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 09 फरवरी, को टिटलागढ़ से चलने वाली 08277 टिटलागढ़-रायपुर पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 10 फरवरी, को रायपुर से चलने वाली 08278 रायपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

**देरी से रवाना होने वाली गाडियां:** 09 फरवरी, को हावड़ा से चलने वाली 12860 हावड़ा-मुंबई गीतांजली एक्सप्रेस 04 घंटे देरी से रवाना होगी। 09 फरवरी, को हावड़ा से चलने वाली 22894 हावड़ा-साईसीडी एक्सप्रेस 04 घंटे देरी से रवाना होगी। 09 फरवरी, को शालीमार से चलने वाली 18030 शालीमार-कुर्ला एक्सप्रेस 02 घंटे देरी से रवाना होगी। 09 फरवरी, को विशाखापटनम से चलने वाली 18530 विशाखापटनम-दुर्ग एक्सप्रेस 02 घंटे देरी से रवाना होगी। 09 फरवरी, को छपरा से चलने वाली 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस 02 घंटे देरी से रवाना होगी। 10 फरवरी, को रायगढ़ से चलने वाली 12409 रायगढ़-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस 01 घंटे देरी से रवाना होगी। 09 फरवरी, को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 12808 निज़ामुद्दीन-विशाखापटनम एक्सप्रेस 02 घंटे देरी से रवाना होगी। 09 फरवरी, को मुंबई से चलने वाली 12859 मुंबई-हावड़ा गीतांजली एक्सप्रेस 06 घंटे देरी से रवाना होगी। 09 फरवरी, को अहमदाबाद से चलने वाली 12833 अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस 06 घंटे देरी से रवाना होगी। 09 फरवरी, को हटिया से चलने वाली 08185 हटिया-दुर्ग स्पेशल 01 घंटे देरी से रवाना होगी।

**बीच में समाप्त होने वाली गाडियां-** 08 फरवरी, को अम्बिकापुर से चलने वाली 18242 अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस को उसलापुर स्टेशन समाप्त होगी एवं उसलापुर -दुर्ग के बीच रद्द रहेगी। 09 फरवरी, को दुर्ग से चलने वाली 18241 दुर्ग-अम्बिकापुर एक्सप्रेस को दुर्ग के स्थान पर यह गाड़ी उसलापुर स्टेशन से ही अम्बिकापुर के लिए रवाना होगी। 10 फरवरी, को डोंगरगढ़ से चलने वाली 08710 डोंगरगढ़-रायपुर एक्सप्रेस को दुर्ग स्टेशन समाप्त होगी एवं रायपुर-दुर्ग के बीच रद्द रहेगी। 08 फरवरी, को छापरा से चलने वाली 15159 छपरा-दुर्ग एक्सप्रेस को बिलासपुर स्टेशन समाप्त होगी एवं बिलासपुर -दुर्ग के बीच रद्द रहेगी। 09 फरवरी, को दुर्ग से चलने वाली 15160 दुर्ग-छपरा एक्सप्रेस को दुर्ग के स्थान पर यह गाड़ी बिलासपुर स्टेशन से ही छपरा के लिए रवाना होगी एवं बिलासपुर-दुर्ग के बीच रद्द रहेगी। 09 फरवरी, को विशाखापटनम से चलने वाली 08528 विशाखापटनम-रायपुर स्पेशल को अरंग महानदी स्टेशन समाप्त होगी एवं अरंग महानदी-रायपुर के बीच रद्द रहेगी। 10 फरवरी, को रायपुर से चलने वाली 08527 रायपुर-विशाखापटनम स्पेशल को रायपुर के स्थान पर इस गाड़ी को अरंग महानदी स्टेशन से रवाना की जाएगी अरंग महानदी-रायपुर के बीच रद्द रहेगी।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियां:-** 09 फरवरी, को गोंदिया से चलने वाली 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नौनपुर ङ्कजबलपुर-कटनी होकर चलेगी। 09 फरवरी, को टाटानगर से चलने वाली 18109 टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग उरकुरा -सरोना होकर चलेगी। उरकुरा स्टेशन में दो मिनिट का ठहराव रहेग। 10 फरवरी, को इतवारी से चलने वाली 18110 इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग उरकुरा-सरोना होकर चलेगी। उरकुरा स्टेशन में दो मिनिट का ठहराव रहेगा। 09 फरवरी, को गेवरा रोड से चलने वाली 18239 गेवरा रोड-इतवारी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग उरकुरा सरोना होकर चलेगी। उरकुरा स्टेशन में दो मिनिट का ठहराव रहेगा। 09 फरवरी, को इतवारी से चलने वाली 18240 इतवारी-गेवरा रोड एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग उरकुरा-सरोना होकर चलेगी। उरकुरा स्टेशन में दो मिनिट का ठहराव रहेगा।

## कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेकर की योजनाओं की समीक्षा

# अवैध निर्माण कार्यों के नियमितीकरण से 1.86 करोड़ की राजस्व वसूली

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय क्षेत्रों में अनियमित विकास के नियमितीकरण से जिले में 1 करोड़ 86 लाख रूपये की राजस्व प्राप्त हुई है। कलेक्टर सौरभकुमार की अध्यक्षता में आयोजित टीएल की बैठक में यह जानकारी दी गई। कलेक्टर ने अभियान चलाकर इस योजना के दायरे में और अधिक लोगों को लाने को कहा है।

बिना मंजूरी के किये गये अवैध निर्माण कार्यों को नियमित करने की राज्य सरकार की यह अच्छी जनहितैषी योजना है। नियमित हो जाने के उपरांत राज्य सरकार का कोई भी विभाग भवन मालिकों को नोटिस अथवा अन्य किसी तरह से परेशान नहीं कर पाएंगे। कलेक्टर ने टीएल बैठक में आज राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं में



प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर सौरभकुमार ने कहा कि बिलासपुर में अगले सप्ताह 13 से 23 फरवरी तक राष्ट्रीय स्तर का सरस मेला होने वाला है। इसमें प्रदेश के सिभी जिलों के अलावा विभिन्न राज्यों से महिला स्व सहायता समूह अपने उत्पाद का विक्रय एवं प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने मेले की सफलता के लिए सौंपे गये जिम्मेदारियों का संजीदगी के साथ निर्वहन करने को कहा है। कलेक्टर ने कहा कि राजीव गांधी भूमिहीन श्रमिक योजना के लाभ से अभी भी पात्र हितग्राही छूटे हुए हैं। सभी से सम्पर्क कर उनसे आवेदन लिया जाये। जिले में 37 हजार लोगों को इस योजना के अंतर्गत प्रति वर्ष 7 हजार रूपये की अनुदान राशि मिलती है। अधिकारियों ने बताया कि इस माह की 20 तारीख तक गोठानों से गोबर पेण्ट का निर्माण शुरू हो जायेगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत ज्यादा लोगों को काम दिया जाये। फिलहाल 65 हजार श्रमिक प्रतिदिन काम में लगे हैं। जरूरत पड़ी तो और नये काम स्वीकृत किये जाएंगे। कलेक्टर ने अमृत सरोवरों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजीव युवा मितान क्लब की गतिविधियों की भी समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयश्री जैन, डीएफओ कुमार निशांत, नगर निगम आयुक्त कुणाल दुदावत सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# 15 प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर किया सम्मानित



पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जेईई मेन्स परीक्षा 2023 के प्रथम सत्र के जारी परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण होने वाले प्रयास आवासीय विद्यालय के 15 प्रतिभावान छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए जेईई एडवांस की परीक्षा की बेहतर तैयारी करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस हेतु उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को विशेष रणनीति तैयार कर पढ़ाई करने की समझाइश दी। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों को बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर व प्रभारी सहायक आयुक्त लविना पांडेय, प्राचार्य प्रयास विद्यालय सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ की खेल अकादमियों ने रचे सफलता के कीर्तिमान

## कोविड की चुनौतियों के बावजूद चार सालों में राज्य में खुली कई खेल अकादमियां

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ में खेल गतिविधियों के विकास एवं खेल प्रतिभाओं के तराशने के लिए राज्य शासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों के अंतर्गत विगत चार वर्षों के दौरान स्थापित विभिन्न खेल अकादमियों ने सफलता के नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इस दरम्यान आए कोरोना संकट के बावजूद राज्य में नयी खेल अकादमियों की स्थापना की तैयारियां एवं खेल-गतिविधियां निरंतर चलती रही हैं। चार साल पहले जब राज्य में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में नयी सरकार बनी तब खेल-कूद के क्षेत्र में अपनी प्राथमिकताएं तय करने हुए शासन ने राज्य में खेल संस्कृति को पुनर्जीवित करते हुए आगे बढ़ाने का संकल्प लिया था। मुख्यमंत्री ने इसके लिए सभी तरह की विश्वस्तरीय अधोसंरचना के निर्माण का वादा किया था। कोरोना संकट गहराने के ठीक पहले वर्ष 2019 के बाद रायपुर में गैर आवासीय फुटबॉल बालिका अकादमी और संकट छंटने के बाद 2021 में गैर आवासीय एथलेटिक अकादमी प्रारंभ कर दी गई। वर्ष 2022 में बिलासपुर आवासीय अकादमी/एक्सिलेंस सेंटर तथा रायपुर की तीरंदाजी आवासीय अकादमी का संचालन शुरू कर दिया गया। वर्ष 2019 के बाद बिलासपुर में तीरंदाजी, हॉकी, एथलेटिक की आवासीय अकादमी/एक्सिलेंस सेंटर, 2021 में शिवतराई बिलासपुर में तीरंदाजी उपकेन्द्र, 2022 में बालिका कबड्डी अकादमी बिलासपुर एवं रायपुर में आवासीय तीरंदाजी अकादमी, गैरआवासीय फुटबॉल (बालिका) एवं गैर आवासीय एथलेटिक अकादमी प्रारंभ हुई। वर्ष 2019 के पूर्व राज्य में केवल 02 गैरआवासीय अकादमी हॉकी एवं तीरंदाजी की स्वीकृति थी परंतु इनका अकादमी के रूप में संचालन न होकर केवल नियमित प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में हो रहा था। गैर आवासीय हॉकी एवं तीरंदाजी अकादमी रायपुर के लिए वर्ष 2020 में निर्धारित चयन ट्रायल की प्रक्रिया पूरी कर नियमित रूप से अकादमी संचालन प्रारंभ हुआ।



**अकादमी के खिलाड़ियों ने जीते कई पदक**

वर्ष 2021 में शिवतराई तीरंदाजी उपकेन्द्र शुरू होने के बाद इस केन्द्र से कुबेर सिंह, विकास कुमार, संदीप, हेमंत, देवेन्द्र कुमार, पायल मरावी, तुलेश्वरी, आकाश राज, अजय कुमार का चयन विभिन्न नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए राज्य के दल हुआ। इन खिलाड़ियों ने पदक भी हासिल किए। उपकेन्द्र की उपलब्धियों के कारण साई द्वारा इसे खेलो इंडिया सेंटर के रूप में मंजूरी भी दी गई। फुटबॉल गैरआवासीय बालिका की खिलाड़ी कु. किरन पिस्दा ने साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया तथा वे 2021 में भारतीय टीम के कैम्प के लिए चयनित भी हुईं। अकादमी की प्रियंका फुटान, भूमिका साहू, उर्वशी, संजना छूरा, नेहा वंशी, नीलिमा खाखा, देवंतिन, जागृति, ऋतु का चयन 19 वीं नेशन इनक्लुसन कप हेतु भी हुआ, जोकि नागपुर में आयोजित है। बिलासपुर आवासीय अकादमी/एक्सिलेंस सेंटर के हॉकी खिलाड़ी आदित्य कुमार ने भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित जूनियर वर्ग के इंडिया असेसमेंट कैंप बंगलुरू-2022 में भागीदारी की। पश्चिम बंगाला में जनवरी-2023 में आयोजित ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट में अकादमी की गीता यादव, संपदा, मम्तेश्वरी, दामिनी, जान्हवी, रूखमणी मधु सिदार ने चयनित होकर पदक अर्जित किया है। एथलेटिक खिलाड़ी अंकित अहलावत ने नेशनल जूनियर मीट प्रतियोगिता आंध्रप्रदेश में कांस्य पदक प्राप्त किया है। एथलेटिक खिलाड़ी अमित कुमार ने वेस्ट जोन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

### अच्छी खेल अधोसंरचनाओं के साथ अच्छे प्रशिक्षक भी

खिलाड़ियों की प्रतिभा को तराशने के अकादमियों में अच्छी खेल अधोसंरचनाओं के साथ-साथ अच्छे प्रशिक्षकों की तैनाती भी की गई है। बिलासपुर अकादमी/एक्सिलेंस सेंटर में वर्तमान में हाईपरफॉर्मेन्स मैनेजर, हेड कोच एथलेटिक, हेड कोच आरचरी, फिजियो, स्ट्रैन्थ कंडीशनिंग एक्सपर्ट, यंग प्रोफेशनल एवं विभागीय हॉकी के वरिष्ठ प्रशिक्षक (एन.आई.एस) एवं प्रशिक्षक पदस्थ हैं। रायपुर में फुटबॉल के लिए वरिष्ठ प्रशिक्षक (एन.आई.एस) एवं तीरंदाजी एवं एथलेटिक के लिए 01-01 प्रशिक्षक (एन.आई.एस) अपनी सेवा दे रहे हैं।

# भारतीय वन सेवा के अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ के नरवा विकास कार्य को जाना



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी देहरादून में मिड एण्ड कैरियर ट्रेनिंग ले रहे भारतीय वन सेवा के अधिकारी छत्तीसगढ़ पहुंचे और यहां नरवा विकास सहित वनोपज से महिला समूहों के जीवन में आ रहे बदलाव को जाना। प्रशिक्षण में भाग ले रहे 30-35 अधिकारियों ने नरवा के पाठशाला के तहत धमतरी वनमण्डल के दक्षिण सिंगपुर परिक्षेत्र में कैम्पा योजना के अंतर्गत पम्पार नाला में किए गए नरवा विकास कार्य को देखा। योजना के तहत ढाई किलोमीटर में पम्पार नाला में नरवा उपचार का काम किया गया है। इसके लिए 16 विभिन्न संरचनाओं का निर्माण कराया गया है। अधिकारियों ने दुगली परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुगली में स्वसहायता समूहों द्वारा लघु वनोपज से निर्मित विभिन्न उत्पादों के निर्माण एवं विक्रय की प्रक्रिया भी जानी। भ्रमण में मुख्य रूप से श्री व्ही. श्रीनिवास राव (भा.व.से.) मुख्य कार्यपालन अधिकारी (कैम्पा), श्री अमित कुमार सहायक प्राध्यापक इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी देहरादून, श्री मयंक पाण्डेय (भा.व.से.) वनमण्डलाधिकारी धमतरी, श्री एस. एस. नाविक उप वनमण्डलाधिकारी बिरगुड़ी एवं अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री को राईस मिलर्स एसोसिएशन के वार्षिक सम्मेलन में शामिल होने मिला आमंत्रण



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को एसोसिएशन के वार्षिक सम्मेलन एवँ सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री बघेल ने एसोसिएशन के सदस्यों को सम्मान एवँ आमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश रुंगटा, महासचिव प्रमोदअग्रवाल, कोषाध्यक्ष रोशन अग्रवाल एवं सदस्यगण उपस्थित थ।

# विशेष पिछड़ी पंडो जनजाति के घरों में हो रही शुद्ध पेयजल की आपूर्ति

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com







मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्रकुमार के निर्देशानुसार राज्य के संरक्षित विशेष पिछड़ी पंडो जनजाति के घरों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। कोरिया जिला के विकासखण्ड बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत उमझर का आश्रित गांव दुर्गापुर पंडो जनजाति बाहुल्य ग्राम है। जहां पर 47 पंडों जनजाति परिवार निवासरत् हैं। वनवासी जीवन शैली के परिचायक दुर्गापुर गांव में जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक परिवार को गुणवत्तायुक्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराना चुनौतीपूर्ण रहा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में दुर्गापुर के प्रत्येक परिवार को जल जीवन मिशन के माध्यम से कार्ययोजना बनाकर गुणवत्तापूर्ण शुद्ध पेजयल उपलब्ध होने से ग्रामवासियों के चेहरों पर खुशियां छलक रही है। विशेष पिछड़ी पंडो जनजाति के लोगों ने शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देकर अपना आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों को जागरूक करने महिलाओं को जल वाहिनी के रूप में प्रशिक्षण दिया जाता है। जल जीवन मिशन के तहत जल वाहिनी रामकुमारी सारथी ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत पीने के पानी की जांच की जाती है जिससे जल की गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त होती है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जल जीवन मिशन के माध्यम से दुर्गापुर के खालपारा और ईबलपारा में 35.78 लाख रुपये की लागत से 47 चिन्हित घरों में टेप नल से जल पहुंचाने कार्य किया जा रहा है।

# मां को उसके नाबालिग बच्चे से मिलाया आधी रात को महिला आयोग ने की सुनवाई

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ महिला आयोग की सि यता से एक मां को उसके बच्चे से मिला दिया। इस संवेदनशील प्रकरण में आपात परिस्थितियों में महिला आयोग ने आधी रात को सुनवाई की और नाबालिग बच्चे को आवेदिका मां को सौपने का निर्णय दिया। महिला आयोग के समक्ष प्रस्तुत प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि उसने विभिन्न न्यायालयों में बच्चे की कस्टडी पाने के लिए आवेदन किया, लेकिन बच्चे के पिता ने किसी भी न्यायालय में उपस्थिति नहीं दी और लगातार न्यायालयों की अवहेलना कर रहा था। जिस पर उच्च न्यायालय ने आवेदिका को पुनः प्रकरण लगाने का निर्देश दिया गया। इसलिए आवेदिका ने महिला आयोग में आवेदन प्रस्तुत किया। यहां भी उसके पति लगातार 2 सुनवाई में अनुपस्थित रहे। इसके बाद पुलिस अधीक्षक धमतरी के विशेष सहयोग से उसके पति और बच्चे को आयोग के समक्ष उपस्थित कराया गया। यहां बाल संरक्षण आयोग की उपस्थिति में 8 वर्षीय नाबालिग बच्चे की काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग में बच्चे के व्यवहार से पता चला कि उसके अंदर पिता ने आपराधिक भावनाएं भरी थी। इसके बाद नाबालिग बालक को बाल कल्याण समिति माना में भेजा गया था ताकि उसके मन-मस्तिष्क से नकारात्मक बातें समाप्त हो सके। अनावेदक पति ने बाल कल्याण समिति के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर पुनः अस्थायी अभिरक्षा प्राप्त कर लिया।

# आम आदमी का संवैधानिक अधिकार कब तक राजभवन में लंबित रहेगा : मरकाम

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि आम आदमी का संवैधानिक अधिकार कब तक राजभवन में लंबित रहेगा। आरक्षण मसले पर राजभवन अपने संवैधानिक अधिकारों की दुहाई देने के बजाय यह बतायें कि राज्य की विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित किये गये आरक्षण संशोधन विधेयक पर हस्ताक्षर क्यों नहीं कर रहा है? छत्तीसगढ़ के सर्वसमाज के हितों को लेकर बनाया गया विधेयक राजभवन की हठधर्मिता से कब तक लंबित रहेगा। राजभवन उच्च न्यायालय के द्वारा नोटिस पर अपने संवैधानिक अधिकारों की बात तो कर रहा है लेकिन उसे राज्य के युवाओं को बेरोजगारों को संवैधानिक अधिकार देने पर राजभवन अडंगा क्यों लगा रहा है? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि आरक्षण मामले पर भाजपा और राजभवन के सुर एक क्यों हो जाते है? आखिर आदिवासी समाज, अनुसूचित जाति तथा ओबीसी समाज के लोगों की संवैधानिक अधिकार देने पर भाजपा का षड़यंत्र राजभवन में फ्लीभूत क्यों हो जाता है? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा और संघ के राष्ट्रीय नेता तथा राज्य के नेता एक राय होकर सर्व समाज के आरक्षण को राजभवन में रोकवा कर रखे हुये है। आरक्षण बढ़ाने संबंधी विधेयक जब कर्नाटक

# महादेव एप्प को भाजपा और योगी सरकार का संरक्षण : शुक्ला



राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि महादेव एप्प बना कर संगठित आर्थिक अपराध सट्टा खिलाने का नेटवर्क पूरे देश में चलाया जा रहा था। छत्तीसगढ़ में महादेव एप्प के संचालन की जानकारी सामने आयी थी। इस प्रकार की गतिविधियों की जानकारी सामने आने के बाद महादेव एप्प में छत्तीसगड़ पुलिस लगातार कार्यवाही की जा रही है। बड़े पैमाने पर अपराधियों की छत्तीसगढ़ और देश भर में गिरफ्तारियां भी की गयी। इस गैर कानूनी गतिविधियों पर अंकुश लगाने की कार्यवाही की जा रही है। एकमात्र छत्तीसगढ़ पुलिस इस मामले में कार्यवाही कर रही है। अभी तक छत्तीसगढ़ पुलिस ने 98 आरोपियों पर कार्यवाही कर चुकी है। पुलिस अन्वेषण में पता चला कि महादेव एप्प संचालन का केंद्र बिन्दु उत्तर प्रदेश का नोएडा शहर है जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भी आता है। जब छत्तीसगढ़ पुलिस ने नोएडा में 9 सटोरियों को गिरफ्तार किया तब उत्तर प्रदेश पुलिस सहयोग करने के बजाय अपराधियों के बचाव में उतर आयी है। यूपी पुलिस ने कार्यवाही करने वाले पुलिस अधिकारियों पर धारा 365 के तहत अपहरण का अपराध दर्ज कर लिया।

# सरकारी वाहन के दुरूपयोग मामले में मिशन डायरेक्टर ने लिया संज्ञान, जांच करवा संविदा खत्म करने की कही बात

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com



पायनियर लगातार



साहेब के हे ठाठ: डीपीएम की सरकारी गाड़ी का काम बच्चे को ट्यूशन से लाना और पहुंचाना, सरकारी वाहन का जमकर दुरुपयोग

जिले के सेहत विभाग की कारगुजारी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार सुर्खियों में आने की वजह निजी उपयोग में लाई जा रही सरकारी है। आधिकारिक गाड़ी के दुरुपयोग को लेकर पायनियर में प्रमुखता से प्रकाशित समाचार के बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। गौरतलब हो कि सरकारी विभाग में वाहन सरकारी कार्यों को निपटाने और आमजन तक पहुंचने के लिए दिया जाता है। लेकिन अब इन वाहनों का ही अधिकारी दुरुपयोग करने में लगे हैं। मामला जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई बालोद का है। जहां पर्यवेक्षण भ्रमण के लिए किराए के वाहन रखे गए हैं। सरकारी धन से उपलब्ध होने वाले ये वाहन फ्लिहाल ठेके पर हैं। ऐसे में विभागीय अफसर इन सरकारी वाहनों से अपने निजी काम भी कर रहे हैं। किराए के इस वाहन से दौरा करने की बजाए, अधिकारी के द्वारा निजी उपयोग किया जा रहा है। विभाग में पदस्थ जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) अखिलेश शर्मा के बच्चे इस वाहन से ट्यूशन आते-जाते है।

**खबर से स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन में मचा हड़कंप**

मामले का खुलासा सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो से हुआ है। जिसमें जिला मुख्यालय के सदर रोड, गंगासागर तालाब मार्ग पर एनएचएम विभाग की स्कार्पियो कार में सीजी गवर्नमेंट आन ड्यूटी का लेबल चस्पा है। मगर उसमें ड्राइवर नहीं, बल्कि खुद डीपीएम अखिलेश शर्मा अपने बच्चे को घर से ट्यूशन और ट्यूशन से घर छोड़ते दिखाया गया है। खबर प्रकाशित होने के बाद से ही स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। खबर के बाद से ही अधिकारी तरह-तरह के बातें करने में लगे हैं। खास बात यह है कि मामले में कार्रवाई की बजाए सामने आई इस बड़ी भर्राशाही पर पर्दा डाला जा रहा है।

### अपनी निजी कार से कार्यालय पहुंचे डीपीएम

सूत्र बता रहे कि पदस्थापना के बाद से ही डीपीएम किराए के इस सरकारी वाहन का निजी इस्तेमाल कर रहे थे। पायनियर ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसके बाद अखिलेश शर्मा बदले बदले नजर आए। मंगलवार को अपने निजी कार से कार्यालय पहुंचे। खबर प्रकाशन से पहले सरकारी स्कार्पियो में घर से दफ्तर और दफ्तर से घर आना जाना करते थे। ऑफिस टाइम में उनकी निजी कार के अलावा सरकारी कार भी कार्यालय परिसर में खड़ी दिखाई दी।

**भ्रमण आख्या और विभागीय आडिट पर उठने लगे सवाल**

गौरतलब हो कि एनएचएम अधिकारी के क्षेत्र में भ्रमण हेतु टैक्सी परमिट वाहन की सुविधा प्रदान की गयी है। प्रत्येक माह वाहन के लागबुक की छायाप्रति और बिल प्रस्तुत करने के बाद फर्म को भुगतान किया जाता है। शासन द्वारा हर सरकारी भ्रमण को लेकर एक राशि दी जाती है जिसका ऑडिट किया जाता है, बिना ऑडिट के कोई भी राशि आवंटित नहीं होती। ऐसे में सरकारी धन और ईंधन के निजी इस्तेमाल के बाद भ्रमण को लेकर बनाए जाने वाली आख्या और विभागीय आडिट पर भी सवाल उठने लगे है।

> 'मामला गंभीर है, अगर ऐसा है तो मामले की जांच कर उनकी संविदा खत्म की जाएगी।'
>
> **भोपकर विकास संदीपन**, मिशन डायरेक्टर, एनएचएम




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403